RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 187
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 16 मई, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





चाबहार बंदरगाह से पूरे क्षेत्र को लाभ होगा
राष्ट्रीय-10


# इंडिया जीता तो बाहर से समर्थन: ममता

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता



हावड़ा में बुधवार को रोड शो के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

**मुख्यमंत्री** ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि यदि इंडिया गुट सत्ता में आया तो वे उसे वे बाहर से समर्थन देंगी। हुगली जिले के चिनसुराह में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा, मोदी सरकार के जाने के बाद हम इंडिया ब्लॉक को नेतृत्व प्रदान करेंगे और इसे बाहर से समर्थन देंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि बंगाल के लोग जिन्हें सौ दिन काम की मजदूरी का भुगतान नहीं किया है, उन्हें उनका अधिकार वापस दिलाया जाए। बनर्जी का दावा एक दिन बाद आया जब उन्होंने एक अन्य रैली में कहा कि पहले चार चरणों के मतदान ने स्पष्ट रूप से संकेत दिया है कि भाजपा के लिए मौसम बदल रहा है और इंडिया ब्लॉक 195 के मुकाबले 315 सीटें जीतेगा।

बनर्जी ने कहा, मोदी बाबू जा रहे हैं, दिल्ली में कोई मोदी नहीं होगा... और दीदी यह सुनिश्चित करेंगी कि इंडिया ब्लॉक केंद्र में सत्ता में आए। इंडिया ब्लॉक के लिए अपनी बाहरी समर्थन प्रतिज्ञा के बावजूद बनर्जी ने कहा कि इंडिया से उनका मतलब वामपंथियों और बंगाल की कांग्रेस से नहीं है। उन्होंने कहा, मेरा मतलब बंगाल के वामपंथियों और कांग्रेस से नहीं है जो भाजपा के एजेंट हैं और अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं... मैं उस कांग्रेस के बारे में बात कर रही हूं जो दिल्ली में है। माकपा के विकास रंजन भट्टाचार्य ने दावा करते हुए कहा कि दीदी चिंतित हैं, अगर इंडिया ब्लॉक सत्ता में आता है तो उनके लिए मुश्किल खड़ी हो जाएगी इसलिए वह राष्ट्रीय नेतृत्व और राज्य नेतृत्व को अलग करने की कोशिश कर रही हैं ।

बनर्जी ने दो महीने की अवधि में चुनाव निर्धारित करने के लिए निर्वाचन आयोग की आलोचना की और आरोप लगाया कि अत्यधिक गर्मी के कारण आम लोगों को होने वाली कठिनाइयों की अनदेखी करते हुए भाजपा के पक्ष में यह फैसला लिया। बनर्जी ने कहा, निर्वाचन आयोग एक कठपुतली है और मोदी के निर्देशों के अनुसार काम करता है। ढाई महीने से मतदान हो रहा है, क्या आपको (निर्वाचन अधिकारियों को) कभी आम लोगों की परेशानियों का एहसास हुआ है। हुगली से पार्टी की उम्मीदवार अभिनेत्री रचना बनर्जी के साथ मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी पर चुनाव के दौरान 70 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को दायरे में लाने के लिए आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करने की योजना की कथित रूप से घोषणा करके आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, अब जब चुनाव चल रहा है तो आप ऐसा क्यों कह रहे हैं? आपको इसकी घोषणा पहले करनी चाहिए थी... मोदी बाबू, आप आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। बनर्जी ने लोकसभा चुनाव में 400 सीट हासिल करने के भाजपा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, भाजपा 400 सीट जीतने का दावा कर रही है, लेकिन लोग कह रहे हैं कि इस बार ऐसा नहीं होगा। हम (तृणमूल कांग्रेस) केंद्र में सरकार बनाने के लिए इंडिया को बाहर से समर्थन देंगे। बनर्जी ने बंगाल में संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए), राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कार्यान्वयन के खिलाफ अपनी पार्टी के अडिग रुख की घोषणा की।

## एच-1बी वीजा धारक बर्खास्त भारतीयों कर्मियों को मिलेगा अतिरिक्त समय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कई भारतीयों** को संभावित राहत देते हुए, नौकरी से निकाले गए एच-1बी कर्मचारी अमेरिका में 60 दिनों से अधिक रह सकते हैं। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) का यह निर्देश अमेरिका में तकनीकी कंपनियों द्वारा की जा रही छँटनी के बीच आया है, जिसका असर भारतीयों सहित हजारों कर्मचारियों पर पड़ा है। यूएससीआईएस ने स्पष्ट किया कि बर्खास्त किए गए एच-1बी वीजा धारक 60 दिनों से अधिक समय तक अमेरिका में रह सकते हैं। एच-1बी वीजा धारकों को छूट अवधि के बाद अमेरिका में रहने के लिए यही करना होगा। नौकरी से निकाले गए एच-1बी कर्मचारी कानूनी तौर पर 60 दिनों से अधिक समय तक अमेरिका में रह सकते हैं। वे नए नियोक्ता के लिए आवेदन कर सकते हैं, वीज़ा स्थिति बदल सकते हैं या अपनी वीज़ा स्थिति समायोजित कर सकते हैं। Google, Meta, Apple, Dell, Twitter, Amazon, Microsoft जैसी कई अन्य तकनीकी कंपनियों ने कई भारतीयों सहित अमेरिका में रहने वाले कई गैर-आप्रवासी कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। आम धारणा है कि नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों को 60 दिनों के भीतर अमेरिका छोड़ना होगा। लेकिन यूएससीआईएस ने अपने ताजा बयान में इस पर सफाई दी है। यूएससीआईएस ने अपनी नवीनतम विज्ञप्ति में कहा, जब गैर-आप्रवासी श्रमिकों को नौकरी से निकाला जाता है, तो वे अपने विकल्पों के बारे में नहीं जानते होंगे और कुछ मामलों में, गलत तरीके से मान सकते हैं कि उनके पास 60 दिनों के भीतर देश छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। टेक उद्योग लगातार छँटनी से जूझ रहा है, हर महीने नई नौकरियों में कटौती की खबरें सामने आ रही हैं। अब तक कुल 237 टेक कंपनियों ने 2024 में 58,499 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है।






## मालीवाल के पूर्व पति जयहिंद ने कहा- केजरीवाल पर केस हो



नवीन जयहिंद



स्वाति मालीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आम आदमी** पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर कथित मारपीट के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। बीजेपी इसके विरोध में प्रदर्शन कर रही है। वहीं मालीवाल के पूर्व पति डॉ. नवीन जयहिंद ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल पर भी एफआई आर दर्ज होनी चाहिए क्योंकि यह घटना उनके घर पर हुई है। उन्होंने इस घटना को एक साजिश करार देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आवास से बड़ी दुर्गंध आ रही है। जिसने इस घटना को अंजाम दिया है उसकी इतनी हिम्मत नहीं है कि वह एक राज्यसभा सांसद के साथ इस तरह की वारदात को अंजाम दे। जयहिंद ने स्वाति की जान को खतरा बताते हुए कहा कि उसे डराया जा रहा है और धमकाया जा रहा है। नहीं तो कोई पीसीआर को फोन कर बुलाता और न ही वो थाने में जाती। अब भी उन्हें चुप कराया और डराया जा रहा है।

इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की अगुवाई में भाजपा महिला मोर्चा की महिलाएं स्वाति मालीवल को इंसाफ दिलाने के मकसद से सड़क पर उतार आई हैं। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास के पास जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर सचदेवा ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी की बहनें एक बहन के स्वाभिमान की लड़ाई लड़ने आई है। अगर वे ही सुरक्षित नहीं हैं और वह भी मुख्यमंत्री आवास के अंदर तो लोग दिल्ली के हालत समझ सकते हैं। नवीन जयहिंद ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि यह मामला सिर्फ पूर्व पत्नी का नहीं है बल्कि लाखों महिलाओं के मान सम्मान और स्वाभिमान जुड़ा हुआ है। यह उनका खुद का व्यक्तिगत मामला नहीं है। जयहिंद ने गृहमंत्री, दिल्ली पुलिस और राष्ट्रीय महिला आयोग से अनुरोध किया है कि वे चुप क्यों है। स्वाति की जान को खतरा है ( शेष पेज 9 )

## आग पर काबू पाने में उत्तराखंड का रवैया निराशाजनक: कोर्ट

**पीटीआई।** नई दिल्ली





**उच्चतम** न्यायालय ने उत्तराखंड सरकार के प्रति कड़ी नाराजगी जताते हुए बुधवार को कहा कि जंगल में आग लगने की घटनाओं को नियंत्रित करने में राज्य का रवैया उदासीन रहा है। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव को 17 मई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने और कोषों के इस्तेमाल व वन विभाग में खाली पदों के बारे में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत इसे बहुत खेदजनक स्थिति करार देते हुए कहा कि राज्य बस कोई न कोई बहाना ढूंढने की कोशिश कर रहा है। पीठ ने निर्देश दिया कि राज्यों के वन विभाग के कर्मचारियों और वाहनों का इस्तेमाल चुनावों या चार धाम यात्रा जैसे किसी अन्य कार्यों में न किया जाए।

न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भाटी और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की सदस्यता वाली पीठ ने कहा, हमें यह कहते हुए दुख हो रहा है कि आग पर काबू पाने में उत्तराखंड का रवैया निराशाजनक है। हालांकि कार्य योजनाएं तैयार कर उन्हें अंतिम रूप दिया गया, लेकिन कार्यान्वयन के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा। शीर्ष अदालत उत्तराखंड में जंगलों में आग लगने की घटनाओं को लेकर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा कि जब प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (सीएएमपीए) से धन मिल चुका है और केंद्रीय प्राधिकरण से मंजूरी मिल चुकी है तो 2023-24 में उत्तराखंड में वन संबंधी गतिविधि के लिए 9.12 करोड़ रुपए में से केवल 3.41 करोड़ रुपए का उपयोग क्यों किया। पीठ ने कहा कि उसे इस बात का भी कोई कारण नहीं दिखता कि शेष राशि का उपयोग वानिकी के लिए क्यों नहीं किया गया। पीठ ने कहा, एक और मुद्दा जिस पर ध्यान देने की जरूरत है वह उत्तराखंड राज्य के वन विभाग में भारी रिक्तियों से जुड़ा है। पीठ ने कहा कि राज्य ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन कोष या राज्य आपदा प्रबंधन कोष के समय पर वितरण में विफलता को लेकर एक शिकायत की है। पीठ ने कहा, हम यह नहीं समझ पा रहे कि राज्य को राज्य आपदा प्रबंधन निधि के वितरण के संबंध में शिकायत कैसे हो सकती है, जबकि उक्त धनराशि वितरित करना राज्य के अधिकार क्षेत्र में है। पीठ ने केंद्र सरकार को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन कोष और केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत धन के समय पर वितरण के संबंध में अपनी स्थिति स्पष्ट करने का भी निर्देश दिया।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां का निधन

**पायनियर समाचार सेवा।** ग्वालियर/नई दिल्ली



माधवी राजे सिंधिया फाइल फोटो

**केंद्रीय मंत्री** ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का बुधवार सुबह दिल्ली के एम्स में निधन हो गया, जहां वह पिछले कुछ दिनों से वेंटिलेटर पर थीं। सूत्रों ने बताया कि पिछले तीन महीने से उनका इलाज चल रहा था और वह निमोनिया के साथ-साथ सेप्सिस से भी पीड़ित थीं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ने राजमाता माधवी राजे सिंधिया के निधन पर दुख व्यक्त किया। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और कई लोगों ने सोशल मीडिया पर दुख व्यक्त किया। ( शेष पेज 9 )

## दम तोड़ रही प्रवासी पक्षियों का घर कबरताल झील



**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**बिहार के** बेगुसराय जिले में स्थित और 2020 में अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर रामसर वेटलैंड साइट के रूप में नामित एशिया की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील कबरताल झील सरकारी निष्क्रियता और बेरोकटोक मानवीय गतिविधियों के कारण दम तोड़ती दिख रही है। इसका आकार मूल 7,000-हेक्टेयर से कम हो गया है। विस्तार मात्र 2,620 हेक्टेयर से अधिक रह गया है। ऑक्सबो झीलें आमतौर पर अर्धचंद्राकार होती हैं और नदियों के पास बाढ़ के मैदानों और निचले इलाकों में आम विशेषताएं हैं, जैसे कि कंवर झील के नाम से प्रसिद्ध इस जल निकाय के मामले में। इसका निर्माण गंडक नदी के घूमने से हुआ है। यह स्थल उत्तरी बिहार के गंगा के मैदानी इलाकों में स्थित है, जहां सबसे अधिक बाढ़ आते हैं और यह एक बड़ी आबादी को समायोजित करता है।

हालाँकि, कभी बड़ी संख्या में पंख वाले पक्षियों के लिए स्वर्ग रही इस झील के आसपास मानव बस्तियों के अनियंत्रित विस्तार, कृषि गतिविधियों और बुनियादी ढांचे के विकास ने इसके प्राकृतिक आवास पर अतिक्रमण कर लिया है, जिससे निवास स्थान की हानि और विखंडन हो गया है। इतनी बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी अब प्रजनन और आराम के लिए अन्य स्थलों की तलाश कर रहे हैं। यह कई जलीय वनस्पतियों और जीवों का घर था। कभी 7,000 हेक्टेयर में फैले इस जल निकाय की मुसीबतें पास की बूढ़ी गंडक नदी पर तटबंध के निर्माण ने और बढ़ा दी हैं, जिससे आर्द्रभूमि में पानी का मुख्य प्रवेश द्वार अवरुद्ध हो गया है। इसके अतिरिक्त प्रवासी पक्षियों का अवैध शिकार, जो कभी इस क्षेत्र में बहुतायत में होता था, पारिस्थितिक असंतुलन को और बढ़ाता है और संरक्षण प्रयासों को कमजोर करता है। मूल रूप से लगभग 7,000 हेक्टेयर में फैली यह झील प्रवासी पक्षियों के लिए एक गंतव्य के रूप में काम करती है। इसे पहले 1986 में राज्य सरकार द्वारा संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया था और बाद में पक्षियों के अवैध शिकार को रोकने के लिए केंद्र सरकार द्वारा एक अभयारण्य घोषित किया गया था।

दिलचस्प बात यह है कि जहां केंद्र ने इसे वैश्विक मानचित्र पर लाने के प्रयास में इसे बिहार की पहली रामसर साइट के रूप में पहचाना, वहीं यहां आने वाले पर्यटक झील की स्थिति देखकर निराशा व्यक्त करते हैं, जो कि उनके द्वारा पढ़े या सुने गए विवरणों से कोई समानता नहीं रखती है। अधिकारियों की उदासीनता ऐसी रही है कि 1986 में बिहार सरकार द्वारा संरक्षित क्षेत्र और 1989 में केंद्र द्वारा पक्षी अभयारण्य घोषित किए जाने के बावजूद, कुल मिलाकर, बिहार में आर्द्रभूमि में बड़े पैमाने पर 2620 हेक्टेयर तक की कमी आई है। हालांकि स्थानीय लोग खेती पर निर्भर हैं, फिर भी अतिक्रमण बढ़ रहा है। कृषि पद्धतियों के लिए आर्द्रभूमि के अतिक्रमण के कारण आर्द्रभूमि के पारिस्थितिकी तंत्र में गिरावट दिखाई दे रही है, ( शेष पेज 9 )

## PUBLIC NOTICE

This is to inform the general public that Employees and Directors of **SOKKA CREATION PRIVATE LIMITED** having its Registered office at 122, 1st Floor, Devika Tower, Nehru Place New Delhi-110019, and office at Plot no 262-I, Sector-24 Faridabad (Haryana) is unauthorisedly publishing hindi newspaper **'PIONEER'** Faridabad Edition without there being any authority from **CMYK PRINTECH LIMITED,** a company which owns the trademark of **'PIONEER'**. Further, the news contents published in the said newspaper are also not vetted by **CMYK PRINTECH LIMITED,** and therefore neither the **CMYK PRINTECH LIMITED** nor any of its stakeholders shall be responsible for any act or omission on the part of general public that associated with **'PIONEER'** Faridabad Publication in any manner, whatsoever.

**Sd/-**
**Mukesh Kumar Jain**
**Resolution Professional**
**CMYK Printech Limited**

**Date: 16.05.2024**
**Place: New Delhi**

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को जोड़ने वाली चार सड़कों का निर्माण करेगा एनएचएआई

● यमुना विकास प्राधिकरण योजना तैयार कर रहा, सितंबर में होगा काम शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



यमुना एक्सप्रेसवे से एयरपोर्ट तक वीवीआईपी एक्सिस एंट्रेंस समेत चार सड़कें एनएचएआई बनाएगा। यमुना प्राधिकरण और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिकारियों की इस बात को लेकर बैठक हुई। सितंबर माह तक इन सड़कों का निर्माण कार्य पूरा करना है। अभी तक इसे यमुना विकास प्राधिकरण बनाने की योजना तैयार कर रहा था।

इसके अलावा खुर्जा से नोएडा एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए भी जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी। अधिकारियों का दावा है कि सितंबर से पहले सभी ओर से एयरपोर्ट तक कनेक्टिविटी तैयार कर दी जाएगी। एनएचएआई एयरपोर्ट से एक्सप्रेसवे के बीच 750 मीटर लंबी आठ लेन की सड़क बना रहा है। इसमें से पहले चार लेन की सड़क बनाने का काम 15 जून तक शुरू हो जाएगा। बाकी 4 लेन 15 अगस्त तक शुरू होगा। जेवर एयरपोर्ट से बल्लभगढ़ तक की दूरी वाली सड़क को 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा।

वहीं, यमुना एक्सप्रेसवे से एयरपोर्ट के कार्गो तक उत्तर दिशा और पूर्व दिशा को 30 मीटर चौड़ी सड़क व 8.25 किमी सड़क भी एनएचएआई ही बनाएगा। इसके लिए टेंडर पहले ही जारी हो चुका है और बजट 63 करोड़ था।

इसे एमओयू करने के बाद एनएचएआई को ट्रांसफर कर दिया जाएगा। यीडा अधिकारियों ने बताया कि एनएचएआई को तीन नए काम दिए गए हैं। इनमें एयरपोर्ट से एक्सप्रेसवे तक वीवीआईपी एक्सिस एंट्रेस, कार्गो को जोड़ने वाली 30 मीटर रोड उत्तर-पूर्व दिशा को बनाएगा। यह सड़कें 70 साल के समय को लेकर बनाई जा रही है। इनकी गुणवत्ता से कोई समझौता न हो, इसलिए यह काम एनएचएआई को दिए गए हैं। जबकि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को पहले ही प्राधिकरण बना रहा है। इसके अलावा खुर्जा से नोएडा एयरपोर्ट को सड़क और रेल से जोड़ने के लिए भी जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

बैठक की अध्यक्षता यीडा के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने की। इस मौके पर एसीईओ विपिन जैन, एडीएम बच्चू सिंह, ओएसडी शैलेंद्र भाटिया, एके सिंह जीएम प्रोजेक्ट, बीके राजावत, आरपी वसाया, आरके पांडेय व अशोक तेवतिया समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरुण वीर सिंह ने बताया कि यमुना प्राधिकरण की ओर से एयरपोर्ट निर्माणकर्ता एजेंसी को सितंबर माह से पहले ही सभी कनेक्टिविटी तैयार कर दिए जाने को कहा गया है। इसके लिए सैद्धांतिक सहमति बन गई है। जल्द ही एनएचएआई से करार कर लिया जाएगा।

# रेड जोन में पहुंचा ग्रेनो, एनसीआर की हवा हुई जहरीली

● तेज धूप और बढ़ते वायु प्रदूषण ने लोगों का जीना दूभर हुआ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की हवा जहरीले हो गई है। ग्रेटर नोएडा सबसे ज्यादा दूषित शहर रहा, जहां की एक्यूआई-320 दर्ज की गई, जो कि स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है। ग्रेटर नोएडा रेड जोन में पहुंच गया है, जबकि दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद, बल्लभगढ़ सहित कई शहर ऑरेंज जोन में पहुंच गए हैं।

इसके चलते लोगों को सांस लेने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आंखों में जलन होने लगी है। तेज धूप और बढ़ते वायु प्रदूषण ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। ऐसे में एनजीटी ने अब वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से रिपोर्ट मांगी है। एनजीटी ने सीएक्यूएम से ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के प्रतिबंध लागू करने के लिए भी परीक्षण करने के लिए कहा है। इसके लिए आयोग अपनी एक रिपोर्ट तैयार कर एनजीटी को देगा। प्रदूषण मापक एप समीर के अनुसार बुधवार को ग्रेटर नोएडा की एक्यूआई 320, नोएडा की 279, गाजियाबाद की 216, दिल्ली की 246, फरीदाबाद की 242, बल्लभगढ़ की 240, मेरठ की 213, मुजफ्फरनगर की 301, गुरुग्राम की 219, भिवानी की 213 दर्ज की गई है। एनसीआर के सभी प्रमुख शहर रेड या ऑरेंज जोन में पहुंच गए हैं। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने अपने आदेश में कहा है कि मई के पहले सप्ताह में लगातार तीन से छह मई तक हवा खराब श्रेणी में रही।

दिल्ली में ही एक्यूआई तीन मई को 264, चार मई को 281, पांच मई को 291 और छह मई को 247 रहा। यह सीधे तौर पर हवा के खराब होने का संकेत है। सीएक्यूएम का नियम है कि लगातार 72 घंटे से अधिक हवा के खराब होने की स्थिति में ग्रैप के प्रतिबंध लागू हो जाते हैं। एक्यूआई के 201 से 300 के बीच मिलने पर ग्रैप-1 के प्रतिबंध लागू होने चाहिए। एनजीटी ने सीएक्यूएम से पूछा है कि आखिर क्यों अब तक प्रतिबंध लागू नहीं किए गए हैं जबकि पांच मई को एक्यूआई 291 तक पहुंच गया।

आयोग ने एनजीटी से कहा है कि उनको प्रदूषण के मामले में परीक्षण के लिए कुछ समय चाहिए। इसके बाद ही रिपोर्ट एनजीटी को दी जा सकेगी। इसमें आयोग यह कारण भी बताएगा कि आखिर क्यों प्रतिबंध लागू नहीं किए गए। एनजीटी इस मामले में अगली सुनवाई 20 अगस्त को करेगी।

इससे पहले आयोग को अपनी रिपोर्ट देगी। अगर हवा के प्रदूषित होने पर एनजीटी सख्त कदम उठाता है तो ऐसे में सीएक्यूएम ग्रैप के प्रतिबंध लागू करेगा। ये प्रतिबंध नोएडा सहित पूरे एनसीआर पर लागू होगा। इस दौरान निर्माण कार्य से लेकर वाहनों के संचालन को लेकर जरूरी प्रतिबंध लगाया जाएगा।

# आप विधायक और बेटे की तलाश जारी

● पेट्रोल पंप पर कर्मचारी से मारपीट का मामला

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर-95 स्थित पेट्रोल पंप पर सात मई को सेल्समैन समेत अन्य कर्मचारियों के साथ मारपीट कर हत्या के प्रयास, लूटपाट करने के मामले में नोएडा पुलिस ने दिल्ली से आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह और उनके बेटे अनस की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस की टीमों ने विधायक,उनके पुत्र और एक अन्य की तलाश में दिल्ली के तीन ठिकानों पर दबिश दी पर वे नहीं मिले। नोएडा पुलिस के अधिकारियों ने दिल्ली पुलिस से नोएडा के मुकदमे में नामजद आप विधायक, उनके बेटे और साथी अबू बकर के आपराधिक इतिहास की जानकारी मांगी है।

इस मामले में सोमवार को आप विधायक के मैनेजर इकरार अहमद को फेस- वन पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इस मामले में एससी-एसटी की धारा बढ़ाने के साथ ही आप विधायक अमानतुल्लाह, उनके बेटे अनस और अबू बकर के खिलाफ एनबीडब्ल्यू भी कोर्ट से जारी करवाया है। थाना फेस- वन के प्रभारी ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि सेक्टर-95 स्थित शहीद रामेंद्र प्रताप सिंह फिलिंग स्टेशन पर सात मई को आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान का बेटा अनस पेट्रोल भरवाने आया था।

उसने अपनी कार पेट्रोल लेने के लिए कतार में लगाई और बोला कि उसके आगे वाली कार को आगे बढ़ाकर पहले उसकी कार में पेट्रोल डाल दें। सेल्समैन ने जब ऐसा करने से इनकार किया तो अनस ने सेल्समैन समेत अन्य कर्मचारियों के साथ मारपीट की और कॉल कर अपने विधायक पिता को मौके पर बुला लिया।

इसके बाद पेट्रोल पंप पर पहुंचे आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान ने पेट्रोल पंप के मैनेजर और संचालक को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

# बिल्डर के निरस्त प्लाटों पर प्राधिकरण जल्द लेगा कब्जा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-72 और 94 में एम3एम की दो सहायक कंपनियों स्काईलाइन प्रोपकॉन प्राइवेट लिमिटेड और लैविश बिल्डमार्ट प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित किए गए प्लॉट के निरस्तीकरण के बाद अब प्राधिकरण इस पर कब्जा लेगा।

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से निरस्तीकरण आदेश जारी करने के बाद आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ब्रोशर की शर्तों के इतर दोनों प्लॉट आवंटित करने का आरोप है। इस मामले में शिकायत के बाद प्राधिकरण स्तर पर इसकी जांच की गई थी। प्राधिकरण की ओर से रिपोर्ट देने के बाद शासन ने यह कार्रवाई की है। नोएडा विकास प्राधिकरण के के अधिकारियों के अनुसार प्रमुख सचिव अनिल सागर की ओर से जारी किए गए आदेशों में बताया गया है कि दोनों प्लॉटों के आवंटन के दौरान सहायक कंपनियों के जो मानक तय किए गए हैं उनका पालन नहीं किया गया। इसके अलावा इसकी बोली पर भी सवाल उठाए गए हैं। बताया जा रहा है कि बोली लगाने के दौरान रिजर्व प्राइस से केवल 5 लाख की अधिक बोली पर जमीन का आवंटन कर दिया गया। इसमें किसी तरह की प्रतिस्पर्धा नहीं हो पाई।

# दो सेवानिवृत्त अधिकारियों से ठगी

● पार्सल में ड्रग्स होने की बात कहकर डराया, वसूले लाखों

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



पार्सल में ड्रग्स और कई पासपोर्ट की बात कहकर जालसाजों ने रेलवे के सेवानिवृत्त जीएम और रिटायर्ड सेना अधिकारी से ठग लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

जनपद में साइबर अपराधियों ने भारतीय रेलवे में जीएम के पद से सेवानिवृत्त अधिकारी 52.50 लाख रुपये ठगी लिए। उनकी शिकायत पर साइबर अपराध थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-76 स्थित आम्रपाली सिलिकन सिटी के 69 वर्षीय प्रमोद कुमार अग्रवाल ने दर्ज कराई एफआइआर में बताया कि 9 मई को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से मैसेज आया।

मैसेज में लिखा था कि उनके द्वारा जो पार्सल भेजा गया है वह डिलीवर नहीं हो पाया है। इसके लिए उन्हें मोबाइल में एक दबाना होगा। इसके लिए उन्होंने पार्सल के संबंध में जानकारी लेने के लिए उस नंबर पर काल की जिस नंबर से मैसेज आया था। उसने बताया कि 3 मई को उनके द्वारा मुंबई से एक पार्सल ताइवान भेजा गया था, जिसे ताइवान सीमा शुल्क विभाग ने प्रतिबंधित वस्तु होने के चलते जब्त कर लिया है। जब शिकायतकर्ता ने उसे बताया कि ऐसा कोई पार्सल उनके द्वारा नहीं भेजा गया है, तो उसने उनका आधार नंबर पूछा और क्रास-चेक के लिए कुछ समय लिया। फिर उन्होंने कहा कि इस पार्सल को भेजने के लिए इसी आधार नंबर और इसी मोबाइल का इस्तेमाल किया गया है। बताया कि पार्सल में चार पासपोर्ट, तीन क्रेडिट कार्ड, कपड़े और 100 ग्राम ड्रग्स था। इसके बाद आरोपित ने कहा कि उनके तीन बैंक खातों की केवाइसी अलग-अलग शहरों में हुई है। इन बैंक खातों का इस्तेमाल मनी लांड्रिंग के लिए किया गया है, जो दाउद और नवाज मलिक जैसे लोगों के लिए आतंकी गतिविधियों में किया गया है। जब उन्होंने कहा कि उनका इन लोगों से कोई संबंध नहीं है। इसके बाद आरोपित ने वीडियो काल के जरिये संपर्क किया। खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच और सीबीआइ का अधिकारी बताते हुए चेतावनी दी कि यदि उन्होंने किसी को भी इस बातचीत के बारे में दस्तावेज साझा किए तो वह जेल भेज देंगे। साथ ही डराया कि उनकी और उनके करीबियों की जान खतरे में है। वह 24 घंटे की निगरानी में हैं। क्योंकि उन्होंने इन खतरनाक आतंकियों के बारे में जानकारी दी है। आरोपितों ने उनकी सेविंग की जानकारी प्राप्त की। 24 घंटे की निगरानी के चलते वह सो भी नहीं सके। इसके बाद आरोपितों के कहने पर तीन बार में उन्होंने 52.50 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद ठगी का अहसास हुआ।

वहीं पार्सल में ड्रग्स और कई पासपोर्ट की बात कहकर जालसाजों ने सेवानिवृत्त मेजर जनरल के साथ 37.68 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की है।

पुलिस ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ धोखाधड़ी और आइटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि करीब 47 मिनट तक पीड़ति को जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट करके रखा। साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक उमेश नैथानी ने बताया कि थाने में की शिकायत में ग्रेटर नोएडा निवासी सेवानिवृत्त मेजर जनरल अमरजीत सिंह ने बताया कि रविवार को शाम साढ़े चार बजे के करीब उनके मोबाइल फोन पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने कहा कि वह मुंबई से बोल रहा है और शिकायतकर्ता के नाम पर चार मई को एक कुरियर आया है, जिसमें 200 ग्राम ड्रग्स और पांच पासपोर्ट समेत अन्य सामान है।

## प्राधिकरण ने अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण लगातार अभियान चलाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर रहा है। वर्क सर्किल-7 के गांव भूडा और सलारपुर में प्राधिकरण ने अभियान चलाकर 3 खसरा को कब्जा मुक्त कराया। ये जमीन प्राधिकरण के मास्टर प्लान के अनुसार नियोजित है। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने कहा किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं होगा। कब्जा करने वाले अतिक्रमण स्वयं हटा लें नहीं तो प्राधिकरण उसे तोड़ देगा। सर्किल-7 में सेक्टर-81 के खसरा नंबर 100, 101 और सलारपुर गांव के खसरा नंबर 200 पर अतिक्रमण करने वालों ने कमरे बनवा लिए थे।

# अवैध संबंध के शक में लिव-इन पार्टनर की हत्या

● पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर 42 में रहने वाली एक 50 वर्षीय महिला को 35 वर्षीय लिव इन पार्टनर ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी ने पुलिस को बताया है कि महिला की वजह से उसने अपनी पत्नी को छोड़ दिया था। महिला उसके साथ रहते हुए भी कुछ अन्य लोगों से संपर्क में थी। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि गोविंद नामक व्यक्ति ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी सास (50 वर्ष)



और गौतम के साथ 2 वर्षों से रह रहर थी। देर रात को गौतम ने विनीता के साथ मारपीट की। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। अपर उपायुक्त ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी गौतम को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस को बताया है कि महिला के पति के देहांत के बाद वह उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा था। आरोपी के अनुसार उसने महिला के प्रेम में अपनी पत्नी को छोड़ दिया, तथा निठारी गांव से अपना घर छोड़कर सेक्टर 42 में महिला के साथ रहने लगा। आरोपी ने पुलिस को यह भी बताया है कि महिला शराब पीने की आदी थी, तथा उसके कुछ और लोगों से संबंध बन गए थे। इस बात का जब वह विरोध करता था तो महिला उसके साथ झगड़ा करती थी।

## संक्षिप्त समाचार

### कनिष्क शुक्ला ने मैथ्स ओलंपियाड में जीता गोल्ड



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन स्थित सर्वोत्तम इंटरनेशनल स्कूल के दूसरी कक्षा के छात्र कनिष्क शुक्ला ने मैथ्स ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीतकर अपने स्कूल, शिक्षकों और परिजनों का मान बढ़ाया है। कनिष्क के पिता मयंक शुक्ला ने बताया कि कक्षा दो में पढ़ने वाले कनिष्क को गणित से बेहद लगाव है और वह अपने कक्षा में गणित में सबसे आगे है। उसने यह गोल्ड मेडल कक्षा एक में जीता था और जिसका प्रमाण पत्र दो दिन पहले ही प्राप्त हुआ है।

### श्रीमद्भागवत कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु



**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर 5 स्थित गौरी शंकर मंदिर (भंडारे वाले मंदिर) पर अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य श्री श्याम करण जी महाराज (चित्रकूट धाम) के श्रीमुख से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण लीला का सुंदर वर्णन किया। आचार्य श्याम करण महाराज ने कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण बाल लीला, यमुना में कालिया मर्दन, गोवर्धन पूजा, माखन चोरी आदि की कथा सुनाई। मंदिर के प्रमुख पुजारी व संरक्षक पंडित विनय शास्त्री ने कथा सुनने आए भक्तों और व्यवस्था में सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस भागवत कथा के मुख्य यजमान शैलेंद्र कश्यप और बबिता कश्यप हैं।

### महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर पौधरोपण

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक महेंद्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि पर जिले के किसानों द्वारा नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नोएडा में महेंद्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि जल-जंगल-जमीन एवं पर्यावरण बचाओ संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। नोएडा में भाकियू के जिलाध्यक्ष अशोक भाटी द्वारा जिला कार्यालय सलारपुर में 13 छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया एवं कैंप कार्यालय ग्रेटर नोएडा बिरोंडी में हवन पुष्पांजलि एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर अशोक भाटी ने कहा कि 17 अक्तूबर 1986 को अस्तित्व में आई भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर बाबा महेंद्र सिंह टिकैत मनोनीत हुए। उन्होंने किसानों की मुख्य मांग बिजली, सिंचाई व फसलों के दाम की मांगों को जोरों से उठाना शुरू कर दिया। बाबा टिकैत ने गांवों में रहने वाले खेत-खलिहानों में लगे राजनीति से दूर किसान वर्ग को ताकत का अहसास कराया।

### नाले में गिरे नंदी को पुलिस ने सकुशल बाहर निकाला

**नोएडा।** थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के परथला फ्लाईओवर के पास सर्विस रोड के पास बने बड़े नाले में देर रात को एक नंदी (बैल) गिर गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना सेक्टर 113 पुलिस ने क्रेन की सहायता से नाले से नंदी को शकुशल बाहर निकाला। थाना सेक्टर 113 के प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की देर रात को पुलिस को सूचना मिली की परथला फ्लाईओवर के पास सर्विस रोड के किनारे बने बड़े नाले में एक नंदी गिर गए हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर फायर ब्रिगेड और थाना सेक्टर 113 पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि जेसीबी के सहयोग से नंदी को नाले से बाहर निकल गया। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस की इस कार्यवाही की प्रशंसा की है

# सीमा का पाक आर्मी कैंप में रहने का दावा, ऑडियो वायरल

● आरोप को वकील एपी सिंह ने नकारा

पायनियर समचार सेवा। नोएडा



सोशल मीडिया के विभिन्न ग्रुप में कई ऑडियो वायरल हो रही हैं, जिसमें पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के बारे में दावा किया जा रहा है कि वह पाक आर्मी कैंप में रहती थीं।

हालांकि इस दावे को वीडियो जारी कर सीमा हैदर और उनके वकील एपी सिंह ने नकार दिया है, जिस ऑडियो में ऐसा दावा किया जा रहा है वह सीमा के पति गुलाम हैदर के वकील मोमिन मलिक और पाकिस्तानी नागरिक के बीच हुई बातचीत का बताया जा रहा है। वायरल ऑडियो में दावा किया जा रहा है कि सीमा हैदर के चाचा हैं गुलाम अकबर है। वह पाकिस्तान आर्मी में ट्रेनिंग देते हैं। सीमा अक्सर अपने चाचा के पास जाती थी। वे छावनी में रहते थे। सीमा एक-एक हफ्ता रहकर वापस आ जाती थी। अकेले ही जाती थी। उसे लेने के लिए एक रिक्शावाला आता था। वो अब नजर नहीं आ रहा है, कहीं गायब हो गया है। पाकिस्तान से प्रेमी सचिन मीणा के पास ग्रेटर नोएडा आई सीमा हैदर के बारे में उसके एक करीबी ने नया खुलासा किया है। ये शख्स पाकिस्तान में रहता है और सीमा के अलावा उसके पति गुलाम हैदर को भी अच्छे से जानता है। उसके मुताबिक, सीमा अक्सर पाकिस्तानी फौज के ट्रेनिंग सेंटर जाती थी। सीमा हैदर ने पति गुलाम हैदर के वकील के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीमा का कहना है कि गुलाम का अधिवक्ता पाकिस्तानी नागरिकों के साथ मिलकर साजिश कर रहा है। ऐसे में उसपर कार्रवाई होनी चाहिए। ऑडियो वायरल होने के बाद सीमा और उनके वकील ने दो-दो वीडियो जारी कर अपनी सफाई दी। वायरल ऑडियो में कथित पाकिस्तानी नागरिक ने यह भी कहा है कि सीमा इतनी चालाक है कि टिकटॉक पाकिस्तान में बैन था तब भी वह उसे चलाती थी। हैंग मोबाइल हो वह मिनटों में सही कर देती थी। इसमें यह भी कहा जा रहा है कि पबजी के बारे में सीमा को पता ही नहीं था तो वह सचिन मीणा से कैसे बात करती थी। दावा यह भी सीमा एक बार पहले भी भारत अकेले आ चुकी है। बाद में वह योजना के तहत बच्चों को ढाल बनाते हुए भारत आई है।



भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पेट्रोलिंग करती एंटी रोमियों टीम।

## सड़क हादसे में बाइक सवार नाइजीरियाई युवक की मौत

**नोएडा।** थाना बीटा- दो क्षेत्र के सेक्टर 37 के पास बीती रात को एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में एक नाइजीरियाई युवक के सिर में गंभीर चोट लगी। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है। थाना बीटा- दो पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना बीटा- दो के प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र ने बताया कि बीती रात को हेनरी चुकवुडी उर्फ ओपेरा पुत्र पाल जो की मूल रूप से नाइजीरिया के रहने वाले थे ,वह बाइक पर सवार होकर ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 37 के पास से गुजर रहे थे, तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस घटना में उनके सिर पर चोट लगी। उन्हें उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती करवाया गया, उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# चित्रकला के जरिये आरआरटीएस से रूबरू हुई भावी पीढ़ी

● माई नमो भारत-माई प्राइड- ड्राइंग प्रगियोगिता में स्कूली छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




माय नमो भारत-माय प्राइड, ड्राइंग प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी।

एनसीआरटीसी भावी पीढ़ी को अत्याधुनिक विश्वस्तरीय रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम (आरआरटीएस) से रूबरू करवाने के लिए दिल्ली-गाजियाबाद- मेरठ कॉरिडोर के आसपास के स्कूलों में माय नमो भारत-माय प्राइड, ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित कर रही है।

इन प्रतियोगिताओं में कई स्कूलों के बच्चों ने हिस्सेदारी करके अपनी प्रतिभा का उत्कर्ष प्रदर्शन किया है। इन प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को एनसीआरटीसी द्वारा पुरस्कृत भी किया जा रहा है। इस ड्राइंग प्रतियोगिता अभियान में अब तक मोदी नगर और मेरठ के 5 स्कूलों के लगभग एक हजार छात्र भाग ले चुके हैं। इन स्कूलों में मोदी नगर स्थित केएन मोदी ग्लोबल स्कूल, हेरिटेज अकेडमी, मॉडर्न अकेडमी, एएमएम पब्लिक स्कूल और मेरठ स्थित प्रेसिडेंसी पब्लिक स्कूल शामिल हैं। इन स्कूलों के छात्रों ने अपने चित्रों में स्वच्छ और हरित परिवहन माध्यम के विभिन्न पहलुओं को दर्शाने का प्रयास किया। छात्रों को अपने स्कूलों में अपनी कल्पनाशीलता को चित्रित करने के लिए एक घंटे का समय दिया गया था, जिसका उन्होंने बहुत अच्छे से उपयोग किया। ड्राइंग प्रतियोगिता के साथ-साथ मनोरंजक नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से छात्रों को नमो भारत ट्रेन और आरआरटीएस की उपयोगिता, महत्व, आवश्यकता और अत्याधुनिक तकनीकों की जानकारी भी साझा की गई। छात्रों को बताया जा रहा है कि भारत में पहली नमो भारत ट्रेन चल रही है, जो देश का पहला ऐसा प्रोजेक्ट है, जिससे प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी और इसके इस्तेमाल से लोगों के जीवन में भी सुधार आएगा। छात्रों को इस बात की भी जानकारी की जा रही है कि नमो भारत ट्रेन पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और यात्रियों के यात्रा अनुभव को कैसे परेशानी मुक्त और आरामदायक बनाएगी। इसके साथ ही नमो भारत ट्रेन की 160 किमी प्रति घंटे की परिचालन गति भी छात्रों के लिए बेहद आकर्षण का केंद्र बन रही है। छात्र इस बात को लेकर बेहद खुश नजर आये कि कुछ ही समय बाद दिल्ली से मेरठ का सफर एक घंटे से भी कम समय में तय किया जा सकेगा। इस अभियान ने स्कूली बच्चों में गहरी रुचि जगाई है, जो नमो भारत ट्रेन के साथ भविष्य की कल्पना करने के लिए चित्रकारी की प्रतियोगिता में अपनी कल्पनाओं का प्रयोग कर रहे हैं।

प्रतियोगिता सत्र के दौरान, छात्रों ने देश की पहली नमो भारत ट्रेन और आरआरटीएस के बारे में जिज्ञासा दिखाई है। वर्तमान में नमो भारत ट्रेन साहिबाबाद से मोदीनगर नॉर्थ तक 34 किमी के सेक्शन में संचालित की जा रही है। दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर की लंबाई 82 किलोमीटर है और कॉरिडोर के बाकी हिस्से में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

# मेरा जेल जाना, न जाना वोटरों के हाथ में: केजरीवाल

● बोले, चार को जा रही मोदी सरकार, आ रही इंडिया गुट की सरकार

● सीएम ने इंडिया गुट के प्रत्याशियों के लिए मॉडल टाउन और जहांगीरपुरी में किया रोड शो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


मॉडल टॉउन में हुए रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गठबंधन प्रत्याशी जेपी अग्रवाल के लिए प्रचार किया । फोटोः रंजन डिमरी

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को इंडिया गुट के कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो किया। केजरीवाल ने सबसे पहले चांदनी चौक से कांग्रेस के प्रत्याशी जय प्रकाश अग्रवाल फिर उत्तर पश्चिम दिल्ली से उदित राज के समर्थन में रोड शो किया।

मॉडल टॉउन और जहांगीरपुरी में हुए रोड शो के दौरान केजरीवाल ने कहा कि चार जून को मोदी सरकार जा रही है। मेरा जेल जाना या न जाना मतदाताओं के हाथ में है। अगर आपने इंडिया गुट के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया तो मुझे जेल नहीं जाना होगा। जो लोग केजरीवाल से प्यार करते हैं, वो पीएम मोदी को इन्कार करें।

मॉडल टॉउन में रोड शो के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह आप लोगों के बीच में सीधा जेल से आए हैं। विपक्ष ने मुझे जेल में डाल दिया। जेल में आप लोगों की बहुत याद आई। मैं आप लोगों से बहुत प्यार करता हूं। मुझे पता है कि आप भी मुझसे बहुत प्यार करते हैं। मैं एक छोटा सा आदमी हूं। इन्होंने मुझे जेल में डाल दिया। मैं सोच रहा था कि मेरी गलती क्या है। हमारी छोटी सी पार्टी है। दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। ये लोग तो बहुत ताकतवर हैं। केजरीवाल ने सवाल किया कि उनका अपराध यह है कि मैंने बच्चों के लिए अच्छी पढ़ाई का इंतजाम किया। अच्छे स्कूल बनाए, उनका भविष्य बनाया। आपके लिए 24 घंटे बिजली का इंतजाम किया। यही मेरा कसूर है। मेरा कसूर यही है कि मैंने दिल्ली वालों को मुफ्त बिजली का इंतजाम किया। केजरीवाल ने कहा कि विपक्ष ने जेल में उन्हें तोड़ने की कोशिश की, लेकिन मेरे ऊपर बजरंग बली की कृपा है। केजरीवाल इनके अत्याचार के सामने टूटा नहीं। अब ये लोग कह रहे हैं कि केजरीवाल को दोबारा जेल जाना पड़ेगा।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन है। इस बार कांग्रेस और आम आदमी पार्टी मिलकर चुनाव लड़ रही हैं।

चांदनी चौक की लोकसभा सीट से कांग्रेस के जय प्रकाश अग्रवाल मैदान में है। चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र में चुनाव के दिन ईवीएम में आपको झाड़ू की बटन नहीं दिखेगा। इसलिए इस बार झाड़ू वालों को भी पंजे के निशान वाला बटन दबाना है। अगर आप सभी लोग मिलकर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जय प्रकाश अग्रवाल को जिता देंगे, तो मुझे जेल नहीं जाना पड़ेगा।

### कांग्रेस और आप कार्यकर्ताओं में उत्साह

केजरीवाल के रोड शो के दौरान आम आदमी पार्टी और कांग्रेस समर्थकों में गजब का उत्साह दिखाई दिया। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता अपने-अपने झंडे हाथ लिए थे और नारेबाजी के दौरान एक दुसरे का पूरा साथ दे रहे थे। इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए अरविंद केजरीवाल का यह पहला रोड शो था। लोगों में अरविंद केजरीवाल को देखने और उनको सुनने को लेकर उत्साह था।

### आप के हस्ताक्षर अभियान को मिला समर्थन

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी द्वारा बुधवार को चलाए गए हस्ताक्षर अभियान में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जबरदस्त समर्थन मिला। जेल का जवाब वोट से कैंपेन के तहत तिलक नगर में यह कार्यक्रम हुआ, जिसमें पश्चिमी दिल्ली से इंडिया गुट के आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी महाबल मिश्रा और विधायक जरनैल सिंह शामिल हुए। यहां लगे आई सपोर्ट केजरीवाल के 'सिग्नेचर बोर्ड' पर भारी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर कर केजरीवाल को समर्थन दिया। महाबल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की गारंटी जुमला बन गई है, जबकि अरविंद केजरीवाल की गारंटी हर घर में दिखाई देती है। आज हर वोटर अपने आप को केजरीवाल मान रहा है और वो इस तानाशाह सरकार को हटाने के लिए उत्साहित है।

## सांसद संजय सिंह ने स्वाति मालीवाल से की मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी की तरफ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार द्वारा स्वाति मालीवाल के साथ दुर्व्यवहार किए जाने की बात स्वीकार करने के एक दिन बाद बुधवार को पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने मालीवाल से मुलाकात की।

सूत्रों ने बताया कि मालीवाल से मुलाकात के दौरान संजय सिंह के साथ दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की सदस्य वंदना सिंह भी थीं। उन्होंने बताया कि उनकी मुलाकात मालीवाल के आवास पर हुई। आप की राज्यसभा सदस्य एवं डीसीडब्ल्यू की पूर्व प्रमुख मालीवाल से कॉल कर और संदेश भेजकर संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं आया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मालीवाल सोमवार को सिविल लाइन्स पुलिस थाने पहुंची थीं और आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल के निजी कर्मचारी ने मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर उनके साथ मारपीट की। उन्होंने अभी तक इस मामले में औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

## स्वाति के समर्थन में उतरी भाजपा


मालीवाल की समर्थन में प्रदर्शन करतीं भाजपा की महिला कार्यकर्ता।

● महिला कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री आवास के पास किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष व आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालिवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास पर मारपीट मामले में सियासत गरमा गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की अगुवाई में महिला मोर्चा की महिलाएं स्वाति मालीवल को इंसाफ दिलाने के मकसद से सड़क पर उतार आई हैं। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास के पास जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सचदेवा ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी बहनें एक बहन के स्वाभिमान की लड़ाई लड़ने आई है। स्वाति मालीवाल दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष रही हैं। वह लगातार महिलाओं की सुरक्षा की बात करती थी। अगर वे ही सुरक्षित नहीं हैं और वह भी मुख्यमंत्री आवास के अंदर तो लोग दिल्ली के हालत समझ सकते हैं।

## सुरक्षा की जिम्मेदारी कांग्रेस की : हारून

● बोले, 4 जून को इंडिया गुट बहुमत से जीत हासिल करेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और प्रदेश मीडिया कैम्पेन स्ट्रेटेजी कमेटी के अध्यक्ष हारुन यूसूफ ने दावा किया कि 4 जून को इंडिया गुट बहुमत से जीत हासिल करने के बाद देश और दिल्ली की बिगड़ती कानून व्यवस्था और सुरक्षा की जिम्मेदारी कांग्रेस की होगी। पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने देश सहित राजधानी दिल्ली की सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर नियंत्रण रखने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। दिल्ली के बिगड़ते माहौल में आज हर आदमी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है क्योंकि राजधानी में महिलाओं, बुजुर्गों, छोटे बच्चे, लड़कियों के साथ हो रहे अपराधिक मामलों में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार और गृह मंत्रालय की उदासिनता से दिल्ली क्राइम कैपिटल और रेप कैपिटल बन गई है। हारुन यूसूफ ने बुधवार को संवाददाता संम्मेलन में कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र न्याय संकल्प पत्र में महिला न्याय के अधिकार मैत्री गांरटी के अंतर्गत महिलाओं को सुरक्षा की गारंटी दी जाएगी। दिल्ली में प्रतिदिन 3 बलात्कार, 3-4 हत्या और लगभग 15 अपहरण की घटनाऐं हो रही है और कोर्ट परिसर तक में गैंगवार की घटनाऐं भी हुई है। दिसंबर 2023 में जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022 में 2.99 लाख अपराधिक मामले दर्ज हुए है जो 5 मेट्रो शहरों की तुलना में राजधनी में सबसे अधिक है। वर्ष 2020-2022 के महिलाओं और बुजुर्गों के प्रति अपराधों में 45 प्रतिशत, बच्चों के साथ अपराधों में 41 प्रतिशत, अपहरण में 39 प्रतिशत, मर्डर में 9 प्रतिशत और साइबर क्राइम में 313 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### डेंगू के खात्मे के लिए हो जड़ी-बूटियों पर शोधः पाराशर



**नई दिल्ली।** दुनिया भर में मच्छरों के प्रजनन को रोकने और डेंगू के इलाज के लिए जड़ी बूटियों पर शोध की आवश्यकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के तमाम प्रयासों के बावजूद मच्छरों पर नियंत्रण में अपेक्षित सफलता नहीं मिल रही है । वर्ल्ड डेंगू-डे के अवसर पर इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (आयुष) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर.पी पाराशर ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि भुंइआवला, कुटकी, गिलोय कालमेघ, तुलसी, नीम, हल्दी, पपीते के पत्तों का रस, सर्वांगसुंदर रस, त्रैलोक्य चिंतामणि रस, संजीवनी वटी आदि आयुर्वेदिक दवाएं डेंगू के इलाज में लाभकारी हैं तथा इन पर और शोध की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मच्छरों को भगाने के लिए अनेक जड़ी बूटियां है जिन का रासायनिक दवाओं की तरह शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं होगा। इनमें लैवंडर, रोजमेरी, तुलसी, मेरीगोल्ड, आदि अनेक हर्ब्स इंसेक्टिसाइड और मॉस्किटो रेपेलेंट के तौर पर विकसित की जा सकती हैं।

### जमानत के लिए उच्च न्यायालय पहुंचीं कविता

**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति नेता के. कविता ने कथित आबकारी नीति घोटाले के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में जमानत के लिए बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा बृहस्पतिवार को अधीनस्थ अदालत के आदेश के खिलाफ उनकी याचिका के साथ-साथ जमानत याचिका पर सुनवाई करेगी। अदालत ने इस आदेश में सीबीआई को उनसे पूछताछ करने की अनुमति दी थी। कथित घोटाले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई द्वारा दर्ज दोनों मामलों में कविता न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी मामले में उनकी जमानत याचिका उच्च न्यायालय में लंबित है। अधीनस्थ अदालत ने छह मई को भ्रष्टाचार के मामले के साथ-साथ उस मामले में भी कविता की जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसमें ईडी धन शोधन से जुड़े मामले की जांच कर रही है। यह घोटाला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की शराब नीति को तैयार और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है। इस नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। ईडी ने 15 मार्च को कविता (46) को हैदराबाद से गिरफ्तार किया था।

## रामवीर बिधूड़ी के लिए मनोज तिवारी ने मांगे वोट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी के समर्थन में सांसद मनोज तिवारी ने रोड़ शो किया।

पूर्वांचल प्रवासी बहुल संगम विहार में लोगों ने पुष्प वर्षा कर तिवारी एवं बिधूड़ी का जोरदार स्वागत किया और समर्थन देने का ऐलान किया। इस मौके पर मनोज तिवारी ने कहा की रामवीर सिंह बिधूड़ी एक विकास पुरूष हैं और संगम विहार ही नहीं बदरपुर से पालम विधानसभा के लोग आश्वस्त रहें की वह पूरे क्षेत्र में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा की गत दस साल में दक्षिण दिल्ली को अनेक विकास प्रोजेक्ट मिले और रामवीर सिंह बिधूड़ी इस विकास को और गति देंगे। रोड़ शो में डा. एससीएल गुप्ता, विजय जौली, राजकुमार चौटाला आदि सम्मलित हुए।

## दिल्ली की आबोहवा खराब, उठाएं कदम : आयोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● आयोग ने ग्रेप के तहत कार्रवाई करने के लिए उपसमिति, आईआईटीएम, आईएमडी समेत तकनीकी विशेषज्ञ के साथ की बैठक

राष्ट्रीय राजधानी की आबोहवा फिर खराब होने लगी है। हवा में प्रदूषण बढ़ने की मात्रा बढ़ने से वायु गुणवत्ता सूचकांक 243 खराब श्रेणी में पहुंच गया है।

इसको लेकर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने बुधवार को दिल्ली एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तहत कार्रवाई करने के लिए उपसमिति, आईआईटीएम, आईएमडी द्वारा दिल्ली-एनसीआर की समग्र वायु गुणवत्ता के पूर्वानुमानों से संबंधित तकनीकी और विशेषज्ञ इनपुट का आकलन करने के लिए की बैठक की। विशेषज्ञों ने वायु गुणवत्ता परिदृश्य की समीक्षा करते समय, यह बताया गया कि उच्च संवहन दर और पूर्ण शुष्क परिस्थितियों के साथ-साथ बढ़ते तापमान के कारण हवा की दिशा और गति तेजी से बदल रही है, जिससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में धूल का जमाव जारी है।

ग्रेप की उपसमिति ने वायु गुणवत्ता परिदृश्य की व्यापक समीक्षा करने के बाद एनसीआर के संबंधित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड समेत अन्य संबंधित हितधारकों, एजेंसियों को कुछ जरूरी कदम तत्काल उठाने का का निर्देश दिया है।

एनसीआर और उसके आसपास आग लगने की घटनाओं और खुले में नगरपालिका ठोस अपशिष्ट जलाने पर कड़ी नजर रखें और सभी निवारक उपाय सुनिश्चित करें।

### कांग्रेस के नेता जय किशन शर्मा भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस के नेता जय किशन शर्मा भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, अरविन्दर सिंह लवली की मौजूदगी में पार्टी की सदस्या ग्रहण की।

इसके अलावा पूर्व निगम पार्षद प्रत्याशी कमल गौड़, पूर्व निगम पार्षद नीरज शर्मा, सुमेश कपूर, आनंद कुमार एवं राजेन्दर बागरी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। रमेश पोखरियाल ने कहा कि दिल्ली जिस तरह भाजपा लगातार आगे बढ़ रही है उससे साफ हो गया है कि लोकसभा चुनाव में तो पार्टी सातों सीटे जीत का परचम लहराएगी।

## आबकारी मामले में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 30 तक बढ़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 30 मई तक बढ़ा दी।

सीबीआई और ईडी के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने मामले में आरोप तय करने पर आगे की दलीलों के लिए भी 30 मई की तारीख तय की। न्यायाधीश ने कहा कि आरोपों पर दलीलों को आगे बढ़ाने का एक आवेदन उच्च न्यायालय में लंबित है। सिसोदिया और हिरासत में बंद अन्य आरोपियों को जेल से ही वीडियो कॉन्फ्रेंस से अदालत के समक्ष पेश किया गया था। अदालत ने 30 अप्रैल को कथित घोटाले के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में सिसोदिया की जमानत अर्जी खारिज कर दी थीं। अदालत ने सीबीआई और ईडी के साथ-साथ सिसोदिया के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। ज्ञात हो कि गिरफ्तारी के बाद मनीष सिसोदिया ने डिप्टी सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था।

## कागज के गोदाम में लगी आग, एक की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● शकरपुर इलाके की घटना, मामले में मालिक गिरफ्तार



पूर्वी दिल्ली में मंगलवार देर रात को कागज के एक अवैध गोदाम में आग लगने एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सतेंद्र पासवान के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए गोदाम के मालिक सोनू कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दिल्ली अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, शकरपुर इलाके में स्थित दो मंजिला इमारत में आग लगी थी, जहां एक कमरे में जले हुए कार्डबोर्ड के पीछे से सतेंद्र पासवान का शव बरामद किया गया। मंगलवार रात करीब दो बजे इस घटना की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकल की छह गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया और सुबह सात बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। पासवान की बहन सारो देवी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उसका भाई गोदाम में काम करता था। देवी ने कहा, वह रात को अपने भाई को यहां ढूंढने आई थी, लेकिन वह मुझे नहीं मिला। आज सुबह भाई का शव बरामद किया गया। उसका भाई अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता था। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इमारत में अवैध रूप से गोदाम बनाया गया था। स्थानीय निवासी अनिल शर्मा ने कहा, यह गोदाम हमारे आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से बना था। गोदाम में दूसरी बार आग लगी है। पुलिस ने बताया कि पासवान गोदाम में काम करता था और वहीं रहता था, हालांकि उसका परिवार अपने मूल स्थान पर रहता है। शकरपुर पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 285 (आग या ज्वलनशील पदार्थ के संबंध में लापरवाहीपूर्ण आचरण) और 304ए (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वे यह भी जांच करेंगे कि क्या गोदाम अवैध था।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को चुनाव आयोग ले रहा इन्फ्लुएंसर्स की मदद

● दिल्ली पुलिस मतदाताओं का पंजीकरण करने पर करे कार्रवाई : सीईओ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी कृष्णमूर्ति

भीषण गर्मी में राष्ट्रीय राजधानी में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाना निर्वाचन आयोग के लिए चुनौती बना है। निर्वाचन आयोग चुनाव के लिए राष्ट्रीय राजधानी में मतदान के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने के मकसद से सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की मदद ले रहा है।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी कृष्णमूर्ति ने कहा कि आयोग सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (एसवीईईपी) कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर रहा है। पी कृष्णमूर्ति ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इस बार एक अनोखी पहल में, विभिन्न जिलों में इस काम के लिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को शामिल किया गया है। हमारे कुछ जिलों में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रैपर्स, यात्रा गाइड, खान-पान विशेषज्ञों जैसे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स तथा युवाओं की मदद हम ले रहे है। स्कूलों में गतिविधियां आयोजित करने से लेकर बच्चों को मतदान के महत्व के बारे में सिखाने से लेकर वॉकाथन और मतदाता मेला आयोजित करने तक, निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए कई पहल शुरू की हैं। यह एक सतत प्रक्रिया है जो पूरे साल चलती रहती है। उन गतिविधियों के परिणामस्वरूप मतदाताओं, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और यहां तक कि तृतीय लिंगी मतदाताओं की संख्या में भी वृद्धि हुई है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चुनाव में मतदान के लिए महिलाओं के पंजीकरण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, तथा लिंग अनुपात 2019 के लोकसभा चुनावों में 818 था जो इस बार बढ़कर 851 हो गया है। सीईओ ने कहा कि पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की संख्या में भी वृद्धि हुई है। इस साल के संसदीय चुनावों के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में 82 लाख से अधिक मतदाता पुरुष और 69 लाख से अधिक मतदाता महिलाएं हैं। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में तृतीय लिंगी मतदाताओं की संख्या 1228 है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान, राष्ट्रीय राजधानी में 78 लाख से अधिक पुरुष मतदाता थे, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 64 लाख से अधिक और तृतीय लिंगी मतदाताओं की संख्या 669 थी। कृष्णमूर्ति ने कहा कि उनकी टीम मतदाता जागरूकता गतिविधियां चला रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले ध्यान लोगों को मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित करने पर था, और अब उन्हें वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करने पर केंद्रित हो गया है। उन्होंने बताया, वे लोगों को चुनाव में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ए दल स्थानीय क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं, छात्रों, युवाओं, महिलाओं समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहे हैं, मानव शृंखला, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक आयोजित कर रहे हैं। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में, दिल्ली में लगभग 65 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो 2019 के आम चुनाव में घटकर लगभग 60 प्रतिशत हो गया। दिल्ली में 25 मई को मतदान होना है और मौसम विभाग ने उस दौरान भीषण गर्मी रहने का अनुमान जताया है। हालांकि, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि उन्हें अच्छे मतदान की उम्मीद है।

सीईओ ने कहा कि आयोग ने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए सभी हितधारकों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा हमने गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए कुछ उपाय शुरू किए हैं। इसमें छायादार क्षेत्र बढ़ाना, ठंडे पेयजल की व्यवस्था करना, प्रतीक्षा क्षेत्र में पंखे, कूलर, दिल्ली जल बोर्ड के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराना और सुरक्षा उपायों की तैनाती शामिल है।

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम - मिनी रत्न)
LiFE
आईआरसीटीसी आमंत्रित करता है:-
1. खुली ई-निविदा सं.: 2024/आईआरसीटीसी/कैट./रिफ्रेशमेंट रूम/01 - 5 वर्षों की अवधि के लिए रिफ्रेशमेंट रूम में केटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए खुली ई-निविदा-सह-ई-नीलामी निविदा दस्तावेज ... जमा करने की अंतिम तिथि 06.06.2024 को 15:00 बजे तक। ई-मेल: anjali5065@irctc.com
2. खुली ई-निविदा सं.: 2024/आईआरसीटीसी/कैट./जन आहार/01 - 5 वर्षों की अवधि के लिए जन आहार में केटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए खुली ई-निविदा-सह-ई-नीलामी निविदा दस्तावेज ... जमा करने की अंतिम तिथि 06.06.2024 को 15:00 बजे तक। ई-मेल: anjali5065@irctc.com
3. खुली ई-निविदा सं.: 2024/आईआरसीटीसी/एनजेड/एफपी-एफएफयू/ओपन टेंडर/01 - ... जमा करने की अंतिम तिथि 06.06.2024 को 15:00 बजे तक। ई-मेल: anjali5065@irctc.com
4. खुली ई-निविदा सं.: 2024/आईआरसीटीसी/एनजेड/एफपी-एफएफयू/ओपन टेंडर/02 - ... जमा करने की अंतिम तिथि 06.06.2024 को 15:00 बजे तक। ई-मेल: anjali5065@irctc.com
5. खुली ई-निविदाएं ... 07.06.2024 को 12:00 बजे एवं 12:15 बजे होगी।
6. खुली ई-निविदा सं.: आईआरसीटीसी/... /2024/... 24.05.2024 को 15:00 बजे तक।
... www.irctc.com ... www.tenderwizard.com/IRCTC ... GeM पोर्टल ...
ecatering.irctc.co.in

# पीठ व खाट पर नहीं, व्हील चेयर पर वोट डालने जाएंगे बुजुर्ग, दिव्यांग

● बुजुर्गों, दिव्यांगों को घर से ही वोट डालने की पहली बार मिलेगी सुविधा, मतदान केंद्र जाना चाहेंगे तो व्हील चेयर का होगा इंतजाम, इस बार चुनाव आयोग ने मतदाताओं के लिए सहूलियतों का रखा है खास ख्याल



प्रतीकात्मक फाइल फोटो।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

चुनाव कोई भी हो, मतदाताओं में इतना जोश और जुनून होता है कि वे अपन घर के बड़े-बुजुर्गों, दिव्यांगों को मतदान केंद्र तक लाने के लिए कड़ी मशक्कत करते हैं। कोई अपनी पीठ पर इन्हें बिठाकर लाता है तो कोई उन्हें खाट (चारपाई) समेत ही मतदान केंद्र तक ले आता है।

इस बार 2024 के आम चुनाव में ऐसा नहीं होगा। कोई बुजुर्ग, दिव्यांग युवाओं की पीठ पर या खाट पर वोट डालने के लिए मतदान केंद्र नहीं जाएगा। उनकी मर्जी रहेगी कि वे वोट अपने घर से ही डाले या फिर मतदान केंद्र पर। उन्हें उसी तरह की सुविधा मिलेगी। निर्वाचन आयोग ने बुजुर्गों दिव्यांगों की परेशानियों को समझते हुए निर्देश दिए कि मतदाताओं को किसी भी सूरत में परेशानी नहीं आनी चाहिए। दिव्यांगों, 85 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों व आश्वयक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों को मतदान के लिए बैलेट पेपर से मतदान कराया जाएगा।

वैसे तो हरियाणा में 25 मई को लोकसभा चुनाव होंगे, लेकिन बैलेट पेपर से वोट पहले ही यानी 16 और 18 मई को विशेष अभियान चलाकर डलवाए जाएंगे। इस दौरान पोलिंग पार्टी में ड्यूटीरत कर्मचारी बुजुर्गों, दिव्यांगों के घर पर जाएंगे और बैलेट पेपर से वोट पोल कराएंगे। इस दौरान मतदान की प्रक्रिया को पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा। यान पहले जैसे बैलेट पेपर की तरह से अब इस मतदान की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। हालांकि बैलेट पेपर से मतदान की जानकारी सभी उम्मीदवारों को भी दी जाएगी।

कोई भी उम्मीदवार खुद या अपना चुनाव एजेंड भेजकर बैलेट पेपर से मतदान की प्रक्रिया को दूर से देख सकेगा।

गुरुग्राम जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव के मुताबिक गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र में 1904 बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्होंने बैलेट पेपर से मतदान करने के लिए फार्म-12डी भरकर घर से ही वोट डालने की सहमति दी है। इन 1904 में से 1022 मतदाता गुरुग्राम जिला के हैं।

## 3248 कर्मचारी भी बैलेट पेपर से डालेंगे वोट

आवश्यक सेवाओं जैसे दमकल, स्वास्थ्य, बिजली आदि विभाग के जिला में 34 कर्मचारियों ने बैलेट पेपर से मतदान करने के लिए फार्म-12डी भरकर जमा कराया है। इन मतदाताओं के वोट 18 से 24 तारीख के बीच सचिवालय परिसर में स्पेशल पोलिंग बूथ बनाकर डलवाए जाएंगे। जो कर्मचारी या अधिकारी दूसरे जिलों के वोटर हैं और जिनकी ड्यूटी वर्तमान समय में गुड ?ांव लोकसभा क्षेत्र में लगी हुई है, उनको मतदान का अवसर प्रदान करने के लिए फार्म-12 भरवाया गया है। लोकसभा क्षेत्र में ऐसे मतदाताओं की संख्या 3278 है। ये वोटर गुरुग्राम, नूंह व रेवाड़ी जिला में सेवारत हैं। गुरुग्राम जिला के कर्मचारी मतदाताओं के लिए लघु सचिवालय परिसर में ही बूथ बनाया जाएगा, जहां वे अपना वोट डाल सकेंगे। यह वोटिंग प्रक्रिया 18 से 24 मई के बीच पूरी कर ली जाएगी।

# मतदाताओं को वोट देने को घर पर देंगे निमंत्रण पत्र

● 1950 टाइप कर निकाली जा सकती है वोटर स्लिप, मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं का रखा जा रहा है ध्यान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मतदाताओं की सुविधा के लिए इस बार आम चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार मतदान केंद्रों पर खास इंतजाम किए जा रहे हैं। हर बूथ पर नियुक्त बीएलओ अपने क्षेत्र के मतदाताओं को उनके घर जाकर वोटर इन्फॉरमेशन स्लिप के साथ वोट डालने के लिए निमंत्रण पत्र भी देंगे।

निमंत्रण पत्र के साथ बीएलओ द्वारा मतदाताओं को उनके बूथ के बारे में सही जानकारी दी जाएगी। जिला के सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को वोटर इन्फॉरमेशन स्लिप देंगे। इसके अलावा मतदाता वोटर हेल्पलाइन तथा टोल फ्री नंबर 1950 पर मतदाता अपने बूथ के बारे में जानकारी ले सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप को डाउनलोड कर मतदाता 1950 नंबर टाईप कर उसके सामने अपनी वोटर आईडी क्रमांक को टाईप कर वोटर स्लिप को निकाल सकता है। जिस पर उसका बूथ नंबर अंकित होगा। इससे मतदाता आसानी से यह स्लिप दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार प्रत्येक मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं पर विशेष फोकस किया जा रहा है। हर मतदान केंद्र पर पेयजल, शौचालय तथा छाया में बैठने के इंतजाम किए जा रहे हैं। जिससे कि मतदाता को अधिक समय तक धूप में ना खड़ा होना पड़े। इस संबंध में सभी एआरओ अपने-अपने क्षेत्र में मतदान केंद्रों पर पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए जिम्मेदार रहेंगे। डीसी ने बताया कि वोटर इन क्यू एप के माध्यम से बूथ पर लाइन में लगे मतदाताओं की जानकारी ऑनलाइन मुहैया रहेगी। मतदान के दिन 25 मई को बादशाहपुर, पटौदी व गुड़गांव के वोटर यह एप डाउनलोड कर लाइन में लगे मतदाताओं की संख्या की जानकारी हासिल कर सकता है।

## प्रचार के लिए सरकारी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग की अनुमति नहीं होगी

गुरुग्राम। लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता को जिला में प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। सार्वजनिक संपत्ति यानि सरकारी और अर्ध सरकारी संपत्ति पर चुनाव से संबंधित वॉल पेंटिंग करने की पूरी तरह से मनाही रहेगी। ऐसा करने के आरोपी के विरूद्ध डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिला में आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए अधिकारियों की गठित की गई सर्विलेंस टीमों को निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि कहीं सरकारी भवन की दीवार पर चुनावी नारे लिखे नजर आते हैं तो संबंधित राजनीतिक पार्टी या लिखवाने वाले कार्यकर्ता के खिलाफ संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाए। ऐसे मामलों में पूरी सख्ती बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने के लिए संपत्ति मालिक की लिखित में पूर्व अनुमति लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने वाले पेंटर को अपना नाम व मोबाइल नंबर भी पेंटिंग के नीचे लिखना होगा। उन्होंने कहा कि किसी निजी भवन पर पोस्टर, बैनर लगाने के लिए भवन मालिक की अनुमति नहीं ली गई है तो वह अपने क्षेत्र के एसडीएम-कम-एआरओ ऑफिस में अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है।

# मतदान जागरुकता की अलख जगाएंगे ऑटो रिक्शा

● एडीसी ने प्रचार सामग्री चस्पा कर शुरू किया अभियान



एडीसी ने प्रचार सामग्री चस्पा कर अभियान का शुभारंभ किया।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

एडीसी व स्वीप अभियान के नोडल अधिकारी हितेश कुमार मीणा ने बुधवार को ऑटो रिक्शा पर जिला निर्वाचन कार्यालय की तरफ से मतदाता जागरूकता विषय को लेकर प्रचार सामग्री चस्पा कर अभियान का शुभारंभ किया।

जागरूकता अभियान के तहत अब जिला में चल रहे ऑटो रिक्शा मतदाताओं को 25 मई के दिन अपने मत का प्रयोग करने के प्रति प्रेरित करते नजर आएंगे। इस दौरान उन्होंने वाटिका चौक पर लोकतंत्र की दीवार व ईवीएम की डम्मी का लोकार्पण कर उपस्थित जन को मतदान जागरूकता की शपथ भी दिलाई। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने उपस्थित जन को संबोधित करते हुए कहा कि देश की तरक्की और लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। इन चुनावों में मतदाताओं को वोट डालने के प्रति अलग-अलग माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार 25 मई को मतदान होगा। इन चुनावों में जिला निर्वाचन कार्यालय का लक्ष्य है कि 80 फीसदी से ज्यादा मतदान हो, इसलिए मतदाताओं को उनके वोट के महत्व के बारे में घर-घर व गली-गली जाकर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा, प्रशासन स्वीप गतिविधियों के तहत प्रचार के प्रत्येक माध्यम का प्रयोग किया जा रहा है। मतदाताओं को सोशल साइट्स पर जागरूक किया जा रहा है।

# चुनाव में लापरवाही की गुंजाइश नहीं : एसडीएम

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार और जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी नेहा सिंह के मार्गदर्शन में लोकसभा आम चुनाव 2024 की प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के दृष्टिगत सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं पलवल के एसडीएम नरेंद्र कुमार ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में मंगलवार देर शाम नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव की ड्यूटी का कार्य बहुत जिम्मेदारी वाला होता है, इसलिए अपनी ड्यूटी के प्रति संवेदनशील रहे। वहीं चुनाव सामग्री देने व लेने का कार्य सावधानी और व्यवहार कुशलता से करें। उन्होंने नोडल अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव को संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई हिदायतों की जानकारी होना जरूरी है। यदि कोई संशय है तो उसके बारे में समय रहते अपने उच्च अधिकारी से जानकारी हासिल कर दूर कर लें। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी कर्मचारी किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतें।

## ईवीएम लोकार्पण के साथ हस्ताक्षर अभियान शुरू

फरीदाबाद। मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने लघु सचिवालय में डमी इवीएम का लोकार्पण करते हुए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। उनके आह्वान पर लोगों ने बढ़-चढ ?र हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लेते हुए लोकसभा चुनाव-2024 में मतदान करने की शपथ ली। लघु सचिवालय में दूर से ही नजर आने वाली बड़े आकार की डमी ईवीएम की स्थापना की गई, जिसमें वीवीपैट सहित कंट्रोल यूनिट और बैलेट यूनिट शामिल रही।

# अंडरपास की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दिल्ली-जयपुर हाईवे किया जाम

● प्रदर्शनकारियों को हाईवे से उठाने में पुलिस को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत



अंडरपास की मांग लेकर प्रदर्शन करते स्थानीय लोग।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

राठीवास गांव के पास अंडरपास बनाने की वर्षों पुरानी मांग न माने जाने से खफा ग्रामीणों ने बुधवार दिल्ली-जयपुर हाईवे को जाम लगा दिया। ग्रामीण पिछले करीब दो दशक से राठीवास मोड़ पर अंडरपास बनाए जाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन उनकी मांग को मानने को तैयार नहीं है। बुधवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और ग्रामीणों ने दिल्ली-जयपुर हाइवे का रुख कर लिया। इस दौरान उन्होंने हाइवे जाम कर दिया।

जाम लगाने से रोक रही पुलिस के साथ ग्रामीण भिड़ गए और कुछ देर तो महिलाओं ने हाथापाई भी की। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने करीब दो दशक पहले राठीवास मोड़ पर अंडरपास बनाए जाने की मांग की थी। शासन और प्रशासन ने उन्हें आश्वासन दिया था कि उनकी अंडरपास की मांग को मान लिया। जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा, लेकिन आज तक काम शुरू नहीं हुआ।

पिछले तीन सप्ताह तक पंचायत करने के बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को चेतावनी भी दी, लेकिन उनकी सुनवाई न होने पर उन्होंने हाइवे जाम करने का ऐलान कर दिया था। आज सुबह तक जब अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे तो गांव राठीवास, भूड ?ा और दिनोकरी के ग्रामीण एकत्र हो गए और हाइवे की तरफ कूच कर लिया।

सूचना मिलते ही मौके पर एनएचएआई के अधिकारी और एसडीएम पहुंचे। ग्रामीणों को समझाने का प्रयास दिया, लेकिन ग्रामीण अपनी समस्या के समाधान के लिए अड़े रहे।

जिसके बाद अधिकारियों ने अंडरपास न बनाए जाने तक राठीवास मोड़ पर कट खोलने का कार्य शुरू करा दिया। इसके बाद अधिकारियों ने राठीवास मोड़ के दोनों ओर सर्विस रोड बनाए जाने का काम भी शुरू करा दिया। इससे ग्रामीण कुछ संतुष्ट नजर आए।

# तीनों विधायकों ने 8 दिन बाद राज्यपाल, स्पीकर को भेजा समर्थन वापसी पत्र

शिखा शर्मा। चंडीगढ़

● अब विधायकों ने पत्र भेजने के लिए किया अपनी आईडी का इस्तेमाल, समर्थन पत्र पर तारीख नहीं होने से फिर फंस सकता है पेच

हरियाणा के तीन निर्दलीय विधायकों ने बुधवार को प्रदेश के राज्यपाल तथा विधानसभा स्पीकर को पत्र भेजकर भाजपा सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। इससे पहले विधायकों ने रोहतक में सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान समर्थन वापसी का पत्र जारी किया था। इस पत्र में कई तरह की खामियां होने के कारण स्वीकार नहीं किया गया था। जिसके चलते बुधवार को चरखी दादरी विधायक सोमबीर सिंह सांगवान, पुंडरी विधायक रणधीर सिंह गोलन और नीलोखेड़ी विधायक धर्मपाल गोंदर ने ईमेल के जरिये राजभवन और विधानसभा को सूचित किया है कि उन्होंने राज्य की नायब सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है।

7 मई को तीनों विधायकों ने रोहतक में प्रेस कांफ्रेंस करके भाजपा सरकार से समर्थन वापसी का ऐलान किया था। साथ ही, उन्होंने कांग्रेस के समर्थन की घोषणा भी की थी। तीन विधायकों द्वारा समर्थन वापसी के चलते नायब सरकार अल्पमत में आ गई। कांग्रेस विधायकों द्वारा राज्यपाल को लिखे पत्र में दावा किया गया कि सरकार अल्पमत में है। ऐसे में सरकार को भंग करके राष्ट्रपति शासन लगाया जाए और प्रदेश में विधानसभा के चुनाव करवाए जाएं। दस विधायकों वाली जननायक जनता पार्टी के नेता व पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत सिंह चौटाला, ऐलनाबाद से इनेलो विधायक अभय सिंह चौटाला व महम से निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू भी इसी तरह का पत्र राज्यपाल को लिख चुके हैं। हालांकि राजभवन में तीन निर्दलीय विधायकों की समर्थन वापसी की लिखित में कोई सूचना नहीं थी। इसी के चलते बुधवार को तीनों विधायकों ने ईमेल के जरिये राजभवन और विधानसभा सचिवालय की अधिकारिक ईमेल पर समर्थन वापसी के पत्र भेजे हैं। तीनों ही विधायकों ने अपने खुद के ईमेल एड्रेस से मेल किया है।

7 मई को समर्थन वापसी की घोषणा के कुछ घंटे बाद तीनों विधायकों के हस्ताक्षरों वाला एक साझा पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। लेकिन एक सप्ताह बाद भी तीनों विधायकों का कांग्रेस को समर्थन देने वाला ज्वाइंट लेटर राजभवन नहीं पहुंचा था। अहम बात यह है कि इन निर्दलीय विधायकों ने पत्र भेजने के लिए जिस ई-मेल का इस्तेमाल किया था, वह भी उनकी नहीं है। इसके बाद बुधवार को नये तीनों विधायकों ने खुद के ईमेल से समर्थन वापसी का पत्र भेजा है।

स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने दो विधायकों - रणधीर सिंह गोलन व धर्मपाल सिंह गोंदर का पत्र आने की पुष्टि की है। बताते हैं कि इस पत्र पर तारीख नहीं डाली है।

## विधायकों का राज्यपाल के सामने पेश होना जरूरी

विधायक के सरकार से समर्थन वापस लेने या फिर देने के लिए नियमानुसार राज्यपाल के सामने व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होना अनिवार्य है, या फिर उस व्यक्ति की आधिकारिक ई-मेल आईडी होनी चाहिए। राजभवन में किसी भी निजी व्यक्ति या अन्य पार्टियों की आईडी से भेजे गए ऐसे लेटर पर विचार नहीं किया जाता। राजभवन इस मामले में केवल विधायकों से सीधे प्राप्त होने के बाद ही लेटर पर कार्रवाई करेगा। हरियाणा राजभवन के रिकार्ड में अभी उनका भाजपा के समर्थन वाला लेटर ही लगा हुआ है।

## लड़की को जल्द ढूंढने पर 6 पुलिसकर्मी सम्मानित

फरीदाबाद। पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह ने पुलिस चौकी मंगर तथा दो नंबर पुलिस चौकी के पुलिसकर्मियों को 88 पेटी शराब पकड़ने तथा अपहरण के मामले में त्वरित कार्रवाई कार्य करने वाले 6 पुलिसकर्मियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कोतवाली के चौकी नंबर 2 का है जिसमें तैनात एएसआई देवेन्द्र, हवलदार जय प्रकाश व सिपाही सन्दीप कुमार ने कोतवाली थाने में अपहरण की धाराओं के तहत दर्ज मुकदमे में त्वरित कार्रवाई करते हुए 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को नीलम बाटा रोड से मात्र 30 घंटे में बरामद करने में सफलता हासिल की। लड़की मर्जी से गई थी।

# नूंह की बेटी के पं. बंगाल में जज बनने पर क्षेत्र में खुशी की लहर

पीएनएस। गुरुग्राम/नूंह



पं. बंगाल में जज बनने वाली रुखसाना।

नूंह (मेवात) संगीत, शिक्षा के क्षेत्र में कई युवाओं ने क्षेत्र का नाम रोशन करने के बाद इस सूची में क्षेत्र की रुखसाना का भी नाम जुड़ गया है, जिसने पश्चिम बंगाल लोक सेवा आयोग की न्यायिक परीक्षा में तीसरा स्थान हासिल किया है। अब रुखसाना वहां पर जज बनेंगी। रुखसाना की उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र को गर्व है।

नूंह जिला के गांव गांव सुनारी की रहने वाले रुखसाना ने 24 मार्च 2023 को पश्चिम बंगाल में न्यायिक परीक्षा दी थी। मंगलवार को ही परिणाम घोषित हुआ है। रुखसाना के मुताबिक दसवीं कक्षा तक तो वह तावडू में ही मॉडल स्कूल में पढ़ी। उसने 12वीं कक्षा अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से की व जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय से एलएमएल की पढ़ाई की। वहां से एलएलबी भी की। रुखसाना ने बताया कि वर्ष 2021-22 में हरियाणा न्यायिक परीक्षा में साक्षात्कार हआ था, लेकिन चयन नहीं हो पाया था।

# मां ने 8 साल के बेटे की गला दबाकर की हत्या

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

कलयुगी मां ने जन्म देने वाली आठ साल के बेटे की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या का पता ना चले, इसके लिए महिला ने पुलिस को गुमराह करते करने की कोशिश की। पुलिस की सख्ती से बच्चे की मां ने बच्चे की हत्या की बात कबूली। पुलिस इस घटना की जांच में जुटी है कि आखिर मां ने बेटे की हत्या क्यों की। प्राथमिक जांच में मां के अवैध संबंधों का पुलिस को शक है।

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी की रहने वाली महिला यहां सेक्टर-18 स्थित सरहोल गांव में परिवार के साथ रहती है। उसका 8 साल का एक बेटा भी था। बच्चे की तबियत खराब होने की बात कहकर बच्चे की मां पूनम देवी ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में बच्चे की मौत हो गई। इस घटना की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। मौके पर बच्चे की मां पूनम और पिता अरविंद कुमार पुलिस को मिली। मजदूरी करने वाले अरविंद कुमार ने पुलिस को शिकायत देकर कहा कि उसके पड़ोसी ने उन्हें 8 साल के बेटे कार्तिक की तबियत खराब होने की बात कही। वह सरहोल में घर पर पहुंचा। वहां पर बहुत भीड़ लगी थी। उनका बेटा बेहोशी की हालत में था। उसकी पत्नी पूनम रो रही थी। बेटे की गर्दन पर निशान थे।

# नवीन को संसद में भेजकर युवा शक्ति 400 पार को करेगी साकार

## भाजपा प्रत्याशी ने बाइक रैली में कहा, युवाओं के लिए बहुत सी योजनाओं को करेंगे लागू, हर साल हजारों होंगे लाभान्वित

सौरभ चौधरी। कुरुक्षेत्र



चुनाव प्रचार के दौरान बाइक रैली निकालते नवीन जिंदल।

कुरुक्षेत्र में बुधवार की सुबह थीम पार्क में सैंकड़ों ट्रैक्टरों पर सवार युवा किसानों और हजारों बाइक सवार युवाओं ने एक बार फिर नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री और अबकी बार 400 पार के नारे को साकार करने का स्पष्ट संकेत दे दिया है। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष साहिल सुधा के नेतृत्व में आयोजित विशाल बाइक रैली में भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल ने साहिल सुधा के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर उन्हें अपना समर्थन देने पहुंचे सभी युवा किसानों और युवा शक्ति का हाथ जोड़कर अभिवादन किया।

थीम पार्क में उमड़ी युवा शक्ति को संबोधित करते हुए नवीन जिंदल ने कहा कि किसी भी देश की दशा और दिशा बदलने में युवा शक्ति की अहम भूमिका होती है। ऐसे में इस बार भी लोकसभा चुनाव में युवा शक्ति अपनी अहम भूमिका निभायेगी और पिछले दो चुनावों की तरह इस चुनाव में भी एक बार फिर कमल का फूल खिलकर नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का काम करेगी।

नवीन जिंदल कहा कि उन्होंने युवाओं के लिए बहुत सी योजनाएं बनाई हुई है जिन्हें लोकसभा चुनाव के परिणाम आते ही शीघ्रता से लागू किया जाएगा। इससे कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रतिवर्ष हजारों युवाओं को इन योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने भव्य बाइक रैली के आयोजन के लिए युवा मोर्चा अध्यक्ष साहिल सुधा की पीठ भी थपथपाई।

नवीन जिंदल ने थीम पार्क में सैंकड़ों की संख्या में खड़े ट्रैक्टरों और मोटर साइकिलों की अगुवाई खुद भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल ने की। उन्होंने सफेद रंग की स्कूटी को चलकर इस बाइक रैली को रवाना किया और थीम पार्क से गांव बाहरी के लिए रवाना हुए। जगह जगह नवीन जिंदल और साहिल सुधा का स्वागत किया गया। सभी ने जनता से 25 मई को कमल के सामने वाला बटन दबाकर भाजपा को मजबूत करने की अपील की। भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं साहिल सुभाष सुधा इन सभी कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। साहिल सुधा थानेसर हल्के में भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के समर्थन में आयोजित भव्य कार्यक्रमों का पहले भी कुशल संचालन कर चुके हैं। इसी कड़ी में बुधवार को साहिल सुभाष सुधा का जलवा एक बार फिर नजर आया वो भी 12 घंटों में बैक टू बैक आयोजित होने वाले 22 कार्यक्रमों में।

## रैली का 21 ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ भव्य स्वागत

गौरतलब है कि बुधवार को साहिल सुधा के नेतृत्व में 21 अलग अलग गावों में भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के समर्थन में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बाइक रैली कार्यक्रमों की श्रृंखला में गांव बाहरी, जोगनाखेडा, नरकातारी, दबखेड़ी, बलाही, समसपुर, बगथला, घमूरखेड़ी, हंसाला, मलिकपुर, सिंहपुरा, बहादुरपुरा, भिवानी खेड़ा, बिशनगढ़ आदि शामिल थे।

## चुनाव विमर्श
### अत्यधिक गिरावट

**चुनाव में प्रतिद्वंद्वी** विरले ही एक-दूसरे की प्रशंसा करते हैं, लेकिन वर्तमान चुनाव विमर्श में अत्यधिक गिरावट आ गई है। यदि वर्तमान आईपीएल व लोकसभा चुनाव में ज्यादा मनोरंजक विकल्प चुनना हो तो संभवत: लोकसभा चुनाव को पहला स्थान मिलेगा। चुनाव जीतने के लिए नए-नए व्यंग्य तलाशने, ओछी टिप्पणियां करने, परिवारी सदस्यों पर भद्दे आरोप लगाने, अप्रिय अभियान चलाने तथा कीचड़ उछालने जैसे काम जारी हैं। सामान्य चुनाव की तुलना में इस चुनाव के ज्यादा आक्रामक व क्रूर होने के करण सोशल मीडिया राजनेताओं के ऐसे वीडियो से भरा है जो गली के गुंडों को भी शर्मिन्दा कर देंगे। उदाहरणार्थ, भाजपा की मंडी से उम्मीदवार कंगना रनौत को अनेक गालियां सुननी पड़ीं जिनमें से अनेक इतनी भद्दी हैं कि उनका उल्लेख तक नहीं किया जा सकता है। चिन्ताजनक बात है कि पार्टियों के 'स्टार प्रचारकों' ने भी सभ्यता को हवा में उड़ा दिया है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा विपक्षी दलों के नेताओं, खासकर कांग्रेसी नेताओं के बीच बहुत तीखी बहस हुई है। मोदी ने विपक्षी नेताओं पर 'कायर और पाकिस्तान से भयभीत' होने के आरोप लगाए हैं, जबकि कांग्रेस ने उनको 'कार्पोरेट का मुहरा' कहा है। कांग्रेस ने दुष्टतापूर्वक यह आरोप भी लगाया है कि यदि वे इस बार भी जीत गए तो भारत में फिर कोई चुनाव नहीं होंगे। इस प्रकार के वार्तालाप से न केवल गहन राजनीतिक ध्रुवीकरण रेखांकित होता है, बल्कि इससे चुनाव प्रचार के गिरते मानक भी स्पष्ट होते हैं। मोदी द्वारा लगाए आरोप भाजपा द्वारा तैयार विमर्श के अनुरूप हैं जिसके चलते वह स्वयं को राष्ट्रीय सुरक्षा की संरक्षक मानती है। ऐसी टिप्पणियां भले ही मतदाताओं के एक वर्ग




को आकर्षित करें, पर वे राजनीति में जहरीला ध्रुवीकरण पैदा करती हैं। विपक्ष पर पाकिस्तान के प्रति नरमी का आरोप लगा कर मोदी अपने प्रतिद्वंद्वियों को अपमानित कर भावनात्मक रूप से अपना समर्थन बढ़ाना चाहते हैं।

दूसरी ओर कांग्रेस भाजपा सरकार की नीतियों को 'बड़े बिजनेस घरानों' के पक्ष में बताने का प्रयास कर रही है। इस प्रकार विपक्ष की रणनीति स्वयं को आम आदमी के हितों के पैरोकार की तरह पेश कर मोदी को कार्पोरेट हितों का प्रतिनिधि बताने की है। लेकिन बिना समुचित प्रमाण के ऐसे आरोप लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास घटाते तथा मतदाताओं का और ध्रुवीकरण करते हैं। यह तथ्य भी है कि विपक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बार-बार बिना किसी आधार के तानाशाह होने का आरोप लगाता रहता है। इन आरोपों को प्रचारित करने के तरीके खासकर चिन्ताजनक हैं। चुनाव प्रचार में व्यक्तिगत हमले, चरित्र हनन तथा भड़काऊ बयानबाजी आम हो गए हैं। नीतिगत मुद्दों और प्रशासन पर विमर्श करने के बजाय पार्टियां भावनायें और घृणा भड़काने में लग गई हैं। चुनाव प्रचार के गिरते मानक लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले गहरे ढांचागत मुद्दों का संकेत देते हैं। धन बल के प्रभाव, फर्जी खबरों और दुष्प्रचार के बढ़ने तथा संस्थागत नियंत्रण व संतुलन प्रक्रिया में कमी से ऐसा माहौल बना है जो नकारात्मक अभियान तथा ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे रहा है। सोशल मीडिया के विस्तार के कारण विभाजनकारी लफ्फाजी का प्रभाव और विस्तार कई गुना बढ़ा है। दुर्भाग्य से निर्वाचन आयोग इन 'बड़बोले नेताओं' पर लगाम लगाने में विफल रहा है। इन सारी चीजों को देखते हुए हम सबकी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि नेता 'लक्ष्मण रेखा' न पार करें। मतदान के दिन हम सब ईवीएम का बटन दबा कर यह सुनिश्चित कर सकते हैं।

# चुनाव में अनुमानों का दौर

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार विजय के अनुमानों के साथ ही राजनीतिक पार्टियों में आंतरिक मतभेदों, पालाबदल व मतदाताओं की तुलनात्मक निष्क्रियता से अनिश्चितता का आयाम बढ़ा है।**



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत में चल रहे वर्तमान लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार विजय के अनुमानों के साथ ही राजनीतिक पार्टियों में आंतरिक मतभेदों, पालाबदल व मतदाताओं की तुलनात्मक निष्क्रियता से अनिश्चितता का आयाम बढ़ा है। अनेक अन्य देशों की तरह भारत में भी राजनीतिक पार्टियां अक्सर आधिकारिक चुनाव परिणाम आने के पहले से ही अपनी विजय का दावा करने लगती हैं। वास्तव में स्वयं को विजेता के रूप में प्रदर्शित करना उनकी राजनीति का अंग है। वर्तमान लोकसभा चुनाव भी उनके लिए एक अन्य राजनीतिक घटना की तरह हैं। हालांकि, राजनीतिक पार्टियां इस चुनाव को बहुत महत्व दे रही हैं क्योंकि इसमें अनेक पार्टियों के साथ ही उनके अनेक राजनेताओं का भविष्य भी दांव पर लगा है। इस प्रकार वर्तमान लोकसभा के चुनाव परिणाम उन पर गहरा और व्यापक असर डालेंगे। देश के वर्तमान राजनीतिक और चुनावी परिदृश्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी-भाजपा ने अपनी विजय की घोषणा करते हुए कहा है कि चुनाव परिणाम उसकी उम्मीदों के अनुरूप होंगे।

विपक्षी दलों का अनुमान इसके विपरीत है। उनका कहना है कि इस बार मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। हालांकि, राजनीतिक दलों के परस्पर विरोधी दावों के बीच वास्तविक परिणाम अनिश्चित हैं। इससे राजनीतिक परिदृश्य में 'सस्पेंस' या कौतूहल का आयाम जुड़ गया है। वर्तमान लोकसभा चुनाव में मतदान सात चरणों में होगा जिसमें से चार चरण पूरे हो गए हैं। मतदान के बाकी तीन चरण 20 व 25 मई तथा 1 जून को पूरे हो जाएंगे। मतदान के इन चरणों का 4 जून को घोषित होने वाले चुनाव परिणामों पर व्यापक असर पड़ेगा।

हालिया जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इन चुनावों में अभूतपूर्व व असाधारण ढंग से तीसरी बार विजय की आशा है। जनमत सर्वेक्षणों के बाद बहस अब केवल इस बात पर हो रही है कि भाजपा अपने संसद सदस्यों की संख्या बढ़ाने में सफल होगी अथवा उसमें थोड़ी कमी आएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत अनेक भाजपा नेताओं का दावा है कि भाजपा-नीत राजग को इस चुनाव में लोकसभा की 543 सीटों में से 400 से अधिक पर सफलता प्राप्त होगी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि राजग ने पहले तीन मतदान चरणों की 283 सीटों में से 200 पर विजय प्राप्त कर ली है। भाजपा के इन अनुमानों को इस परिदृश्य में देखा जाना चाहिए कि अतीत में केवल 1984 में एक बार कांग्रेस पार्टी को 400 सीटें पाने में सफलता मिली थी। हालांकि, राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार समर्थन की कोई स्पष्ट लहर न दिखने के कारण राजनेताओं को अपनी रणनीति बदलनी पड़ी है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, भाजपा ने लाभ प्राप्त करने के लिए मुख्यत: पांच रणनीतियों पर काम किया है। उसने चुनाव मैदान में सेलेब्रिटी उम्मीदवार उतारे हैं ताकि जनता में उनके आकर्षण का लाभ उठाया जा सके। इसके साथ ही उसने अपना हिंदू जनाधार मजबूत किया है, अल्पसंख्यक समुदायों से संपर्क मजबूत किए हैं तथा ऐसे क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं को अपने साथ लाने की खास रणनीतियां बनाई हैं जो विपक्ष शासित या उनके प्रभाव वाले राज्यों में रहते हैं। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से भाजपा ने 'मोदी करिश्मे' का प्रयोग करने का प्रयास किया है। भाजपा ने पिछले दस साल में सचेतन व सुनियोजित ढंग से मोदी की ऐसी 'छवि' बनाई है जो विपक्षी नेताओं पर भारी पड़े। इसके जवाब में कांग्रेस तथा उसकी सहयोगी पार्टियों ने अपने रणनीतिक कदम के रूप में हिंदू समाज की गरीब और हाशियाकृत जातियों को साथ लाने और उनमें अपना जनाधार मजबूत करने के प्रयास किए हैं।

वर्तमान चुनाव के अब तक हुए मतदान के चार चरणों में पिछले 2019 लोकसभा चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत थोड़ा कम रहा है। निर्वाचन आयोग ने कुछ महानगरीय शहरों में कम मतदान प्रतिशत पर चिन्ता प्रकट की है जिससे हाईटेक शहरों में मतदाताओं में गंभीर उदासीनता स्पष्ट होती है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि मतदान परिणाम प्रभावित करने में हर मतदाता की बड़ी भूमिका होती है। अतीत पर गौर करें तो इसके अनेक उदाहरण मिलते हैं। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री सी.पी. जोशी को केवल एक वोट से चुनाव में पराजय मिली थी। मजेदार बात है कि उनकी पत्नी और बेटी विजय के लिए प्रार्थना कर रही थीं और इस कारण वोट नहीं डाल पाई थीं। इससे पता चलता है कि चुनाव में एक वोट का भी कितना महत्व होता है। इस उदाहरणसे इस तथ्य को भी महत्व मिलता है कि केवल एक वोट भी चुनाव परिणाम बल सकता है। वर्तमान चुनाव में मतदान के पहले चार चरणों में देश के कुछ हिस्सों में भारी गरमी के कारण मतदान प्रतिशत में संभवत: कमी आई है। हालांकि, अधिक मतदान को आमतौर से 'सत्ता-विरोधी' लहर का प्रतीक माना जाता है, लेकिन कम मतदान से भी कभी-कभी सत्तारूढ़ दल को नुकसान हो सकता है क्योंकि ऐसे में स्थानीय मुद्दे मतदान परिणाम को प्रभावित कर सकते हैं। भाजपा का उद्देश्य भारत के 6 राज्यों में अपनी स्थिति सुधारना है। इनमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु व केरल शामिल हैं। लेकिन उसे यहां क्षेत्रीय दलों से चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जो राज्य चुनावों में वर्चस्व स्थापित कर समग्र रूप से चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकती हैं। एक हालिया रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव परिणामों के अनुमान में अनिश्चितता की बात कही है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हिंदी में 'एक्स' पर संदेश दिया है कि प्रधानमंत्री अपने मित्रों पर हमले कर रहे हैं जिससे संकेत मिलता है कि मोदी की कुर्सी हिल रही है। सपा नेता अखिलेश यादव ने ट्वीट किया कि पहले दो मतदान चरणों के बाद भाजपा की हालत खराब हुई है। कांग्रेस पार्टी की रणनीति मुख्यत: समाज कल्याण व आर्थिक सशक्तीकरण को केन्द्र में लाना है। इससे वह मतदाताओं की प्राथमिक चिन्ताओं पर ध्यान केन्द्रित कर उनके बड़े वर्ग को प्रभावित करना चाहती है। यदि मतदाताओं का समर्थन मिले तो इससे चुनाव परिणाम प्रभावित हो सकते हैं। लेकिन कांग्रेस के समक्ष मुख्य चुनौती अपने सदस्यों को एकजुट रखना है। मोदी के उभार के बाद राज्यस्तरीय नेताओं समेत अनेक नेता भाजपा में चले गए हैं। भाजपा ने उनमें से कुछ को टिकट भी दिए हैं। देखना होगा कि मतदाता इन दलबदलुओं पर क्या फैसला देते हैं।

कांग्रेस में आंतरिक मतभेद वर्तमान समय में गंभीर चिन्ता का विषय हैं। विरोधी दलों से उनके संबंधों के आरोप निष्ठा पर सवाल लगाते हैं। इससे पार्टी की एकता प्रभावित हो सकती है जिसका नतीजा वर्तमान चुनाव में प्रदर्शन पर पड़ेगा। इसलिए पार्टी में ऐसी घटनाओं पर नजर रखना तथा चुनाव संभावनाओं की बेहतर समझदारी जरूरी है। 2016 से 2020 के बीच कांग्रेस के 170 विधायक और 7 राज्यसभा सदस्य पार्टी छोड़ चुके हैं। इससे पार्टी में भ्रम तथा नेताओं की निष्ठा पर संदेह पैदा हो रहा है। इन आरोपों से कांग्रेस के इन नेताओं के बारे में मतदाताओं की समझ बदल सकती है। दलबदल की परिघटना से दूसरी गैर-भाजपा पार्टियां भी बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। भारत के सट्टा बाजार ने अनुमान लगाया है कि भाजपा को 330 से 335 सीटों के बीच मिल सकती हैं। इस पर एक रुपये का सट्टा लगा है। इसके साथ ही भाजपा की सीटें 350 होने पर 3 रुपये का तथा 400 पार जाने पर 12-15 रुपये का सट्टा लगा है। इसी प्रकार राजग के 400 सीटें पार होने पर 4-5 रुपये का सट्टा लगा है। ये अनुमान चुनाव परिणामों पर बाजार का दृष्टिकोण स्पष्ट करते हैं जिसका प्रभाव राजनीति पर भी पड़ सकता है।

हालांकि, निवेशकों द्वारा अपनी बोलियां घटाने के कारण शेयरबाजार मंगलवार को 1.5 प्रतिशत गिर गया। इससे कुछ राजनीतिक विश्लेषकों ने अनुमान लगाया है कि भाजपा को शायद उतनी सीटें न मिल सकें जिनका पहले अनुमान लगाया गया था। लेकिन इतना अनुमान तो लगाया ही जा सकता है कि मोदी निश्चित रूप से तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, भले ही भाजपा और राजग की सीटें 400 पार हों या नहीं। ऐसे में 4 जून को चुनाव परिणाम आने तक सस्पेंस बना रहेगा जब पता चलेगा कि मतदाताओं ने किसे पसंद किया है।

# फिल्मोत्सवों की ब्रांडिंग का असर

> "फिल्म महोत्सव ग्लैमर, करिश्मा, फैशन और सेलिब्रिटी भागफल को चित्रित करते हैं जो दर्शकों के बीच एक अनोखी हलचल पैदा करते हैं।"

**चैतन्य के प्रसाद**
(लेखक,स्तम्भकार हैं)



किसी भी ब्रांडिंग अभ्यास की सफलता लक्षित दर्शकों पर पड़ने वाले प्रभाव और प्रभाव, उत्पादों की दृश्यता, रिकॉल वैल्यू और अभियानों, लॉन्च, घटनाओं और रुझानों और शैलियों की विस्तृत श्रृंखला के दर्शकों के साथ गहरा संबंध है। इसी तरह, किसी दृश्य मंच पर ब्रांडिंग विचार या रणनीति के प्रभाव को समझना महत्वपूर्ण है, जहां आंखें सफलता का पैमाना तय करती हैं। ऐसे ग्लैमरस सर्किट और इकोसिस्टम पर ब्रांडिंग के मूल्य, तीव्रता और प्रभाव को समझने के लिए आज फिल्म महोत्सव एक आदर्श इकोसिस्टम है।

सिनेमा के क्षेत्र में, जहां रचनात्मकता वाणिज्य से मिलती है, फिल्म महोत्सव जीवंत केंद्र के रूप में काम करते हैं जहां कहानी कहने की संस्कृति के साथ मिलती है, कलात्मकता उद्योग के साथ जुड़ती है और समुदाय सिल्वर स्क्रीन के लिए साझा प्यार के आसपास बंधते हैं। सिनेमाई योग्यता के प्रदर्शन से परे, ये त्यौहार शक्तिशाली ब्रांडों में विकसित हुए हैं, जिनमें से प्रत्येक की अपनी अलग पहचान और आकर्षण है। कान्स की चकाचौंध से लेकर वेनिस फिल्म महोत्सव की विरासत तक और बर्लिन के महानगरीय आकर्षण से लेकर टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (टीआईएफएफ) की बौद्धिक पेचीदगियों और भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) की भव्यता तक, ब्रांडिंग रणनीतियां ये त्योहार संस्कृति, अर्थशास्त्र और राजनीति के अंतर्संबंध की एक आकर्षक झलक पेश करते हैं।

फिल्म महोत्सव ग्लैमर, करिश्मा, फैशन और सेलिब्रिटी भागफल को चित्रित करते हैं जो दर्शकों के बीच एक अनोखी हलचल पैदा करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में कान्स, बर्लिन, आईएफएफआई और टोरंटो ने एक अद्वितीय ब्रांड पहचान विकसित की है जिसने ब्रांडिंग क्षेत्र में कहानी और दृश्यता कथा को गढ़ा और आकार दिया है। त्यौहार अपनी नवोन्वेषी विघटनकारी प्रवृत्तियों के लिए जाने जाते हैं जो अद्वितीय आउट ऑफ द बॉक्स ब्रांडिंग की ओर ले जाते हैं। किसी भी फिल्म महोत्सव की हलचल एक अद्वितीय अभिन्न संबंध और सिनेमा को परिभाषित करने वाली आर्क लाइट और ब्रांडिंग बनाने वाले रंगों, रंगों और छवियों के बीच संबंध बनाती है। फिल्म महोत्सवों में ब्रांडिंग भागफल का एक अध्ययन महोत्सव क्षेत्र में ब्रांडिंग के विचारों, अवधारणाओं और मूल्यांकन के बदलते पहलुओं का प्रतिबिंब दर्शाता है। 4सी = रचनात्मकता, संस्कृति, सामग्री और संगति ब्रांडिंग और फेस्टिवल सर्किट के बीच अभिन्न संबंध को रेखांकित करती है।

यह रचनात्मक दिमागों, कहानीकारों, वर्णनकर्ताओं और प्रेरणादायक चर्चा करने वाले प्रमुखों का एक आदर्श संगम है। हर त्यौहार में ब्रांडिंग के कुछ खास पल होते हैं, जो दर्शकों के दिमाग पर छाप छोड़ते हैं और भावी उपभोक्ताओं और सिनेमाई उत्कृष्टता के समर्थकों पर स्थायी प्रभाव डालते हैं। त्योहारों पर अवसर असीमित हैं।

कान्स, बर्लिन, आईएफएफआई और टोरंटो अपने फिल्मांकन संस्कृति झुकाव, कथाकार के मूल्यों और कहानी कहने की युक्तियों के साथ ब्रांडिंग प्लेटफार्मों और विचारों को एकीकृत करते हैं। इन त्योहारों में एक माध्यम के रूप में ब्रांडिंग ने सॉफ्ट पावर गतिशीलता और समीकरणों को मजबूत किया है जिससे बेहतर दृश्यता, उत्पाद मूल्य, सकारात्मक धारणा बढ़ी है और आउटरीच और नेटवर्किंग के अवसर बढ़े हैं। प्रौद्योगिकी ब्रांडों का एक विचार उत्पाद प्रदर्शन का एक और स्तर सामने लाता है। इंटरएक्टिव अनुभव और मार्केटिंग आउटरीच। प्रत्येक प्रमुख त्यौहार ने अपने संस्करणों में तकनीकी उपकरणों के साथ ब्रांडों की छवि, पहचान, प्रभाव, इंटरैक्शन और इंटरफ़ेस को मजबूत किया है, जिससे स्थानों पर एक अद्वितीय उत्पाद पहचान और स्थान प्राप्त हुआ है।

प्रत्येक प्रमुख फिल्म महोत्सव, चाहे वह कान्स, टीआईएफएफ, वेनिस, बर्लिनले या आईएफएफआई हो, अपने व्यक्तित्व और मूल्यों को व्यक्त करने के लिए अपने ब्रांडिंग तत्वों के लिए सावधानीपूर्वक एक खाका तैयार करता है। अपने ग्लैमर के लिए प्रसिद्ध कान्स में रेड कार्पेट पर पाल्मे डी%ओर ट्रॉफी और मशहूर हस्तियों का चित्रण शामिल है, साथ ही एक परिष्कृत लोगो डिजाइन भी शामिल है जो अक्सर कान्स समुद्र तट को दर्शाता है। त्योहार का काला, सुनहरा और लाल रंग संतुलन, प्रतिष्ठा और उत्साह का प्रतिनिधित्व करता है।

इस बीच, टीआईएफएफ फिल्म रीलों, विविध दर्शकों और टोरंटो स्थलों को प्रदर्शित करने वाली गतिशील आइकनोग्राफी के साथ विविधता को अपनाता है, जो लाल, नीले और पीले जैसे जीवंत रंगों से पूरित होता है जो ऊर्जा, रचनात्मकता और समावेशिता को दर्शाता है। वेनिस फिल्म फेस्टिवल, अपनी समृद्ध विरासत के साथ, रियाल्टो ब्रिज या सेंट मार्क स्क्वायर जैसे वेनिस के स्थलों के शास्त्रीय चित्रण का विकल्प चुनता है, साथ ही एक परिष्कृत लोगो डिजाइन भी होता है जो वेनिस की कालातीत सुंदरता का सार दर्शाता है। आईएफएफआई सौंदर्यात्मक रूपांकनों और परिदृश्यों, पारंपरिक लोगो डिजाइन और नारंगी, लाल और सुनहरे रंगों के साथ-साथ शांत नीले और हरे रंग के प्रदर्शन के साथ भारतीय सिनेमा का जश्न मनाता है जो भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाता है। इन ब्रांडिंग तत्वों के माध्यम से, प्रत्येक त्योहार अपनी मान्यताओं को संप्रेषित करता है, दुनिया भर के दर्शकों को आकर्षित करता है और वैश्विक फिल्म उद्योग के भीतर इसके महत्व को मजबूत करता है।

फिल्म निर्माताओं के लिए, किस उत्सव में अपना काम प्रस्तुत करना है, यह न केवल आयोजन के सम्मान और प्रतिष्ठा पर निर्भर करता है, बल्कि उनकी कलात्मक दृष्टि और कैरियर लक्ष्यों के साथ इसके संरेखण पर भी निर्भर करता है। अंतर्राष्ट्रीय पहचान चाहने वाला एक फिल्म निर्माता कान्स या बर्लिनले की ओर आकर्षित हो सकता है, जबकि फिल्मोग्राफी की विस्तृत और विविध श्रेणी का समर्थन करने वालों को वेनिस या टीआईएफएफ में घर मिल सकता है। इस तरह, फिल्म महोत्सवों की ब्रांडिंग फिल्म निर्माताओं के करियर की दिशा और समग्र रूप से फिल्मों की सांस्कृतिक बारीकियों को आकार देने में एक महत्वपूर्ण कारक बन जाती है।

## आप की बात

### कांग्रेसी भविष्यवाणी

**आम चुनाव** के बारे में कांग्रेसी भविष्यवाणी जनता को कतई हजम नहीं हो रही है। राहुल, प्रियंका, सोनिया व पार्टी अध्यक्ष खड़गे कह रहे हैं कि यदि इस बार चुनाव में नरेंद्र मोदी भारी बहुमत से विजयी होते हैं तो वह देश में चुनाव प्रक्रिया खत्म कर देंगे। कांग्रेस कह रही है कि आज संविधान एवं लोकतंत्र खतरे में हैं। ऐसी भविष्यवाणी वह कांग्रेस कर रही है जिसने आपातकाल के दौरान पूरे देश को बंधक बना लिया था, संविधान में मनमाने ढंग से 44वां संविधान संशोधन कर जनता के मूलाधिकार छीन लिए थे तथा पूरे देश को जेल में बदल दिया था। कांग्रेस समझती है कि देश की जनता वे दिन भूल गई है जब कांग्रेसी नेता इंडिया इज़ इंदिरा एंड इंदिरा इज़ इंडिया के नारे लगाते थे। भारत की जनता व खासकर युवा पीढ़ी अच्छी तरह जानती है कि नेहरू-गांधी परिवार ने अपने को ही बार-बार भारत रत्न समेत अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया, संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर को चुनाव में हराने की सारी तिकड़में लगाईं तथा उनका पोर्टेट तक लोकसभा में नहीं लगने दिया। कांग्रेस की ऐसी भविष्यवाणी जनता को डराने और भ्रमित करने के लिए है, लेकिन संभवत: वह स्वयं अपने 138 साल के जीवन में आज जितनी भयभीत है, उतनी भयभीत पहले कभी नहीं थी।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

### बदहाल पाकिस्तान

**देश** की माली हालत नाजुक होने पर सरकार को अजीब निर्णय लेने पड़ते हैं। हमारा पड़ोसी पाकिस्तान इन दिनों आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया की हालत से गुजर रहा है। इसीलिए सरकार करसंग्रह बढ़ाने के लिए समय पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं करने वालों पर सख्ती से पेश आ रही है। पाकिस्तानी संघीय राजस्व बोर्ड ने रिटर्न दाखिल नहीं करने वालों की बिजली व गैस आपूर्ति काटने का निर्णय लिया था, लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ा। पिछले महीने उन लोगों के पांच लाख से अधिक सिम ब्लॉक करने का आदेश दिया था जो टैक्स नहीं दे रहे थे। लेकिन एक टेलीकॉम कंपनी की याचिका पर अदालत ने 27 मई तक इसके खिलाफ स्थगन आदेश जारी कर दिया है। देखना होगा कि पाकिस्तानी हुक्मरान अपने देश के अमीरों से टैक्स वसूली के लिए आगे क्या कदम उठाते हैं। ये सारे कदम सरकार ने आईएमएफ के आदेश पर उठाए हैं। अगर आईएमएफकी बात नहीं मानी तो वह कर्ज देना बंद कर देगा। पाकिस्तान में आम जनता महंगाई से त्राहि-त्राहि कर रही है और कई जगह विद्रोह पर आमादा है। ऐसे में पाकिस्तान लगातार बदहाली और विखंडन के कगार पर पहुंच रहा है।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### चाबहार समझौता

**चाबहार** पोर्ट समझौता भारत और ईरान के बीच हुआ महत्वपूर्ण समझौता है। इसके माध्यम से भारत और ईरान के बीच क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा और अफ़ग़ानिस्तान, मध्य एशिया और यूरेशिया के लिए नए रास्ते खुलेंगे। लंबे समय से भारत सरकार इस समझोते के लिए प्रयासरत थी। आखिरकार हमारे प्रयास रंग लाए और हमारी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति एक बार फिर सफल हुई। इस समझौते के बाद जहां समुद्र में भारत की ताकत बढ़ेगी वहीं समुद्री परिवहन भी सुगम होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि पाकिस्तान को किनारे छोड़कर समुद्री आवागमन का एक नया मार्ग हमें मिल जाएगा। चीन भी इस समझौते से जरूर तिलमिला रहा होगा क्योंकि यह पाकिस्तान को शामिल करने वाले उसकी वन बेल्ट वन रोड परियोजना का विकल्प है। लेकिन विडंबना है कि अमेरिका इस समझौते के खिलाफ भारत को चेतावनी दे रह है। ऐसे में भारतीय विदेश नीति की रणनीतिक स्वायत्तता की परीक्षा होगी। ऐसे में उम्मीद है कि 4 जून के बाद नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनने वाली मजबूत केन्द्र सरकार चाबहार समझौते को लागू करने के मामले में भी अमेरिका को मनाने में सफल होगी।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### महिला उम्मीदवार

**संसद** में महिला आरक्षण कानून पास हो जाने के बाद भी देशभर की सभी पार्टियों ने 2024 के चुनाव में महिला उम्मीदवारों को 33 प्रतिशत तो दूर 15 प्रतिशत सीटें भी नहीं दी है। इसकी प्रमुख वजह यही हो सकती है कि सभी दलों में जिताऊ महिला उम्मीदवारों की कमी है। सिर्फ फिल्मी कलाकारों व नेताओं की उत्तराधिकारी महिलाओं को ही सीटें दी गई हैं। यदि राजनीतिक दल वास्तव में महिलाओं को आगे लाना चाहते हैं तो पहले उनको पार्टी स्तर पर बड़ी जिम्मेदारियां देनी होंगी। इससे वह राजनीतिक प्रशिक्षण पाने के साथ-साथ जनता के बीच जाकर अपनी जुझारू व अधिकारियों से काम कराने वाली छवि बना सकें। इससे चुनावी टिकट पाने की उनकी दावेदारी आसान हो जाएगी। मतदान के चार चरणों में महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया है और कई स्थानों पर तो उनकी संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक रही है। चुनाव के बाकी तीन चरणों में सभी राजनीतिक दलों को अपनी महिला उम्मीदवारों को विजयी बनाने के लिए खास प्रयास करने चाहिए। ऐसा कर ही हम संसद से लेकर ग्राम पंचायतों तक में महिलाओं को समुचित स्थान दे सकेंगे।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# सपा ने बुंदेलखंड में माफिया व डकैत पैदा किए: मुख्यमंत्री

## ● नोएडा के तर्ज पर होगा बुंदेलखंड का विकास, पूरी दुनिया नौकरी मांगने आएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ महोबा



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि केंद्र और प्रदेश की सरकार ने सबसे अधिक बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास पर फोकस किया है। इस क्षेत्र को नोएडा की तर्ज पर विकसित किया जाएगा, जिसके बाद यहां के नौजवान पलायन नहीं करेंगे, बल्कि पूरी दुनिया से लोग यहां नौकरी और रोजगार के लिए आएंगे। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, सपा और बसपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि पिछली सरकारों में बुंदेलखंड के क्षेत्र में माफिया और डकैत पैदा किये गये थे। बुंदेलखंड को पानी के लिए तरसाया गया। ऐसे लोगों की जमानत जब्त होनी चाहिए। सीएम योगी बुधवार को यहां डाक बंगला मैदान में हमीरपुर लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां पार्टी प्रत्याशी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के लिए जनता से वोट की अपील की।

सीएम योगी ने आल्हा-उदल और वीर चंदेलों की भूमि को नमन करते हुए कहा कि उनके लिए महोबा उनकी अपनी भूमि लगती है। बाबा गोरखनाथ ने यहीं गोरखगिरी में तपस्या की थी और आल्हा उदल को यहीं अमरता का वरदान प्राप्त हुआ था। सीएम ने कहा कि भाजपा सरकार गोरखगिरी में पर्यटन को नई ऊंचाई प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के साथ पिछली सरकारों ने बहुत अन्याय किया था। यह क्षेत्र प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है, यहां नदी, नाले, खनन और पर्यटन की संभावना है। सपा सरकार ने यहां माफिया और डकैत पैदाकर के जनता का शोषण किया। मुख्यमंत्री ने महोबा के बारे में कही जाने वाली प्रसिद्ध कहावत का जिक्र करते हुए कि %महोबा वाले बड़े लड़इया, इनकी मार सही ना जाए।% सीएम योगी ने जनता से अपील की कि अपने वोट की मार से सपा, बसपा और कांग्रेस की जमानत जब्त करें। उन्होंने कहा कि चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच हो रहा है। भाजपा का विरोध केवल दो लोग कर रहे हैं एक वो जो रामद्रोही हैं और दूसरे जो पाकिस्तान का राग अलापते हैं। पाकिस्तान प्रेमियों को वहां जाकर कटोरा लेकर भीख मांगना चाहिए। सीएम ने कहा कि रामभक्तों पर गोलियां चलाने वालों को वोट देकर पाप का भागीदार नहीं बनना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 साल पहले जबसे देश में मोदी जी के नेतृत्व में बीजेपी सरकार बनी तबसे बड़े बड़े विकास के कार्य और परिवर्तन हुए। 2017 में प्रदेश में भाजपा सरकार बनी। पहली बार जब मैं बुंदेलखंड आया तो यहां के नेताओं ने मुझसे कहा था कि बुंदेलखंड के लिए कुछ होना चाहिए। तब मैंने कहा था कि बुंदेलखंड के लिए ऐसा करूंगा कि आने वाली पीढ़ियां याद करेंगी। आज बुंदेलखंड एक्सप्रेस को देखकर अच्छा लगता है। हमारा बुंदेलखंड अब विकास की नई ऊंचाइयों को छूने की ओर अग्रसर है। हर घर नल योजना से घर घर आरओ का पानी पहुंचाने का काम हो रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री के हाथों अर्जुन सहायक परियोजना, रतौली बांध परियोजना, भावनी बांध परियोजना और मजगांव चिल्ली स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना का लोकार्पण हुआ तो बुंदेलखंड के खेत भी अब प्यासे नहीं रहे। सीएम योगी ने कहा कि हमने बिना चेहरा, गांव या क्षेत्र देखे सबका साथ सबका विकास किया है।आज बुंदेलखंड में बनी तोप जब सीमा पर गरजती है तो पाकिस्तान वालों की पैंट भीग जाती है। 2017 के पहले यहां डकैतों का आतंक था, बड़े बड़े माफिया थे। सपा, बसपा कांग्रेस ने यहां माफिया दिया जो लूट खसोट मचा रहे थे। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा खतरे में थी। आज बुंदेलखंड को नोएडा के तर्ज पर विकसित करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अब हमारा नौजवान बुंदेलखंड से पलायन नहीं करेगा। पूरी दुनिया आपके पास नौकरी की भीख मांगने आएगी। सीएम योगी ने कहा कि आपके एक वोट के कारण ही मोदी और योगी को ताकत मिलती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन बाद यहां हमीरपुर के राठ में स्वामी ब्रह्मानंद की समाधि पर जाकर पुष्पांजलि करेंगे और जनता से संवाद करेंगे। ये चुनाव मोदी जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर और विकासित भारत बनाने का चुनाव है। जिन लोगों ने बुंदेलखंड को पानी के लिए तरसाया है, राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया था, अपने वोट से ऐसी मार दीजिए कि इनकी जमानत जब्त हो जाए। ये चुनाव देश के भविष्य के लिए है।

## यूपी में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा : योगी

### ● सीएम ने कहा, कांग्रेस ने देश को मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर बांटा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में यूपी में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सलाह दी कि उन्हें सच बोलने की आदत डाल लेना चाहिए। सीएम योगी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह देश को मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर बांटती रही रही है। खड़गे ने हाल ही में भगवान शिव और प्रभु श्रीराम के बीच लड़ाई लगाने का कुत्सित प्रयास किया है। ये इनकी क्षुद्र मानसिकता है। सीएम योगी ने अखिलेश यादव पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने बाबा साहब और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं का लगातार अपमान किया है। कहा कि इंडी गठबंधन के लोगों को पीएम मोदी के विकसित भारत की संकल्पना से चिढ़ हो रही है। सीएम योगी ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में ये बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा का चार चरण समाप्त हो चुका है। मोदी की लहर सुनामी बनकर सामने आ गई है और इंडी गठबंधन की हवा निकल चुकी है। जनता ने इन्हें खारिज कर दिया है। इंडी गठबंधन फिर से देश की अपूरणीय क्षति करना चाहता है। मगर, जनता ने इनसे पिंड छुडा लिया है। अब ये देश की सत्ता में कभी नहीं आ सकते। सीएम योगी ने कहा कि बाबा साहब का सबसे ज्यादा अपमान कांग्रेस ने किया, तो वहीं सपा ने भी बाबा साहब और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं का अपमान किया।

## झांसी में योगी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ बुधवार को झांसी पहुंचे। यहां उन्होंने लक्ष्मी गेट स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने के बाद रोड शो की शुरुआत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ सड़कों पर उमड़ी। सड़क के दोनों ओर स्थानीय लोगों की भीड़ सीएम योगी पर फूलों की बारिश करती नजर आई। रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी सीएम योगी को देखने के लिए मौजूद रहीं। महिलाओं ने सीएम योगी पर फूलों की बारिश कर उनका स्वागत किया। जय श्री राम के नारों के बीच लोग हाथों में भाजपा का झंडा थामे इस रोड शो में हिस्सा लेते दिखाई दिए। विभिन्न स्थानों पर महिलाओं और पुरुषों ने सीएम योगी की आरती भी उतारी गई।

रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री भी स्थानीय लोगों के उत्साह को देखते हुए उन पर फूल बरसाते दिखे। मुख्यमंत्री ने हाथों में चुनाव चिह्न कमल और विक्ट्री सीन दिखाते हुए लोगों से भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा के लिए वोट की अपील की। घास मंडी, बड़ा बाजार, मानिक चौक, सिंधी तिराहा से होते हुए सीएम का रोड शो आगे बढ़ा और कोतवाली के निकट समाप्त हुआ। रोड शो के कुछ दूर आगे बढ़ने के बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी इस रोड शो में हिस्सा लेने के लिए वाहन पर सवार हुए। रास्ते में मुस्लिम समाज के लोग मुख्यमंत्री के रोड शो पर फूलों की बारिश करते दिखे। कोतवाली के निकट रोड शो के समापन स्थान पर सीएम ने रोड शो में मौजूद लोगों को वाहन पर ही खड़े होकर धन्यवाद दिया और संक्षिप्त सम्बोधन दिया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशी अनुराग शर्मा के समर्थन में आज झांसी वासियों ने जो अनुराग उनके ऊपर लुटाया है, उसके लिए क्रांति की इस धरा को कोटि कोटि नमन। सीएम योगी ने इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी रोड शो में शामिल होने के लिए हृदय से धन्यवाद दिया।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया मतदाता जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सूचना प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, लखनऊ द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अब तक प्रदेश में हुए कुल 4 चरणों के 15 जिलों में मतदाताओं को प्रचार वाहनों के साथ-साथ विविध कार्यक्रमों के जरिये जागरूक किया जा चुका है। शेष बचे तीन चरणों के 14 जिलों में भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। केन्द्रीय संचार ब्यूरो का मुख्य फोकस ऐसे जनपदों में रहा, जहां विगत चुनावों में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इसी क्रम में पांचवे चरण के अंतर्गत लखनऊ और मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करने हेतु मतदाता जागरूकता रथों को रवाना किया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को केन्द्रीय संचार ब्यूरो के अलीगंज, लखनऊ स्थित केन्द्रीय भवन से मतदाता जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये रथ लखनऊ और मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र में पहुंचकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। जिससे कि 20 मई को होने वाले मतदान के दिन अधिक से अधिक मतदान हो सके। इस अवसर पर उन्हांने प्रकाशन विभाग की तीन पुस्तकों, 'अनफोल्डिंग इंडियन इलेक्शन्स,' मतदान में विश्वास' और 'बिलीफ इन द बैलट' का लोकार्पण किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक जनपद में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम और स्वीप गतिविधियॉ चलाई जा रही हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए 'मैं हूॅ ना' अभियान चलाया गया। ऑनलाइन पंजीकरण को भी बढ़ावा दिया गया। पात्र मतदाताओं की संख्या बढ़ाने तथा छूटे, बेघर, दिव्यांग, ट्रांसजेण्डर, सेक्सवर्कर, महिलाओं व पीवीटीजी मतदाताओं के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चलाया गया। विभिन्न विभागों के माध्यम से आयोग के स्लोगन 'हर वोट है जरूरी, मतदाता के रूप में आज ही पंजीकरण करवाएं' का प्रचार प्रसार कराया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पतंगबाजी, वाकथान, सैंडआर्ट का आयोजन किया गया और जर्नी ऑफ इलेक्शन की फोटो प्रदर्शनी लगायी गयी। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को असुविधा न हो, इसके लिए मतदाता सूचना पर्ची के साथ वोटर गाइड का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराया जा रहा है। 85 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग मतदाताओं तथा 40 प्रतिशत से अधिक विकलांग मतदाताओं के लिए उनके आवास से मतदान कराने की सुविधा दी गयी। प्रत्येक पोलिंग बूथ पर मतदाताओं और मतदान कर्मियों के लिए न्यूनतम जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं।

## कई नेता भाजपा में शामिल

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सपा के वरिष्ठ नेताओं ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक दिलीप कमार वर्मा , सपा नेता पूर्व विधायक माधुरी वर्मा तथा सपा नेता व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार उर्फ चिंकू यादव को बड़ी संख्या में उनके समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल किया। सिद्धार्थनगर के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार उर्फ चिंकू यादव के साथ बड़ी संख्या में जिला पंचायत सदस्य, नगर पंचायतों के पार्षद तथा स्थानीय सपा नेता भाजपा परिवार में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ताकर्दम, प्रदेश मंत्री शंकर गिरि, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे तथा डा. अंकुश त्रिपाठी उपस्थित रहे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भाजपा परिवार में शामिल हुए सपा नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में चलने वाली विकास यात्रा के साथ बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे है। उन्होंने कहा कि मोदी के संकल्प को हम सब मिलकर पूरा करेंगे।

## भ्रम, झूठ व भ्रष्टाचार इंडी गठबंधन की पहचान: भूपेन्द्र सिंह चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बुधवार को कहा कि भ्रम, झूठ और भ्रष्टाचार ही कांग्रेस-सपा और इंडी गठबंधन की पहचान है। आज इनको 10 किलो राशन देने की याद आ रही है, इसका श्रेय भी मोदी जी की नीतियों और भाजपा सरकार को जाता है। इन्हें बताना चाहिए 70 साल शासन में रहे तब गरीबों को मुफ्त राशन देने की बात याद क्यों नही आई?

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि लोग भूले नहीं हैं कि कांग्रेस सरकार और इनको समर्थन देने वाली सपा सरकार के समय ही बुन्देलखंड में भूखमरी के कारण कई लोगों ने आत्महत्या की थी। कांग्रेस अध्यक्ष माल्लिकार्जुन खड़गे को बताना चाहिए कि कांग्रेस सरकार ने जो बुन्देलखंड पैकेज घोषित किया था उसका क्या हुआ? बुन्देलखंड और पूर्वांचल की तस्वीर मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार में बदली है। चौधरी ने कहा कि खड़गे शायद भूल गए हैं कि जब केन्द्र में कांग्रेस सरकार थी और राज्य खाद्यान्न घोटाला हुआ था तब उनको समर्थन देने वाले दल की ही सरकार थी। इंडी गठबंधन गरीब, युवा, महिला और अन्नदाता के विकास के लिए नहीं बल्कि परिवार के विकास की ही बात करते हैं। मोदी ने बिना भेदभाव शौचालय, आवास, बिजली कनेक्शन, हर घर जल और किसान सम्मान निधि देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ये संविधान की दुहाई देते हैं जबकि ओबीसी और एससी के हिस्से का आरक्षण इन्होंने धार्मिक आधार पर बांटा है। जिसकी खिलाफत स्वयं बाबा साहेब अंबेडकर ने की थी। इन्होंने देश पर इमर्जेंसी थोपी, संविधान की धज्जियाँ उड़ाते हुए कई बार चुनी हुई राज्य सरकारों को बर्खास्त किया। उन्होंने कहा संविधान में बदलाव कर ग़रीबों, पिछड़ों और वांछितों का हक मारने का काम कांग्रेस ने ही किया है। कांग्रेस और सपा को आरक्षण और संविधान पर बोलने का हक नहीं है।

उन्होंने यह भी कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर को इन्होंने चुनाव हराने का काम किया, इन्होंने उन्हें क्षण प्रतिक्षण अपमानित करने का काम किया। भाजपा के समर्थन से बनी सरकार ने बाबा साहेब को भारत रत्न दिलाया। मोदी जी ने उनके जीवन से जुड़े पाँच स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया।

## भाजपा द्वारा बहुमत का आंकड़ा पार करने पर विपक्ष में बौखलाहट: प्रेम शुक्ल

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि चार चरणों के चुनाव के पश्चात सुनिश्चित हो गया है कि भाजपा चार चरणों के चुनाव में ही बहुमत का आंकड़ा पार करने की स्थिति में है। यही कारण है कि विपक्ष बौखलाया हुआ है और बौखलाहट में पाखंडिया गठबंधन भाजपा पर संविधान बदलने का मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। प्रेम शुक्ल ने कहा कि राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी ने संविधान पर शरीयत लादने का कुकर्म किया था। संविधान पर शरीयत लादने का कांग्रेस का इरादा है वह बार-बार प्रकट होता रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के संविधान की आत्मा को कुचलने के इरादे से 2004 में आन्ध्रप्रदेश में मुस्लिम आरक्षण का प्रावधान किया गया। जिसे बाद में उच्चतम न्यायालय ने असंवैधानिक घोषित किया था। 2006 में जस्टिस रंगनाथ मिश्र आयोग का गठन कर कांग्रेस के द्वारा सिफारिश करवाई गई कि मुस्लिमों के लिए 15 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके साथ ही आयोग ने 6 फीसदी आरक्षण पिछड़ों से छीनकर मुस्लिमों को देने की सिफारिश भी की गई। कांग्रेस का 2009 का घोषणा पत्र मुसलमानों को आरक्षण देने प्रतिबद्धता व्यक्त करता है और मनमोहन सिंह सरकार ने 2011 में मुस्लिम आरक्षण पर कैबिनेट नोट भी दिया था। शुक्ल ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे विद्वत जनों ने संविधान सभा मे निर्धारित किया कि देश में धर्म के आधार पर आरक्षण लागू नही होगा। फिर भी कांग्रेस बार-बार संविधान की मूल आत्मा को कुचलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बार कांग्रेस के घोषणा पत्र में पर्सनल लॉ संरक्षित रखने बात की गई है। विश्व में किसी भी सेक्युलर देश में किसी भी धर्म के लिए पर्सनल लॉ की व्यवस्था नहीं है।

## सामंतवादी व भ्रष्टाचारी दल बौखलाए हुए हैं: केशव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को डुमरियागंज लोकसभा तथा कौशाम्बी लोकसभा की जनसभाओं को संबोधित किया। मौर्य ने कहा कि गरीबों के हमदर्द तथा देश की प्रगति की गारंटी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है। उन्होंने कहा कि सबका भला करने वाले, सबको आगे बढ़ाने वाले और सभी देशवासियों को अपना परिवार मानने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को आर्थिक रूप से मजबूत कर गरीब की भलाई के लिए सरकार की योजनाओं को समर्पित किया।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गरीब व पिछड़े वर्ग में पैदा हुए चाय वाले के बेटे के प्रधानमंत्री बन जाने से सभी सामंतवादी व भ्रष्टाचारी दल बौखलाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा सहित तमाम विपक्षी दल मोदी जी को प्रधानमंत्री के रूप में बर्दाश्त नही कर पा रहें है। लेकिन देश का गरीब, मजदूर, किसान मोदी जी के साथ है। मौर्य ने कहा कि गुंडे, माफिया, अपराधी, दंगाई और भ्रष्टाचारी सपा की साईकिल पर सवार है। उन्होंने जनता से संवाद करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को अभी भी सपा की गुंडागर्दी याद है। सपा सरकार का नारा, खाली प्लॉट घर हमारा। सपाई खाली प्लॉट और मकानों पर कब्जा कर लेते थे। लेकिन जैसे ही जनता ने भाजपा को सरकार बनाने का जनादेश दिया तो अब कोई गुंडा, माफिया, अपराधी किसी की जमीन या मकान पर कब्जा करने की हिम्मत नहीं कर सकता। किसी बहन बेटी को कोई परेशान नहीं कर सकता। उन्होंने कहा सपा सरकार में जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उस गाड़ी में बैठा गुंडा। चारो ओर सपा के गुंडे ही गुंडे थे और गुण्डों ही पुलिस को आदेश देते थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव गुंडे, माफिया, अपराधियों, भ्रष्टाचारियों और दंगाईयों के सरदार है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में तो आमंत्रण के बाद भी नही गए। श्रद्धेय कल्याण सिंह का पार्थिव शरीर विधानसभा में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया लेकिन 500 मीटर की दूरी पर बैठे अखिलेश यादव बाबू जी को श्रद्धांजलि भी देने नहीं पहुंचे। लेकिन माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने जरूर पहुंच गए। इसका हिसाब 2024 के चुनाव में जरूर होगा। उन्होंने जनता से कमल का बटन दबाकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

## कांग्रेस भ्रष्टाचार की तो सपा अराजकता की जननी है: पाठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भाजपा** के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बुधवार को बांसगांव लोकसभा के चिल्लूपार तथा श्रावस्ती लोकसभा के गैसड़ी में बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों को संबोधित किया। पाठक ने कहा कि कांग्रेस की जब- जब सरकार बनी, देश में भ्रष्टाचार बढ़ा। सपा पर प्रदेश में गुंडों और माफियाओं को पैदा करने का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा ने ही सुशासन देने का काम किया है। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है तो सपा अराजकता को जन्म देती है।

झभाजपा इन दोनों को समाप्त करती है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा सरकार में बहन, बेटियां असुरक्षित थी। प्रदेश में आए दिन दंगे होते थे। भाजपा शासन काल में माफिया या तो प्रदेश छोड़ रहे हैं या फिर गले में तख्तियां लटकाकर थाने में सरेंडर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। जिनका मुकाबला भ्रष्टाचारियों और अराजक शक्तियों से है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में मंत्री रहे कई लोग सलाखों के पीछे हैं। कांग्रेस ने घोटाले पर घोटाला कर देश को लूटने का काम किया था। मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर किया है। हर गरीब को पक्का मकान दिया गया है। घर-घर शौचालय बनवाए गए हैं। जल जीवन मिशन के तहत घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश के जिलों की बिजली सैफई को जाती थी। आज लोगों को भरपूर बिजली बिना किसी भेदभाव के मिल रही है। समाजवादी पार्टी की सरकार ने वन डिस्ट्रिक वन माफिया को बढ़ावा दिया था। भाजपा ने वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट देने का काम किया है।

सपा सरकार में पैसे देकर नौकरी और तैनाती मिलती थी। नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता था। आज उत्तर प्रदेश देश का नम्बर वन प्रदेश बन चुका है। पूरी पारदर्शिता के साथ प्रदेश में बिना भेदभाव नौकरियाँ मिल रही हैं। पाठक ने कहा कि गठबंधन पिछली बार की तरह इस बार भी फेल होगा। इंडी गठबंधन के लोग एक दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। इनका आपस में कोई मेल नहीं है।

## कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस कांग्रेस मुख्यालय पर किसान नेता स्व. महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी डा. आरपी त्रिपाठी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर दिनेश सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर में जन्में महेन्द्र सिंह टिकैत किसानों के प्रमुख नेता थे। उन्होंने दिसंबर 1986 में ट्यूबवेल की बिजली दरों को बढ़ाए जाने के खिलाफ मुजफ्फरनगर के शामली से एक बड़ा आंदोलन शुरु किया और इसी आंदोलन के दौरान एक मार्च 1987 को किसानों के एक विशाल प्रदर्शन के दौरान पुलिस गोलीबारी में दो किसान और पीएसी का एक जवान मारा गया था। इस घटना के बाद टिकैत राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आए। सिंह ने कहा कि टकैत किसानों के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पहचान दिया और तभी से किसानों के संगठन पूरे देश में मुखर होकर अपनी मांगों के लिए आंदोलन कर रहा है। टिकैत की ही हैसियत थी कि उनके एक आवाह्न पर लाखों किसान भीषण जाड़ों में भी इंडिया गेट पर कई दिनों तक बैठे रहे।

## लखनऊ अब बिजनेस हब बनने की राह पर तेजी से बढ़ रहा है: नीरज

**लखनऊ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि लखनऊ अब बिज़नेस हब बनने की राह पर तेजी से बढ़ रहा है। भाजपा सरकार में पिछले 10 वर्षों में माननीय राजनाथ सिंह जी ने देश के हर कोने से लखनऊ को इन्फ्रास्ट्रक्चर वाइज जोड़ने का काम किया है, और पहले हम दुनिया के दूसरे देशों से मिसाइल, तोप, बम, गोले, टैंक, फाइटर प्लेन लेते थे, भारत अब इन सभी में आत्मनिर्भर हो रहें है। नीरज सिंह ने यह बात बुधवार को राजधानी के एक होटल में इंडो अमेरिकन चैंबर आफ कामर्स ने एसोचैम यूपी की सहभागिता से 'एक नगर का विकास एवं उन्नति एक नेता का सर्वोच्च कर्तव्य है' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में कही। कार्यक्रम का संचालन आईएसीसी लखनऊ के अध्यक्ष मुकेश सिंह ने किया। इस मौके पर नीरज सिंह ने लखनऊ में बिज़नेस को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया।

## सरकार बनी तो पांच नहीं दस किलो राशन देंगे: खरगे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



### ● अखिलेश ने कहा, 140 सीटों में ही सिमट जाएगी भाजपा

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के बीच बुधवार को बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर गरीबों को पांच किलो की जगह दस किलो अनाज मुफ्त में दिया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बुधवार को लखनऊ में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ उत्तर प्रदेश के लखनऊ में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

खरगे ने कहा कि कांग्रेस-यूपीए सरकार खाद्य सुरक्षा कानून लाई थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के उसी राशन पर अपनी तस्वीर चिपकाकर ये जता रहे हैं कि उन्होंने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त पांच किलो अनाज दिया। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत, गरीबों को हर महीने दस किलो अनाज देगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हिंदुस्तान की जनता ने नरेंद्र मोदी की विदाई तय कर दी है। लोकसभा चुनाव के चार चरण के मतदान की रिपोर्ट कहती है कि इंडिया गठबंधन आगे है और भाजपा पीछे है। इंडिया गठबंधन बेहद मजबूत स्थिति में है। चार जून को इंडिया गठबंधन नई सरकार बनाने जा रहा है। खरगे ने कहा कि यह लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। आज देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ गरीबों के पक्ष में लड़ने वाली पार्टियां हैं। दूसरी तरफ अमीरों के पक्ष में खड़े होने वाले लोग हैं। इंडिया गठबंधन गरीबों की ओर से लड़ रहा है, जिन्हें खाना नहीं मिलता और नौकरी नहीं मिलती। इंडिया गठबंधन देश में फैली बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ यह लड़ाई लड़ रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के नेता संविधान को बदलने की बात कर रहे हैं। कर्नाटक में भाजपा सांसद ने कहा कि हमें दो तिहाई बहुमत दीजिए, हम संविधान बदल देंगे। मोदी ऐसे लोगों को पार्टी से क्यों नहीं निकालते। संविधान को बदलने की बात पर नरेंद्र मोदी चुप क्यों हो जाते हैं। खरगे ने कहा कि ये बेहद महत्वपूर्ण चुनाव है। जिससे देश का भविष्य बनेगा और आने वाले पीढ़ी को सुरक्षित रखा जाएगा। देश के भविष्य को बनाने व संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए हम सबको मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और कमजोर वर्ग के लोगों के आरक्षण की रक्षा करना इंडिया गठबंधन का फर्ज है, क्योंकि संविधान बचेगा तो आरक्षण बचेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष के नेताओं को भाजपा के लोग नामांकन करने से रोक रहे हैं। विपक्ष के पोलिंग एजेंटों को भी डरा-धमका रहे हैं। चुनाव में सभी के लिए समान अवसर होना चाहिए।

# पाल समाज के सम्मेलन में भाजपाईयों ने गिनाई उपलब्धियां

● मतदान में एकजुटता का परिचय देने का आहवान



**फतेहपुर।** शहर के सिविल लाइन स्थित एक लाज में आयोजित पाल समाज के सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपलब्धियां गिनाने का काम किया। साथ ही बीस मई को होने वाले मतदान में एकजुटता का परिचय देने का आहवान किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने हिस्सा लिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रयागराज ? से आई स्व. उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने भाग लिया। पूर्व मंत्री अयोध्या प्रसाद पाल ने भी मंच की शोभा बढ़ाई। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने किया।

धनंजय पाल के नेतृत्व में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का 51 किलो की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। समाज के लोगों ने मंच में पहुंचकर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि सहित मंच पर आसीन तमाम अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि पाल समाज को भाजपा ने बहुत कुछ दिया है। जिसकी सबसे बड़ी बानगी पार्टी के जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल हैं। उन्होंने जयापाल का माल्यार्पण किया। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि पाल समाज को जो मान सम्मान भाजपा ने दिया है वह कभी भुलाया नहीं जा सकता। यही कारण है कि पाल समाज एकजुट होकर भाजपा के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है।

पूर्व मंत्री अयोध्या प्रसाद पाल ने कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को भाजपा ने तीसरी बार प्रत्याशी बनाया है। उन्होने जनपद का चहुमुखी विकास कराया है। उन्होने कहा कि बीस मई को होने वाले मतदान में एकजुटता का परिचय दें। इस अवसर पर खागा विधायक कृष्णा पासवान, स्वामी शरण पाल, ओमपाल, रमेश पाल, राजकुमार पाल, अरविंद पाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## ईवीएम/वीवी पैट कटेगरी सी एवं डी की मशीनें 20 मई को कोषागार में रखी जाएंगी

**कानपुर देहात।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र लखनऊ के निर्देशों के क्रम में डीएम ने अवगत कराया है कि लोस सामान्य निर्वाचन के प्रयोग हेतु कमिशनिग पोलिग पार्टी रवानगी, माकपोल के दौरान खराब मशीन कटेगरी सी तथा रिजर्व मशीने कटेगरी डी की मशीने 45 जालौन (अजा) के अन्तर्गत 208 भोगनीपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की मशीने कलेक्ट्रेट भवन के कोषागार के निकट 02 कक्षों में रखे जाने हेतु निर्धारित किया। नारायण दास अहिरवार, 1260 राजेन्द्र नगर, उरई, उप्र, भानु प्रताप सिंह वर्मा, 183, मालवीय नगर कॉच जालौन उप्र, सुरेन्द्र चन्द्र गौतम 10/57 सेक्टर 08 से 10 इन्द्रानगर लखनऊ, नगेन्द्र कुमार, राजेन्द्र नगर 1424, जालौन, प्रेमलता वर्मा म.नं. 3131 शान्ती नगर जालौन, बृज मोहन 1081, शान्ती नगर ऊरई जालौन को उक्त कटेगरी सी तथा रिजर्व कटेगरी डी की मशीने 20.5.2024 को सायंकाल से रखे जाने तक एवं स्ट्रॅाग रूम सील के समय उपस्थित रहे।

# अभियुक्त के कब्जे से कुल 250 लीटर अवैध पैट्रोलियम पदार्थ किया गया बरामद

● पुलिस व पूर्ति विभाग की संयुक्त कार्यवाही से पैट्रोलियम पदार्थ को टैंकरों से चोरी कर नाजायज लाभ कमाने के उद्देश्य से विक्रय व भंडारण करने के सम्बन्ध में 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**संवाददाता।** कानपुर देहात



**अपराध** नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना गजनेर पुलिस व पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 14.05.2024 को मुखबिर खास की सूचना पर पैट्रोलियम पदार्थ को टैंकरों से चोरी कर नाजायज लाभ कमाने के उद्देश्य से विक्रय व भण्डारण करने वाले अभियुक्त महेन्द्र कुमार पाल पुत्र श्री मौजीलाल पाल निवासी ग्राम व पोस्ट टिकरा थाना बिठूर जनपद कानपुर नगर को ग्राम लोदीपुर निकट फूलेश्वर इण्टर कालेज के पास प्रधान ढाबा के पास से 250 लीटर अवैध पैट्रोलियम पदार्थ (5 कट्टियों में लगभग 40.40 लीटर व 2 कट्टियों मे लगभग 25.25 लीटर) के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गजनेर पर मु0अ0स0.110/2024 धारा 41/413 भादवि व 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# दबंगो की मारपीट से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**संवाददाता।** राठ (हमीरपुर)

**दबंगो** ने दलित युवक को पिटाई कर जख्मी कर दिया जिसका इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। इसके बाद उक्त युवकों ने शव को गांव में जलने नहीं दिया और राठ के मोक्षधाम में शव फेंककर भाग गए। इसके बाद स्वजनों को सूचना दी।क्षेत्र के ददरी गांव निवासी तुलसिया ने बताया कि 25 वर्षीय पुत्र मुकेश को पिछले दिनों गांव के करन यादव की दुकान पर था। तभी गांव की निशा व उसकी मां शिला ने बुलाया और घर ले गए थे। जहां पर पहले से घात लगाए बैठे गांव के महिलाओं सहित आठ लोग ने हथौड़ा व कुल्हाड़ी से जान से मारने की नियत से मारपीट कर दी थी। खून से लथपथ पुत्र मुकेश को घर के बाहर फेंक गए।

घायल मुकेश को सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां से उरई, झांसी और फिर ग्वालियर रेफर किया गया था। जहां सोमवार को ग्वालियर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की मां तुलसिया ने गांव की निशा, शीला, मातादीन, मलखान, गोविन्द, पप्पू, देवीदीन, औड़ेरा गांव निवासी अरविंद के विरुद्ध बलवा, मारपीट और एससी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कराया था। इधर आरोपित मुकेश का इलाज कराने ग्वालियर ले गए थे। जहां मौत के बाद उसके शव को गांव में जलने नहीं दिया और उसके शव को राठ के मोक्षधाम में फेंककर भाग गए। इसके बाद स्वजनों को सूचना दी। कोतवाल उमेश सिंह ने क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश कुमार पांडेय पुलिस सहित मौके पर पहुंचे और शव को गांव ले गए हैं। मामले की जांच कराई जा रही है।

# जघन्य हत्याकांड के सात आरोपी हुये दोषसिद्ध

● फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुनाई 10-10 वर्ष कैद की सजा, छिबरामऊ में तीन वर्ष पूर्व हुई थी वारदात

हत्यारोपियों ने इस वर्ष ईद पर भी पीड़ित पक्ष के युवक की कर दी थी हत्या

**संवाददाता।** कन्नौज

### हत्यारोपियों ने ईद पर कर दी थी मृतक के भाई की हत्या

**कन्नौज।** कोर्ट द्वारा दोषसिद्ध किए गए हत्यारोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास भी है। मोटर साइकिल मैकेनिक होने के बावजूद अपराध जगत से हत्यारोपियों ने करोड़ों की संपत्ति बना ली। हालाँकि पुलिस द्वारा वर्ष 2021 में ही गैंगस्टर लगाकर हत्यारोपियों की सारी संपत्ति कुर्क कर दी थी। इससे पूर्व हत्यारोपी पर एक बच्चे का अपहरण और हत्या का भी आरोप लगा था। हाल ही में ईद पर हत्यारोपी इरशाद, जुल्फिक्कार ने अपने साथियों के साथ मिलकर मृतक के मामा की हत्या कर दी थी। जिस मामले में विवेचना चल रही है। मृतक के परिजनों ने बुधवार को आये निर्णय पर संतोष जताते हुए कहा कि न्याय की जीत हुई।

**जनपद** के छिबरामऊ कस्बे में एक युवक की हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सात लोगों को दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। सभी आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया। आरोपियों पर पीड़ित पक्ष के एक अन्य युवक की हत्या का भी आरोप है जिसकी विवेचना जारी है।

छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के चौधरियान मोहल्ला निवासीगण इरशाद खान, जुल्फिक्कार, हाशिम, राशिद, शाहनवाज उर्फ शानू, शीबू व अरशद से मोहल्ले के ही शहजाद के भांजे सोहेल से 27 अप्रैल 2021 की रात किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। कहासुनी और गाली-गलौज होने पर इरशाद खान, जुल्फिक्कार, हाशिम, राशिद, शाहनवाज उर्फ शानू, शीबू व अरशद लाठी-डंडा लेकर आ गए थे और उन्होंने बेहरमी से सोहेल की पिटाई कर दी थी। बीच बचाव करने आये नोमान, जीशान व उसके परिजनों को भी बेरहमी से मारा पीटा। इस मामले को लेकर सोहेल के मामा शहजाद अहमद ने छिबरामऊ कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर सात लोगों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि युवक की हत्या के मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश हरेंद्रनाथ के न्यायालय में चल रही थी। साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर सात लोगों को दोषी करार देते हुए उन्हें 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। दोषियों पर 7-7 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना न देने पर छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

# पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ दुष्कर्म का आरोपी

**सुमेरपुर।** बीती 9 मई को खेतों में पिता को भोजन देने जा रही किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बांदा मार्ग में बरगदिया मोड़ के पास से पुलिस पर फायर किया था। जिसके जवाब में पुलिस ने मुठभेड़ कर उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी है। पारा गांव की एक नाबालिग किशोरी खेतों में बने नलकूप में पिता को दोपहर में खाना देने जा रही थी। तभी उसे ललपुरा क्षेत्र के पौथिया गांव निवासी अभिषेक सचान ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया था मामले की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करायी गयी थी। आरोपी बांदा मार्ग में दोपहर करीब डेढ़ बजे बरगदिया मोड़ के पास मौजूद था तभी पुलिस ने उसे ललकारा तो आरोपी ने फायरिंग शुरु कर दी। पुलिस ने जवाब में फायरिंग की जिससे उसके दाहिने पैर पर लगी।

## क्विक न्यूज

### पराली की आग ने धारण किया विकराल रुप, की शिकायत

**मौदहा, हमीरपुर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव में खेत मालिक के कहने पर उसके बोरिंग में काम करने वाले युवक ने खेतों में खड़ी पराली में आग लगा दी आग ने विकराल रूप धारण करते हुए गांव के नजदीक तक पहुंच गई जिसके बाद काफी मशक्कत कर ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया और उपरोक्त खेत मालिक तथा काम करने वाले युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी है। बिवांर थाना क्षेत्र के असुई गांव के ग्रामीणों ने बताया कि 14 मई को उन्होंने गांव के बाहर आग को विकराल रूप धारण किये देखा जिसको गांव की महिलाओं तथा पुरूषों एवं छोटे-छोटे बच्चों ने पानी ढो ढोकर बुझाया और आग लगने के कारण का पता किया तो खेत मालिक यूसुफ ठेकेदार के नौकर मइयादीन ने बताया कि खेत मालिक के कहने पर उसने आग लगाई है तथा पूर्व में भी कई बार ऐसी घटना होने की बात कहते हुए आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी तथा बिवांर पुलिस को शिकायती पत्र देकर उपरोक्त खेत मालिक को इस प्रकार की पुनरावृत्ति न करने तथा कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।

### बालिका का शव मिलने से सनसनी फैली

**सुमेरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के इंगोहटा गांव में खेत में एक बालिका का शव मिलने से सनसनी फैल गयी।परिजनों ने मौत का कारण मानसिक बीमारी के चलते कीटनाशक पदार्थ का सेवन करना बताया है, गांव के जयप्रकाश मिश्रा का निजी नलकूप है। जिसमें वह परिवार सहित रहता है। उसके चार बेटियां व दो बेटे हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात करीब नौ बजे वह पत्नी सहित बच्चों के साथ खाना खाने के बाद सो गए। सुबह जगने पर जब खुशी मिश्रा(16) अपने बिस्तर पर नहीं मिली तो उसकी तलाश शुरू की गई। तब उसका शव नलकूप से करीब 500 मीटर दूर बंधी किनारे विंदा प्रजापति के खेत में पड़ा मिला। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### सेवानिवृत्त चालक की पुत्री ने फांसी लगाकर जान दी

**राठ।** कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ले में रिटायर्ड रोडवेज चालक की पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। दीवानपुरा मोहल्ला निवासी 28 वर्षीय रेखा पुत्री बद्री अहिरवार ने मंगलवार की रात आंगन में दुपट्टे से फंदा डालकर फांसी लगा ली। सुबह जब स्वजनों ने युवती को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। मृतका के चचेरे भाई लखन ने बताया कि उसके ताऊ रोडवेज बस में चालक थे। जो रिटायर्ड हो गए हैं। मृतका अपने पीछे तीन भाई राकेश, मुकेश, राजेश रोता बिलखता छोड़ गई है। पुत्री की मौत पर मां मिथिला का रो रोकर बुरा हाल है। स्वजन घटना को लेकर शांत थे। कोतवाल उमेश सिंह ने कहा कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### मार्ग दुर्घटना में दो लोग हुये घायल

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** पिकअप की टक्कर से पड़ियापुर निवासी सूरज पुत्र मजनू घायल हुए। वह साइकिल से अनाज लेने गया था और दूध डेयरी के निकट झींझक की ओर से आई पिकअप ने टक्कर मार दी। हालांकि खुद पिकअप चालक एम्बुलेंस की सहायता से उसे सीएचसी ले गया। डॉ ब्रजेश कुमार ने उसे हैलट रिफर किया। इसी प्रकार उसरी निवासी शीलू पाल पुत्र शिवपाल भी सड़क दुर्घटना में घायल हुआ।

### संदिग्ध हालत में युवक ने लगाई फांसी

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर मोहल्ला निवासी राम सुमेर सिंह के 26 वर्षीय पुत्र अमर जीत सिंह ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया। परिजनों ने अमरजीत को जब फांसी के फंदे से लटका हुआ देखा तो घर में हड़कम्प मच गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी रामसनेही का 58 वर्षीय पुत्र संत कुमार साइकिल पर सवार होकर किसी काम से जा रहा था। जब वह थाना क्षेत्र के सुकेती पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन उसकी साइकिल को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो घर में कोहरा मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### फांसी लगाकर अधेड़ ने की आत्महत्या

**फतेहपुर।** थरियांव क्षेत्र के बीबीहॅाट गांव निवासी शिवराम के 52 वर्षीय पुत्र धर्मपाल ने घर के अंदर सन्दिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों ने जब धर्मपाल को फांसी के फंदे से लटका हुआ देखा तो घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

# निघासन पुलिस ने दबोच लिया पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त

**निघासन खीरी।** मुखबिर की सूचना पर निघासन पुलिस बल द्वारा पाक्सो एक्ट के वांछित को धर दबोचा गया। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा वारंटी वांछित तथा संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ संचालित अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार यादव के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक एसके मिश्र के मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त संतराम पुत्र महादेव निवासी ग्राम ओरी पुरवा को मुखबिर की सूचना पर चूरा टांडा पुलिया से गिरफ्तार किया गया। 15 अप्रैल को वादी द्वारा दी गई तहरीरी सूचना के अनुसार उक्त अभियुक्त वादी की नाबालिक पुत्री को भाग ले गया है इस संबंध में थाना निघासन पर मुअसं 108/2024 363, 366 भादंवि बनाम संतराम आदि चार नफर पंजीकृत हुआ। पाक्सो एक्ट संबंधी अपराध भी पाया गया। सब इंस्पेक्टर थाना निघासन आदित्य कुमार यादव तथा कांस्टेबल राहुल कुमार शामिल रहे ।

# पीएम मोदी की चुनावी रैली को सुरक्षा का जायजा लेने आया एसपीजी का हेलीकाप्टर



एसपीजी का हेलीकॉप्टर

**राठ (हमीरपुर)।** आगामी 17 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैली की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। एसपीजी सुरक्षा सहित अन्य टीमों ने डेरा डाल लिया है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा कर्मी तैनात हो गए हैं। बुधवार को स्वामी ब्रह्मानंद डिग्री कॉलेज के मैदान में ट्रायल के रूप में हेलीकॉप्टर हेलीपैड पर उतरा। उसमें आए कमांडो ने डीएम, एसपी से वार्ता की। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आगामी 17 मई शुक्रवार को स्वामी ब्रह्मानंद इंटर कालेज के क्रीड़ा स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैली होनी है। बीएनवी डिग्री कॉलेज के मैदान में तीन हेलीपैड का निर्माण हो चुका है। जबकि एक हेलीपैड इंटर कॉलेज के खेत में बनाया गया है।

एसपीजी की टीम की देखरेख में हेलीपैड और सभा स्थल बनाया गया है। बुधवार को तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। वायुसेना के हैलीकॉप्टर से उतरे कमांडो ने डीएम व एसपी से बातचीत कर जानकारी ली। 32 मिनट के बाद 3 बजकर 20 मिनट पर हेलीकॉप्टर चला गया। हैलीकॉप्टर को देखने के लिए सड़क सैकड़ो की भीड़ लग गई।

# अतर्रा हिंदू इंटर कालेज मैदान में जनसभा को संबोधित करने पहुंची बसपा सुप्रीमो

**संवाददाता।** बाँदा



**हमारी** पार्टी कांग्रेस, बीजेपी या अन्य पार्टियों के साथ मिलकर नहीं बल्कि अकेले लड़ रही है, हमने टिकट बटवारे में सर्वमाज को मौका दिया है। आजादी के बाद कांग्रेस के पास सत्ता रही, भ्रस्टाचार व गलत नीतियों की वजह से सत्ता से बाहर हुई ठरच जातिवादी, साम्प्रदायिक, राजनीती और कथनी करनी में अंतर की वजह से इरच वापस नहीं आएगी। अगर चुनाव फेयर होता है तो हम जीतेंग ठरच ने देश के गरीबों मजदूरों को अच्छे दिन के वादे किए है व सब ज़मीन में फेल है। ठरच ने पूंजीपतियों को मालामाल किया है और इन्हे बचायाहै चंदा के सम्बन्ध में सुप्रीम कोर्ट और मीडिया से पता चला है की इेच को छोड़ कर सभी पार्टियों ने पूंजीपतियों से धन लिया है।

ठेच ने किसी पूँजीपति से एक रुपए नहीं लिया है। कांग्रेस की तरह इरच भी जाँच येंजेसी का राजनैतिक स्तेमाल किया है। हमने को अपनी सत्ता में विशेष ध्यान दिया है। आरक्षण का कोटा अभी नहीं भरा गया है, सपा की सरकार में के सरकारी पदों के आरक्षण को ख़त्म कर दिया।

ब्राम्हण समाज से कहना चाहती हूं की सपा और इरच सरकार में ब्राम्हणो का शोषण व उत्पीड़न हुआ है लेकिन हमारी सरकार में ब्राम्हणो के साथ अन्याय नहीं हुआ है। सरकार में महंगाई, बेरोजगारी बढ़ी है मीडिया का उपयोग कर रही है। केंद्र द्वारा देश में गरीब परिवारों को राशन दिया जा रहा है उससे भला नहीं होने वालाए जो राशन दिया जा रहा है वो इरच या नरेन्द्र मोदी जेब से नहीं दे रहें बल्कि जनता के टैक्स का पैसा है। देश व प्रदेश हित में बसपा को वोट करें बुंदेलखंड अलग राज्य बनाने का वादा किया।

# चुनाव बाद चौपाल लगाकर, लगा रहे जीत हार की चर्चा

**मोहम्मदी खीर।** धौरहरा लोक सभा का मतदान समाप्त होने के बाद तरह तरह की चर्चाओ केण्साथ साथ पार्टी के समर्थक और आम जनमानस गुणा गणित लगाने के चक्कर में फंसा हुआ है धौरहरा लोकसभा क्षेत्र में कल 11 लाख 6000 वोट पड़े पड़े जिसमें कुललगभग 55: मतदान हुआ, भाजपा सपा और बसपा के प्रत्याशियों ने दिन रात एक करके खूब मेहनत की एवही भीतरघात करने बालों के चेहरे भी सामने आएेए समाजवादी पार्टी को समाजवादी पार्टी का मूल मतदाता के अतिरिक्त सभी समाज के लोगों का मत मिलने की बात की जा रही है, वहीं भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के साथ.साथ राम मंदिर पर वोट मागते दिखाई दिए। बहुजन समाज पार्टी अपने सजातीय वोटो के साथ.साथ बसपा का मूल कैडर और मुस्लिम मतदाताओं पर आस लगाए बैठा थाए जिसमें उसे बसपा के मूल मतदाताओं के साथ.साथ ब्राह्मण वोटो का भरपूर साथ दिखाई दिया जो मतो में परिवर्तित होने की बात कही जा रही है, इस चौथे चरण के चुनाव में महंगाईए नौकरी एनौजवानों को शिक्षा स्वास्थ्य और किसानों के नाम पर समाजवादी पार्टी ने वोट मांगे एजिसका लाभ मतदान के दिन दिखाई पडा। भाजपा ने धौरहरा लोक के हर शहर गांव मे भाजपा के स्तर स्टार प्रचारको की एक फौज उतार दी, तथा भाजपा के मूल वोटरों के साथ अन्य के मत मिलने की चर्चाऐ है, परंतु जिला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन तथा प्रेस क्लब सहित अन्य लोगों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मत प्रतिशत को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे धौरहराण्लोकसभा क्षेत्र में जबरदस्त वोटिंग दिखाई दे कुल मिलाकर 4 जून को परिणाम आएगा परंतु उससे पूर्व नगरए ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल लगाकर लोग अपने.अपने प्रत्याशियों को जीतने हारने का काम लगातार करके दिखाई दे रहे हैं।

# पीएम का कार्यक्रम: बन्द रहेंगे खनिज खनन केन्द्र

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी श्रीमती सी. इंदुमती ने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के जनपद आगमन पर सामान्य जनमानस के आवागमन को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने के दृष्टिगत जनपद महोबा, हमीरपुर, बांदा, झांसी एवं जालौन आदि जनपदों से उपखनिज बालू/मोरम व गिट्टी लदे हुए ट्रकों का प्रवेश जनपद सीमा में 15 मई की रात्रि 11.30 बजे से 17 मई की रात्रि 09 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने जनपद के समस्त खनन पट्टाधारकों, भण्डारण अनुज्ञप्तिधारियों, अनुज्ञा पत्र धारकों को निर्देशित किया है कि उक्त के दृष्टिगत उपरोक्त समयावधि में खनिज की निकासी/परिवहन किसी भी दशा में न करे।

# बिजली टावर पर चढ़कर मजदूर ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के कबीरपुर मंसूरपुर गांव निवासी रामकिशन के 40 वर्षीय पुत्र जितेंद्र ने कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा गांव के समीप बिजली टावर पर चढ़कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। वही परिजनों ने बताया मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। आज सुबह शहर मजदूरी के लिए घर से निकला था और लगभग 9 बजे उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

# पीएम की जनसभा को लेकर हुआ रूट डायवर्जन, आज मध्य रात्रि से होगा प्रभावी

**फ़तेहपुर।** सत्रह मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी जनसभा भ्रमण शहर के मदारीपुर कला ग्राम में प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु 16 मई की मध्य रात्रि से समस्त भारी वाहन व 17 मई को प्रात: 08 बजे से सभी प्रकार के छोटे वाहनों का प्रवेश डायवर्जन किये जाने एवं भारी वाहनो को सम्बन्धित दिये गये रूट से डायवर्जन कराये जाने का फ़रमान जारी हो गया है। रूट डायवर्जन के तहत् कानपुर से प्रयागराज को जाने वाले वाहन का डायर्वजन- कानपुर से प्रयागराज जाने वाले वाहनो का डायवर्जन रामादेवी चौराहा-जाजमऊ से बंदर का मोड़ उन्नाव अचलगंज बीघापुर लालगंज ऊंचाहार कुण्डा-लाल गोपालगंज से नवाबागंज प्रयागराज होकर परिवहन करेंगे। प्रयागराज एवं वाराणसी से कानपुर जाने वाले वाहन का डायवर्जन प्रयागराज के नवाबगंज बाईपास से लालागोपालगंज कुण्डा ऊचाहार लालगंज बीघापुर अचलगंज बंदर का मोड़ से जाजमऊ रामादेवी से अपने गंतव्य को जाएंगे।

प्रयागराज शहर एवं कौशाम्बी जनपद से कानपुर जाने वाले भारी वाहनो का डायवर्जन थाना सैनी जनपद कौशाम्बी से किया जायेगा जिसका मार्ग सैनी मानिकपुर ऊंचाहार-लालगंज-बीघापुर अचलगंज बंदर का मोड़ से जाजमऊ रामादेवी कानपुर से अपने गंतव्य को जाएंगे। हमीरपुर से प्रयागराज को जाने वाले वाहन हमीरपुर से आने जाने वाले वाहनो का डायवर्जन, घाटमपुर रमईपुर नौबस्ता रामादेवी जाजमऊ से बंदर का मोड़ अचलगंज बीघापुर लालगंज ऊंचाहार कुण्डा लाल गोपालगंज नवाबागंज प्रयागराज होकर जाएंगे एवं इसी रास्ते से वापस भी आयेगें। बाँदा से लखनऊ जाने वाले वाहनों का डायवर्जन बाँदा जनपद भारी वाहनो को चिल्लापुल की ओर भेजेंगे जिनका मार्ग ललौली बिंदकी चौडगरा बक्सर मोड भगवंतनगर बिहार कस्बा मौराँव एवं मोहनलालगंज होकर लखनऊ को जाएंगे और इसी रास्ते से वापस भी आयेंगे।

बाँदा से प्रयागराज कि ओर फ्तेहपुर होकर जाने वाला भारी वाहन बाँदा कर्वी चित्रकूट राजापुर चित्रकूट कौशाम्बी होकर अपने गंतव्य को जाएंगे। जनपद रायबरेली से बाँदा-हमीरपुर जाने वाले भारी वाहन का आवागमन लालगंज रायबरेली बिहार कस्बा भगवन्त नगर बक्सर मोड़ चौडगरा से बिंदकी एवं जहानाबाद होकर हमीरपुर एवं बाँदा की ओर परिवहन करेंगे। जनपद रायबरेली डलमऊ हुसैनगंज फ्तेहपुर होकर आने वाले भारी वाहनो का डायवर्जन लालगंज रायबरेली बिहार कस्बा भगवन्तनगर बक्सर बक्सरमोड़-चौडगरा से बिंदकी एवं जहानाबाद होकर हमीरपुर एवं बाँदा की ओर परिवहन करेंगें। जनपद बाँदा हमीरपुर कौशाम्बी कानपुर रायबरेली से जनसभा में आने वाले वाहनो को छोड़ कर समस्त प्रकार के वाहनों पर प्रतिबन्ध रहेगा। 16 मई की मध्य रात्रि से सभी भारी वाहन व 17 मई को प्रात: 08 बजे से समस्त प्रकार के छोटे वाहनो का प्रवेश डायवर्जन किये जाने एवं भारी वाहनो को रूट डायवर्जन के अनुसार परिवहन करेंगे।

**जनपद मे किये जाने वाला डायवर्जन:** बक्सरमोड थाना कल्याणपुर हमीरपुर बाँदा की ओर से आने वाले वाहनो को बक्सर मोड से बक्सर- भगवंतनगर- बिहार कस्बा- मौराँव एवं लालगंज होकर लखनऊ को जाएंगे और आयेंगे। खागा नौबस्ता बाईपास, थाना- खागा कौशाम्बी से आने वाले भारी वाहनो को नौबस्ता बाईपास से चौकी चौराहा, थाना- सुल्तानपुर घोष-हथगाँव-हुसैनंगज सातमील से लालगंज की और डायवर्जन किया जाएगा। सातमील बाईपास डायवर्जन-रायबरेली के तरफ से आने वाले वाहनो को लालगंज की ओर डायवर्जन किया जाएंगा। बहुआ चौराहे से डायवर्जन-बाँदा की ओर से आने वाले वाहनो का डायवर्जन ललौली- बिंदकी- चौडगरा किया जाएगा। गाजीपुर चौराहे से बाँदा औगासी की ओर से आने वाले भारी वाहनो को बहुआ की ओर डायवर्जन किया जाएगा जो बिंदकी चौडगरा हो कर अपने गन्तव्य को जाएंगे। लखनऊ बाईपास - कानपुर से आने वाले वाहनो का डायर्जन हुसैनंगज से रायबरेली या हथगाँव चौकी चौराहा, से नौबस्ता बाईपास खागा के लिये किया जाएगा। इस व्यवस्था में आपात चिकित्सा सेवा से संबंधित एंबुलेंस, मरीजों को ले जाने वाले वाहन व अन्य अतिआवश्यक कार्य सरकार से जाने वाले सरकारी वाहन (वीआईपी) उक्त डायवर्जन प्रक्रिया से प्रभावित नहीं होंगे उनका मार्ग यथावत राष्ट्रीय राजमार्ग से ही रहेगा।

# यह चुनाव राम विरोधियों को दंडित करने के लिए

भाषा। मोतिहारी (बिहार)



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर बुधवार को करारा प्रहार करते हुए कहा कि यह चुनाव उन लोगों को जवादेह ठहराने के लिए है जिन्होंने राम के मूल मूल्यों, राष्ट्रवाद, आरक्षण, सनातन धर्म और संविधान का विरोध किया और देश को विकसित भारत बनाने के केंद्र के मिशन में बाधा डाली। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सहित विपक्षी नेताओं पर युवाओं को रोजगार देने के नाम पर मतदताओं को भ्रमित करने का आरोप लगाया। शिवहर लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार लवली आनंद के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, वे गरीबों को नौकरी देने से पहले उनकी जमीन ले लेंगे। अगर कोई गरीबों की भलाई कर सकता है तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की राजग सरकार है।

नड्डा का इशारा राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के मनमोहन सिंह सरकार में रेल मंत्री रहने के दौरान कथित तौर पर हुए नौकरी के बदले जमीन घोटाले की ओर था। इस घोटाले की जांच वर्तमान में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। उन्होंने कहा, जब सोनिया गांधी संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की अध्यक्ष थीं तक भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाया गया और तत्कालीन सरकार ने अदालत में हलफनामा देकर भगवान राम को काल्पनिक बताया। यह चुनाव उन लोगों को दंडित करने के लिए है जो राम विरोधी, राष्ट्र विरोध, आरक्षण विरोधी, सनातन धर्म विरोधी और संविधान विरोधी हैं। यह चुनाव उन लोगों को भी दंडित करने के लिए है जो देश को विकसित भारत बनाने की केंद्र की पहल का विरोध करते हैं।नड्डा ने कहा, तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया आदि से की। कांग्रेस के किसी भी नेता ने इसकी निंदा नहीं की। वे सनातन धर्म विरोधी हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि लालू प्रसाद नीत राजद वास्तव में रिश्वतखोर जंगलराज दल है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर भ्रष्ट लोगों को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इसके उलट मोदी देश से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस और राजद सहित इंडिया गठबंधन के अधिकतर नेता जेल में हैं या बेल (जमानत) पर हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास ऐसा प्रधानमंत्री है जो देश के लिए काम करता है जबकि दूसरी ओर इंडिया गठबंधन परिवार बचाओ, डायनेस्टी (वंश) बचाओ गठबंधन है। भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव जमानत पर हैं। उन्होंने दोहराया कि भाजपा नीत राजग बिहार की सभी 40 सीट सहित देश में 400 से अधिक लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेगी। नड्डा ने दावा किया कि बिहार का विकास केवल राजग शासन में हुआ है। उन्होंने कहा, बिहार के पूर्ण विकास के लिए केंद्र से तीन लाख करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है। नड्डा ने कहा, मोदी का

## ममता का घुसपैठ पर नरम रुख: नड्डा

**रघुनाथपुर,** विष्णुपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर घुसपैठ के मुद्दे से समझौता करने और अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के करीब एक दशक के शासन में पश्चिम बंगाल से एक के बाद एक कांड सामने आ रहे हैं। पुरुलिया में पार्टी उम्मीदवार ज्योतिरमॉय महतो के समर्थन में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि इंडिया गठबंधन के बिखरे हुए घटक अपनी स्वार्थ प्रेरित इच्छाओं की पूर्ति के लिए केंद्र में मजबूर सरकार बनाना चाहते हैं, पश्चिम बंगाल की जनता ने पहले ही मजबूत सरकार की अपनी मंशा व्यक्त कर दी है।नड्डा ने ममता बनर्जी पर पश्चिम बंगाल को आतंकवादियों की पनाहगाह में तब्दील करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ममता दीदी की सरकार घुसपैठ के मुद्दे पर नरम है जबकि अल्पसंख्यकों की तुष्टीकरण की नीति पर चल रही है। तृणमूल कांग्रेस पर लगे कथित भ्रष्टाचार के आरोपों के बारे में उन्होंने कहा, शिक्षक भर्ती से लेकर लिपिक नियुक्ति धोखाधड़ी तक, कोयला से मवेशी तस्करी तक एक के बाद एक घोटाले हो रहे हैं। उनकी पार्टी के नेता और मंत्री विभिन्न घोटालों में गिरफ्तार हुए हैं। ममता दीदी का शासनकाल भ्रष्टाचार और आतंक का पर्याय बन गया है। नड्डा ने कहा कि ममता बनर्जी के शासनकाल में संदेशखालि जैसी घटनाएं हुईं जो पूरे देश को शर्मिंदा करने वाली थीं। उन्होंने जनसभा में मौजूद लोगों से सवाल करते हुए कहा, दुर्भाग्य से वह संदेशखालि में महिलाओं का उत्पीड़न करने वालों को बचाने की कोशिश कर रही हैं। क्या बंगाल की जनता इस तरह का शासक चाहती है? भाजपा उम्मीदवार सौमित्र खान के समर्थन में विष्णुपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, शाहजहां शेख जैसे तृणमूल कांग्रेस नेताओं के घरों से बम और हथियारों की बरामदगी दिखाती है कि ममता बनर्जी की छत्रछाया में कैसे चीजें होती हैं और वह एक शब्द तक नहीं कहतीं। उन्होंने कहा कि राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत छह करोड़ लोगों को पांच किलोग्राम चावल और एक किलोग्राम दाल मिल रहा है और ममता बनर्जी की सरकार को चावल चोर का उपनाम मिला है। नड्डा ने कहा, चावल भेजे मोदी, चोरी करे दीदी। उन्होंने पीडीएस घोटाले से जुड़े मामले में पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक की गिरफ्तारी को याद किया।

नड्डा ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिली राशि का गबन करने और स्कीम का नाम बदलकर बंगाल आवास योजना करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल द्वारा सामाजिक कल्याण की परियोजनाओं को पटरी से उतारने की कोशिश किए जाने के बाद भी मोदी सरकार ने गरीबों के लिए 52 लाख घर बनाए हैं। केंद्र की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए एक समुदाय को दूसरे के सामने खड़ा किया।

भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष राज्य के किसानों को गत तीन साल से किसान निधि का लाभ लेने से रोक रही हैं और कई सालों से लोगों को आयुष्मान भारत का लाभ लेने से वंचित कर रही हैं। उन्होंने कहा, मोदी ने धर्म आधारित राजनीति और तुष्टीकरण के युग का समापन किया है और नए तरीके के शासन पर सूत्रपात किया है जो प्रदर्शन एवं जवाबदेही पर आधारित है। नड्डा ने कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और चीन की अर्थव्यवस्था ढलान पर है जबकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत उंचाई पर जा रहा है और दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है।

# न्यायालय ने साढ़े सात लाख मामलों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंस से की: प्रधान न्यायाधीश



भाषा। नई दिल्ली

**भारत** के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने बुधवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 7,50,000 से अधिक मामलों की सुनवाई की और।,50,000 से अधिक मामले ऑनलाइन दायर किए गए। उन्होंने कहा कि यह सब इसीलिए हो पाया क्योंकि प्रौद्योगिकी ने न्यायपालिका समेत कानून और प्रवर्तन एजेंसियों के बीच नए आयाम स्थापित किए हैं। डिजिटल परिवर्तन और न्यायिक दक्षता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग विषय पर रियो डी जनेरियो में आयोजित जे20 शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीजेआई ने भारत की उपलब्धियों का जिक्र किया और कहा, ऑनलाइन माध्यम से सुनवाई ने उच्चतम न्यायालय तक पहुंच को लोकतांत्रिक बना दिया है। जे20 उच्चतम न्यायालयों या जी20 सदस्य देशों की संवैधानिक अदालतों के प्रमुखों का एक शिखर सम्मेलन है और ब्राजील की जी20 की अध्यक्षता के आलोक में इस वर्ष इसका आयोजन ब्राजील के संघीय उच्चतम न्यायालय द्वारा किया जा रहा है। सीजेआई ने कहा कि भारतीय उच्चतम न्यायालय का वाद प्रबंधन तंत्र फ्री एंड ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (एफओएसएस) पर विकसित किया गया है और यह दुनिया में सबसे बड़ा वाद प्रबंधन तंत्र है। न्यायामूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि महामारी के बाद भी प्रत्यक्ष और ऑनलाइन तरीके से सुनवाई (हाईब्रिड सुनवाई) भारतीय अदालतों की विशेषता बन गई है और ऑनलाइन माध्यम से सुनवाई से उन लोगों को खासा फायदा हुआ जिन्हें प्रत्यक्ष रूप से अदालत में पेश होने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

# जीएसटी के सभी मामलों में गिरफ्तारी की जरूरत नहीं: उच्चतम न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को केंद्र से कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के सभी मामलों में गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं है और ऐसा तभी किया जा सकता है जब दोष साबित करने के लिए पक्के सबूत और ठोस सामग्री हो। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने सीमा शुल्क अधिनियम और जीएसटी अधिनियम से संबंधित प्रावधानों की संवैधानिक वैधता और व्याख्या को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि गिरफ्तारी की शक्ति गिरफ्तारी की जरूरत से अलग है। पीठ ने सरकार की तरफ से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से कहा, कानून यह नहीं कहता है कि जांच पूरी करने के लिए आपको गिरफ्तार करने की जरूरत है। कानून का यह उद्देश्य नहीं है। जीएसटी के हरेक मामले में आपको गिरफ्तारी की जरूरत नहीं है। यह कुछ विश्वसनीय साक्ष्य और ठोस सामग्री पर आधारित होनी चाहिए। जीएसटी कानून के तहत गिरफ्तारी के प्रावधानों पर राजू से कई सवाल पूछने वाली पीठ ने कहा कि कानून ने खुद ही स्वतंत्रता को उंचे मुकाम पर रखा है और इसे कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। इस पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि अधिकांश गिरफ्तारियां जांच के दौरान की जाती हैं क्योंकि किसी मामले में जांच पूरी होने के बाद कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा, गिरफ्तारी केवल संदेह पर आधारित नहीं है, यह उस समय की जाती है जब यह मानने के कई कारण हों कि यह किसी गंभीर अपराध के घटित होने का संकेत दे रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वास करने का कारण अपराध किए जाने की सख्त व्याख्या पर आधारित नहीं हो सकता है। इस दलील पर पीठ ने कहा, इस संबंध में निर्णय गिरफ्तारी से पहले होना चाहिए। इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय की पीठ ने कहा कि वह सीमा शुल्क अधिनियम और जीएसटी अधिनियम के तहत विश्वास करने के कारण और गिरफ्तारी के आधार के सवाल की जांच करेगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि जहां जीएसटी अधिकारियों की मनमानी के कई मामले सामने आए हैं, वहीं करदाताओं की ओर से गलत काम करने के भी मामले हैं। पीठ ने कहा कि वह अपना फैसला देते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखेगी।

याचिकाकर्ताओं ने सीमा शुल्क अधिनियम और जीएसटी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देते हुए कहा है कि दोनों कानूनों के तहत गिरफ्तारी प्रावधानों का घोर दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने धमकाए जाने और उचित प्रक्रिया का पालन किए बगैर भुगतान के लिए मजबूर किए जाने का आरोप भी लगाया है। जीएसटी अधिनियम की धारा 69 गिरफ्तारी की शक्तियों से संबंधित है, जबकि सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 104 एक अधिकारी को किसी को गिरफ्तार करने की अनुमति देती है यदि उसके पास यह विश्वास करने का कारण है कि उस व्यक्ति ने अपराध किया है। उच्चतम न्यायालय ने नौ मई को इस मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र से कहा था कि जीएसटी अधिनियम के तहत कोई भी गिरफ्तारी केवल संदेह के आधार पर नहीं बल्कि ठोस सामग्री के आधार पर और उचित प्रक्रिया के अनुपालन में होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने पहले केंद्र को निर्देश दिया था कि वह जीएसटी वसूली के लिए कारोबारियों के खिलाफ तलाशी और जब्ती अभियानों के दौरान धमकी और जबरदस्ती का इस्तेमाल न करे और उन्हें स्वेच्छा से बकाया चुकाने के लिए मनाए।

## सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी को मुख्तार की प्रार्थना सभा में शामिल होने की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर स्थित उसके आवास पर 10 जून को अपने दिवंगत पिता मुख्तार अंसारी की याद में आयोजित होने वाली एक प्रार्थना सभा में शामिल होने की बुधवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने अब्बास अंसारी को 11 जून और 12 जून को पुलिस हिरासत में अपने परिवार के साथ समय बिताने की भी अनुमति दी और राज्य पुलिस को इस संबंध में व्यवस्था करने का निर्देश दिया।उच्चतम न्यायालय ने आदेश दिया कि अंसारी को नौ जून से पहले गाजीपुर जेल में स्थानांतरित कर दिया जाए और बिना किसी बाधा के प्रार्थना सभा में शामिल होने की अनुमति दी जाए। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता को 10 जून की शाम छह बजे वापस गाजीपुर लाया जाएगा और 11 जून और 12 जून की सुबह नौ बजे उसे फिर से उसके घर ले जाया जाएगा और दोनों दिन परिवार और करीबी रिश्तेदारों के साथ समय बिताने की अनुमति दी जाएगी। उत्तर प्रदेश की अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) गरिमा प्रसाद ने कहा कि अब उसके पिता की मृत्यु से संबंधित सभी कार्यक्रम उसकी स्वयं की स्वीकारोक्ति के अनुसार संपन्न हो चुके हैं। एएजी ने पीठ से अपने आदेश में यह कहने का अनुरोध किया कि यह कोई मिसाल नहीं होगी क्योंकि राज्य में एक लाख से अधिक कैदी हैं और अदालत में ऐसे अनुरोधों की बाढ़ आ जाएगी। पीठ ने कहा, कानून एवं व्यवस्था से निपटने का मुद्दा आपके लिए है। हमें एक लाख लोगों को यह राहत देने में कोई आपत्ति नहीं है। अपराधी से नेता बने मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को उत्तर प्रदेश के बांदा के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई थी।

## ईडी ने धन शोधन मामले में झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता एवं झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को धन शोधन मामले में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यहां एजेंसी के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के दूसरे दिन लगभग छह घंटे तक किए गए सवाल-जवाब के बाद उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में ले लिया गया। संघीय एजेंसी ने मंगलवार को उनसे नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी और उनका बयान भी दर्ज किया था। एजेंसी ने पिछले हफ्ते एक फ्लैट से 32 करोड़ से अधिक की नकदी जब्त करने के बाद आलम के निजी सचिव एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजीव कुमार लाल (52) तथा लाल के घरेलू सहायक जहांगीर आलम (42) को गिरफ्तार किया था।धन शोधन जांच राज्य ग्रामीण विकास विभाग में कथित अनियमितताओं और रिश्वत लेने से संबंधित है। गिरफ्तार दोनों लोगों की रिमांड की मांग करते हुए, ईडी ने यहां एक विशेष पीएमएलए अदालत को बताया था कि लाल ने कुछ प्रभावशाली लोगों की ओर से कमीशन एकत्र किया और ग्रामीण विभाग में ऊपर से नीचे तक के सरकारी अधिकारी कथित तौर पर रिश्वत लेने की सांठगांठ में शामिल हैं।

# सीएए के तहत 14 लोगों को भारत की नागरिकता के प्रमाणपत्र सौंपे गए

भाषा। नई दिल्ली

**संशोधित** नागरिकता कानून (सीएए) के लिए नियम अधिसूचित होने के करीब दो महीने बाद बुधवार को 14 लोगों को भारत की नागरिकता प्रदान की गई। इसके साथ ही पड़ोसी देशों में प्रताड़ना के शिकार होकर भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सूत्रों ने बताया कि एक विशेष समारोह में 14 लोगों को प्रतीकात्मक रूप से प्रमाणपत्र सौंपे गए, जबकि डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र कुछ सौ अन्य आवेदकों को ईमेल के माध्यम से भी भेजे जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक दिन करार देते हुए कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न का सामना करने वाले लोगों का दशकों पुराना इंतजार खत्म हो गया है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने एक निर्दिष्ट पोर्टल के माध्यम से आवेदनों पर ऑनलाइन मंजूरी के बाद 14 लोगों को प्रमाण पत्र सौंपे।आम चुनावों के बीच यह कदम उठाया गया है। मतदान का पहला चरण 19 अप्रैल को हुआ था और अंतिम चरण का मतदान एक जून को होगा जबकि मतगणना चार जून को होगी। सीएए को 31 दिसंबर 2014 तक या उससे पहले भारत आए बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में प्रताड़ना के शिकार गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करने के लिए दिसंबर 2019 में लाया गया था। इनमें हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदाय के लोग शामिल हैं। कानून बनने के बाद, सीएए को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई लेकिन जिन नियमों के तहत भारत की नागरिकता दी जानी थी, उन्हें चार साल से अधिक की देरी के बाद इस साल 11 मार्च को जारी किया गया। ग्यारह साल पहले पाकिस्तान के सिंध से आए भरत कुमार (24) ने नागरिकता प्रमाणपत्र प्राप्त करने के कुछ मिनट बाद पीटीआई-भाषा से कहा, भारतीय होना बहुत अच्छा एहसास है। इसने मुझे एक नया जीवन दिया है। शाह ने कहा कि तीन देशों में धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई भाई-बहनों को नागरिकता मिलनी शुरू हो गई है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आजादी के समय किया गया वादा पूरा किया है। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, मैं दशकों से पीड़ित इन लोगों को न्याय और अधिकार देने के लिए मोदीजी का आभार व्यक्त करता हूं। मैं अपने सभी शरणार्थी भाइयों और बहनों को भी आश्वस्त करता हूं कि मोदी सरकार सीएए के माध्यम से उन सभी को नागरिकता देगी। मोदी की गारंटी...वादे पूरे करने की गारंटी है।

नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान करते समय, गृह सचिव ने 14 आवेदकों को बधाई दी और नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 की मुख्य विशेषताओं को रेखांकित किया। इस मौके पर सचिव (डाक), निदेशक (आसूचना ब्यूरो) और भारत के रजिस्ट्रार जनरल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सीएए के नियमों में आवेदन करने के तरीके, जिलास्तरीय समिति (डीएलसी) द्वारा आवेदन को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया और राज्यस्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (एसएलईसी) में आवेदनों की जांच और नागरिकता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है।

प्रवक्ता ने कहा, इन नियमों के लागू होने के बाद, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो धार्मिक उत्पीड़न या इसके डर के कारण 31 दिसंबर 2014 तक भारत आ गए थे। प्राधिकृत अधिकारियों के रूप में वरिष्ठ डाक अधीक्षकों या डाक अधीक्षकों की अध्यक्षता वाली डीएलसी ने दस्तावेजों के सफल सत्यापन के बाद आवेदकों को निष्ठा की शपथ दिलाई है। नियमानुसार आवेदनों पर कार्वाई के बाद, डीएलसी ने आवेदनों को निदेशक (जनगणना संचालन) की अध्यक्षता वाली राज्यस्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (एसएलईसी) को भेज दिया। आवेदनों पर कार्वाई पूर्णत: ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाती है। निदेशक (जनगणना संचालन), दिल्ली की अध्यक्षता में दिल्ली की अधिकार प्राप्त समिति ने उचित जांच के बाद 14 आवेदकों को नागरिकता देने का निर्णय लिया। इसी क्रम में, निदेशक (जनगणना संचालन) ने इन आवेदकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। वर्ष 2019 में सीएए के पारित होने के बाद देश के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था और प्रदर्शनकारियों ने इसे भेदभावपूर्ण करार दिया।

## पेज 1 का शेष

### ज्यातिरादित्य...

नेपाल के शाही परिवार से ताल्लुक रखने वाली माधवी राजे सिंधिया ने 1966 में पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया से शादी की। उनके परिवार में उनके बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया और बेटी चित्रांगदा राजे सिंह हैं। उनके पार्थिव शरीर को बृहस्पतिवार सुबह ग्वालियर लाया जाएगा और जय विलास पैलेस के रानी महल में लोगों के सम्मान के लिए रखा जाएगा। सूत्रों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को ग्वालियर में अम्मा महाराज की छतरी पर किया जाएगा। दिवंगत राजमाता विजया राजे सिंधिया और उनके बेटे माधव राव सिंधिया का अंतिम संस्कार भी इसी स्थान पर हुआ था।

### मालीवाल...

कल को उसका कोई एक्सीडेंट हो सकता है या उसके साथ कोई अचानक हादसा हो सकता है। स्वाति एक राज्यसभा सांसद है कोई आम महिला नहीं है। दिल्ली पुलिस को भी स्वत: संज्ञान लेकर घटना की जांच करनी चाहिए। उन्होंने स्वाति को भी समाने आ कर अपने मानसम्मान की लड़ाई लड़ने की बात कही। जयहिंद ने बताया कि उनका स्वाति के साथ वर्ष 2020 में तलाक हो गया था उसके बाद स्वाति के साथ उनका कोई सम्पर्क नहीं है। इसलिए ये उनकी पूर्व पत्नी का मामला नहीं बल्कि एक महिल एक सांसद का मामला है। अगर इस मामले का सच सबके सामने नहीं आया तो समाज में गलत संदेश जायेगा। जयहिंद ने राज्यसभा सांसद संजय सिंह को केजरीवाल का तोता बताते हुए कहा कि संजय कैसे सांसद बने है। उन्हें बताने की जरूरत नहीं है। उनका बयान पूरे मामले की लीपापोती करना और इस साजिश को दबाने के लिए नाटक कर रहे हैं।

### दम तोड़...

साथ ही आर्द्रभूमि क्षेत्र में चल रही हानि भी दिखाई दे रही है। रिसर्चगेट में प्रकाशित एक अध्ययन कबरताल (कांवर) झील, बिहार का पहला रामसर वेटलैंड साइट के अनुसार, पक्षी अभयारण्य की घोषणा के बावजूद, कई पक्षियों को नाजुक या लुप्तप्राय वाली प्रजातियों के रूप में नामित किया गया है। इसे पिछले साल वर्तमान अनुसंधान रुझान-2023 पर 9वें अंतरराष्ट्रीय बहुविषयक सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया था। लेख के लेखक बिजय कुमार दास, एसोसिएट प्रोफेसर, वास्तुकला और योजना विभाग, एनआईटी पटना, खुशबू कुमारी, पटना से स्वतंत्र शोधकर्ता, अवि कुश, एसएमवीडीयू, कटरा, जम्मू और कश्मीर के सिविल इंजीनियरिंग छात्र, विभाग से अर्पिता श्रीवास्तव है। वन्यजीव फोटोग्राफर सुमित कुमार भी हैं।

# कांग्रेस मुसलमानों की तरफदारी करती है, मोदी किसी से भेदभाव नहीं करते : गिरिराज सिंह

**पटना (भाषा)।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर अल्पसंख्यकों की तरफदारी करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने मुसलमानों से कभी भेदभाव नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी मोदी के तीसरे कार्यकाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 400 से अधिक सीटें जीतने के साथ ही अयोध्या की तरह काशी और मथुरा में भी भव्य मंदिरों के निर्माण को लेकर उत्सुक है। सिंह ने पीटीआई वीडियो से कहा, जब मोदी ने गैस सिलेंडर, मुफ्त राशन, गरीबों के लिए घर और शौचालय जैसी सुविधाएं प्रदान की, तो कोई भेदभाव नहीं किया गया क्योंकि लाभार्थियों में हिंदू और मुस्लिम दोनों शामिल थे। पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री सिंह ने कहा, यह पिछली कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों के विपरीत था, जब मुसलमानों को तरजीह दी गई और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यक समुदाय का होने की खुले तौर पर वकालत की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक जैसे राज्य में, जहां कांग्रेस सत्ता में है सभी मुसलमानों को हिंदू पिछड़े वर्गों का नुकसान करते हुए चुपचाप ओबीसी घोषित कर दिया गया और बिहार में कांग्रेस के राजद जैसे सहयोगी दल भी ऐसा ही करने का इरादा रखते हैं। भाजपा नेता ने कहा, 2019 में 300 से अधिक सीटें मिलने के बाद सरकार ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया। इस बार, 400 से अधिक सीटों के साथ, सरकार विरासत (सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करते हुए तेज आर्थिक विकास) के साथ विकास की शुरुआत करेगी।

# कांग्रेस के छह बागियों को टिकट देना भाजपा के लिए विनाशकारी होगा: मुख्यमंत्री सुक्खू

**शिमला(भाषा)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपनी सरकार के स्थिर होने का दावा करते हुए कहा है कि राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने वाले कांग्रेस के छह बागियों को टिकट देना विपक्षी दल के लिए विनाशकारी साबित होगा। सुक्खू ने पीटीआई वीडियो से बात करते हुए कहा, कांग्रेस के छह बागियों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद, 62 सदर्सईय विधानसभा में हमारे पास 34 सदस्य हैं जबकि भाजपा के पास 25 सदस्य हैं। अगर हम यह भी मान लें कि भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के सभी छह बागी जीत जाते हैं, तो भी सदन में भाजपा के 31 सदस्य होंगे, वे अभी भी बहुमत से दूर हैं। उन्होंने दावा किया कि छह बागियों को न तो कांग्रेस कार्यकर्ता और न ही भाजपा कार्यकर्ता पसंद कर रहे हैं।

कांग्रेस के तत्कालीन छह विधायकों – राजिंदर राणा (सुजानपुर), सुधीर शर्मा (धर्मशाला), रवि ठाकुर (लाहौल एवं स्पीति), इंदर दत्त लखनपाल (बड़सर), चैतन्य शर्मा (गगरेट) और देविंदर कुमार भुट्टो (कुटलैहड़) ने 27 फरवरी को भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था। इसके दो दिन बाद उन्हें विधानसभा में उपस्थित रहने और कटौती प्रस्तावों और बजट के दौरान सरकार के पक्ष में मतदान करने के लिए पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था। ए बागी विधायक बाद में भाजपा में शामिल हो गए और पार्टी ने उन्हें उनकी संबंधित विधानसभा सीट से उपचुनाव के लिए टिकट दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने वाले कांग्रेस के छह बागियों को टिकट देना पार्टी के लिए विनाशकारी साबित होगा क्योंकि भाजपा कार्यकर्ता इस फैसले से नाखुश हैं। वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ता भी बागियों से नाराज हैं। भाजपा इन सभी छह विधानसभा सीटों पर हारेगी। उन्होंने कहा कि राजनीति में समय और परिस्थिति के हिसाब से रणनीति बदलती है। सुक्खू ने कहा कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के मुद्दे अलग-अलग होंगे लेकिन लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को पैसे के बल पर गिराने की कोशिश कर लोकतंत्र की हत्या का प्रयास निश्चित रूप से एक अहम चुनावी मुद्दा है।

भाजपा के परोक्ष संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि जो पार्टी चुनाव नहीं जीत सकी, वह धनबल का इस्तेमाल कर निर्वाचित सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है। हिमाचल प्रदेश की चार लोकसभा सीटों और छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए एक जून को मतदान होंगे। कांग्रेस और भाजपा नेताओं के एक-दूसरे के खिलाफ कथित अपमानजनक भाषणों का जिक्र करते हुए सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में चुनावों के दौरान कभी भी ऐसी टिप्पणियां नहीं देखी गईं और यह व्यवहार राज्य की संस्कृति के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि चुनाव राजनीतिक दलों के पिछले प्रदर्शन और उनके दृष्टिकोण जैसे मुद्दों पर लड़ा जाना चाहिए तथा राजनीतिक दलों को बेरोजगारी और महंगाई कम करने के उपायों पर बात करनी चाहिए।

# कांग्रेस बजट का 15% अल्पसंख्यकों को आवंटित करना चाहती, मैं होने न दूंगाः मोदी

**भाषा।** नासिक

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह केंद्र सरकार के बजट का 15 प्रतिशत हिस्सा अल्पसंख्यकों को आवंटित करना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने धर्म के आधार पर बजट को बांटने और नौकरियों या शिक्षा में आरक्षण की अनुमति नहीं देने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच केंद्र में सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस ने बजट का 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों पर खर्च करने की योजना बनाई थी जो कि उसका पसंदीदा वोट बैंक है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कड़े विरोध के कारण उसने प्रस्ताव छोड़ दिया।



उत्तर महाराष्ट्र में नासिक जिले के पिंपलगांव बसवंत में महायुति उम्मीदवारों केंद्रीय मंत्री भारती पवार (भाजपा) और हेमंत गोडसे (शिवसेना) के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट को धार्मिक आधार पर बांटना एक खतरनाक विचार है। उन्होंने कहा, हम सभी को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देते हैं। लेकिन कांग्रेस धर्म के आधार पर बजट का बंटवारा और वितरण चाहती है। उन्होंने धर्म के आधार पर देश को बांटा और आज भी वह यही कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर नौकरियों और शिक्षा में धर्म आधारित आरक्षण के सख्त खिलाफ थे। उन्होंने कहा, जब मैं (गुजरात का) मुख्यमंत्री था तो कांग्रेस (तत्कालीन संप्रग सरकार) ने अल्पसंख्यकों के लिए बजट का 15 प्रतिशत आवंटित करने का प्रस्ताव रखा था। भाजपा ने इस कदम का कड़ा विरोध किया और इसलिए इसे लागू नहीं किया जा सका। लेकिन कांग्रेस (अगर सत्ता में आई तो) इस खतरनाक प्रस्ताव को फिर से लाना चाहती है।

उद्धव ठाकरे नीत पार्टी पर हमला बोलते हुए भाजपा नेता ने कहा कि नकली शिवसेना ने कांग्रेस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार का नाम लिए बिना मोदी ने कहा, महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन के एक नेता को पता है कि कांग्रेस बुरी तरह हार रही है। इसलिए उन्होंने सुझाव दिया कि छोटे दलों का कांग्रेस में विलय कर देना चाहिए ताकि इसे मुख्य विपक्षी दल का दर्जा मिल सके। नकली शिवसेना और नकली राकांपा (शरद पवार की अगुवाई वाली पार्टी का जिक्र करते हुए) का कांग्रेस में विलय निश्चित है।

छोटे दलों का कांग्रेस में विलय निश्चित है। जब शिवसेना (उद्धव की अध्यक्षता वाली शिवसेना यूबीटी का जिक्र करते हुए) का विलय होगा, तो मुझे बालासाहेब ठाकरे के शब्द याद आएंगे कि अगर शिवसेना कांग्रेस की तरह हो गई तो वह अपनी पार्टी को बंद कर देंगे। अब नकली शिवसेना का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। नकली शिवसेना ने बालासाहेब ठाकरे के सारे सपने कुचल दिए हैं। मोदी ने कहा कि भाजपा के सहयोगी दिवंगत बाल ठाकरे ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने और जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को समाप्त करने का सपना देखा था। उन्होंने कहा, सपना पूरा हो गया है, लेकिन नकली शिवसेना परेशान है। कांग्रेस ने प्राण प्रतिष्ठा (राम मंदिर) के निमंत्रण को खारिज कर दिया और नकली शिवसेना ने भी यही रास्ता अपनाया।

कांग्रेस नेता अयोध्या में राम मंदिर में होने वाले धार्मिक रिवाजों की आलोचना कर रहे हैं लेकिन नकली शिवसेना चुप है। उन्होंने कहा, कांग्रेस वीर सावरकर (हिंदुत्व विचारक) को गाली देती है, लेकिन नकली शिवसेना कांग्रेस का समर्थन कर रही है। नकली शिवसेना ने पूरी तरह से कांग्रेस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। महाराष्ट्र के लोगों ने इस शिवसेना को दंडित करने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में उनकी सरकार ने धर्म की परवाह किए बिना हर किसी को मुफ्त राशन, पानी, बिजली, घर और गैस कनेक्शन प्रदान किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आंबेडकर धर्म आधारित आरक्षण के खिलाफ थे लेकिन कांग्रेस अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण के अधिकार छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है। उन्होंने कहा, मोदी, समाज के वंचित तबकों के अधिकारों का चौकीदार है और कांग्रेस को उनके अधिकार कभी छीनने नहीं देगा। मोदी बजट का बंटवारा या आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं होने देगा। मोदी ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव केवल सांसदों को चुनने के लिए नहीं है बल्कि एक ऐसा प्रधानमंत्री चुनने के लिए है जो देश के लिए कड़े फैसले लेता है। चुनाव के पहले चार चरणों के मतदान के रुख से पता चलता है कि भाजपा नीत राजग को मतदाताओं से प्रचंड जनादेश मिलने जा रहा है। उन्होंने कहा, आपकी सेवा मेरे जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य है। पिछले दस वर्षों में आपने मेरा काम देखा है और अब मैं विकसित भारत के लिए तीसरी बार आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। अब तक हुए चार चरणों के मतदान के रुझानों को अगर संकेत माना जाए तो राजग को भारी जनादेश मिलेगा।

# केंद्र ने प्रतिबंध हटाया तो विस चुनाव लड़ेगी जमात ए इस्लामी जम्मू कश्मीर : कादिर

**श्रीनगर।** जमात ए इस्लामी (जेईएल) जम्मू-कश्मीर के पूर्व प्रमुख गुलाम कादिर वानी ने बुधवार को कहा कि अगर केंद्र सरकार संगठन पर से प्रतिबंध हटाती है तो उनका संगठन विधानसभा चुनाव में हिस्सा लेगा। केंद्र ने जमात ए इस्लामी पर 2019 में प्रतिबंध लगाया था। वानी ने यहां से 32 किलोमीटर दूर पुलवामा में संवाददाताओं से कहा, हम केंद्र के साथ बातचीत कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि संगठन पर से प्रतिबंध हट जाए और हम समाज में हमारी भूमिका निभाना चाहते हैं। अगर प्रतिबंध हट जाता है, तो हम चुनावों में हिस्सा ले सकते हैं।

श्रीनगर लोकसभा सीट पर सोमवार को मतदान के दौरान वोट डालने वाले वानी ने कहा कि उनका संगठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास रखता है और अतीत में भी चुनावों में हिस्सा ले चुका है। वानी ने कहा, हम हिस्सा लेंगे (विधानसभा चुनावों में) क्योंकि हम लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास रखते हैं। हम हिस्सा लेंगे क्योंकि हम पूर्व में भी ऐसा कर चुके हैं।

संगठन ने 1987 से किसी भी चुनाव में हिस्सा नहीं लिया है। पूर्व अमीर ए जमात (पार्टी प्रमुख) सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे उस पत्र पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें यह दावा किया जा रहा था कि जमात के मजलिस ए शूरा ने चुनावों में हिस्सा लेने को मंजूरी नहीं दी थी। हमने चुनावों (लोकसभा) में हिस्सा लिया और हमारे कार्यकर्ताओं को लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए स्वतंत्र रूप से मतदान करने को कहा क्योंकि लोकतंत्र ही समस्या का समाधान है। हमारे (पार्टी के) संविधान के मुताबिक, यह बहुत जरूरी है। कुछ बदमाशों ने कहीं लिख दिया कि (मजलिस) शूरा (सलाहकार परिषद) ने हमें मंजूरी नहीं दी। सिर्फ वही जानते हैं कि इस पत्र के पीछे क्या मकसद है। हम फिर दोहरा रहे हैं और अपना रुख स्पष्ट कर रहे हैं। शूरा हमारे साथ है।

# मैं लोगों को धार्मिक आधार पर बांटने की साजिश का पर्दाफाश कर रहा हूंः मोदी

**भाषा।** कल्याण (महाराष्ट्र)

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वह लोगों को धर्म के आधार पर बांटने की कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया की साजिश का पर्दाफाश कर रहे हैं और उनके लिए देश की एकता उनकी अपनी छवि से अधिक महत्वपूर्ण है। महाराष्ट्र में ठाणे जिले के कल्याण में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके पूर्ववर्ती डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस मुसलमानों के लिए 15 प्रतिशत धन आवंटित करके देश के बजट को मुस्लिम बजट और हिंदू बजट में विभाजित करना चाहती है। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी इंडी गठबंधन सत्ता में आने के बाद तुष्टीकरण की इस नीति को लागू करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन और कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी के स्पष्ट संदर्भ में) धर्म को लेकर राजनीति कर रहे है और कर्नाटक उनकी प्रयोगशाला है।

मोदी ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में मुसलमानों को रातोंरात ओबीसी कोटा में शामिल कर लिया गया और कांग्रेस ने इसे देश के बाकी हिस्सों में लागू करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा, मोदी लोगों को धर्म के आधार पर बांटने संबंधी इंडी गठबंधन की साजिशों का पर्दाफाश कर रहे हैं। मेरी छवि से ज्यादा मेरे लिए देश की एकता महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस के लिए विकास का मतलब केवल उन लोगों के लिए है जो उसे वोट देते हैं। उन्होंने पूछा, क्या देश को इस तरह से चलाया जाना चाहिए?

मोदी ने कहा, नकली (उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली) शिवसेना को कांग्रेस शहजादे से विनायक दामोदर सावरकर के पक्ष में पांच पंक्तियां बोलने के लिए कहना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से अपील करते हुए कहा, (मार्च 1993 मुंबई विस्फोट के दोषी) याकूब मेमन की कब्र को संवारा गया है और राम मंदिर के निमंत्रण को खारिज कर दिया गया है। क्या आप चुनाव में इंडी गठबंधन को दंडित करेंगे? वर्ष 1993 बम विस्फोटों का एक आरोपी भी नकली शिवसेना के लिए प्रचार कर रहा है। मजबूत और विकसित भारत के लिए और तुष्टीकरण के खिलाफ वोट करें। शिवसेना के मौजूदा सांसद एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे कल्याण लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर 20 मई को मतदान होगा।

# पिछले दस वर्षों में भारत की रक्षा क्षमताओं में काफी वृद्धि हुईः वी.के. सारस्वत

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के पिछले 10 साल के कार्यकाल के दौरान भारत की रक्षा क्षमताओं में काफी वृद्धि हुई है और अब देश केवल सशस्त्र बलों की तात्कालिक जरूरतों के लिए ही हथियारों के आयात पर ही निर्भर है। नीति आयोग के सदस्य वीके सारस्वत ने बुधवार को यह जानकारी दी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के पूर्व अध्यक्ष सारस्वत ने बताया कि वर्तमान समय में भारत के कुल 60 प्रतिशत हथियार और गोला-बारूदों को देश में तैयार किया जा रहा है। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया, पिछले 10 वर्षों में भारत की रक्षा क्षमता में काफी वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार 2014 में सत्ता में आई थी और फिर 2019 में उन्होंने प्रचंड बहुमत के साथ दोबारा सरकार बनाई।

स्वीडन के थिंक टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की एक हालिया रिपोर्ट को लेकर किए गए सवाल के जवाब में सारस्वत ने कहा, भारत की रक्षा का पूरा पारिस्थितिकी तंत्र अब काफी हद तक स्वदेशी है। अब हम केवल सशस्त्र बलों की तात्कालिक जरूरतों या ऐसी किसी चीज के लिए ही आयात पर निर्भर हैं जिसके लिए हमारे पास तकनीक का अभाव है। उन्होंने बताया कि अब अडानी ग्रुप, टाटा ग्रुप और लार्सन एंड टूब्रो जैसी बड़ी कंपनियां देश में ही रडार सिस्टम और बंदूकों का निर्माण कर रही हैं।

स्वीडन के थिंक टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) द्वारा 11 मार्च को पेश की गई रिपोर्ट में दावा किया गया कि भारत दुनिया का शीर्ष हथियार आयातक देश बना हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया कि साल 2014-2018 और 2019-2023 के बीच भारत द्वारा हथियारों के आयात में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। देश के कुछ हिस्सों में लू के प्रकोप के कारण इस गर्मी के मौसम में बिजली कटौती की आशंका संबंधी सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देश की विद्युत क्षमता इन जरुरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। सारस्वत ने कहा कि भारत की संस्थापित विद्युत क्षमता लगभग 452 गीगावाट है और यह देश की बिजली आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि इस बार बिजली क्षमता के कारण बिजली कटौती करनी पड़ेगी।

# मतुआ समुदाय के गढ़ में सीएए को लेकर मुसलमानों में मतभेद

**बोंगांव (पश्चिम बंगाल)।** सीएए को आकार देने वाले नागरिकता आंदोलन का केंद्र माने जाने वाले मतुआ समुदाय के गढ़ बोंगांव में मुस्लिम समुदाय के बीच विभिन्न प्रकार की मान्यताएं, आकांक्षाएं और मतभेद हैं। मूल रूप से पूर्वी बंगाल (अब बांग्लादेश) से संबंध रखने वाला हिंदू शरणार्थी समुदाय मतुआ लंबे समय से बोंगांव के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में एक प्रमुख शक्ति रहा है। नागरिकता अधिकारों के संघर्ष में इस समुदाय की जड़ें गहरी हैं और सीएए इनके लिए उम्मीद की किरण है जिसमें बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे पड़ोसी देशों के सताए हुए हिंदू अल्पसंख्यकों को नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान है। हरे-भरे खेतों और सामुदायिक रूप से एकजुट माने जाने वाले भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे इस क्षेत्र में फिलहाल ध्रुवीकरण का असर साफ देखा जा सकता है क्योंकि राजनीतिक दल विवादास्पद मुद्दों पर विरोधाभासी रुख अपना रहे हैं, राष्ट्रीय नागरिकता पंजी (एनआरसी) की आशंकाएं भी बढ़ रही हैं।

इस माहौल के विपरीत, बोंगांव की मुस्लिम आबादी सीएए को लेकर अनिश्चितता का सामना कर रही है, जिससे उनकी चुनौतियां बढ़ गई हैं। एक ओर कुछ लोग इसे (सीएए) उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों की मदद के लिए एक उदार अधिनियम के रूप में देखते हैं, तो वहीं दूसरी ओर इसे भेदभाव का एक तरीका माना जाता है, जो पहले से मौजूद सामाजिक-धार्मिक तनाव को और बढ़ा रहा है। बोंगांव में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास मल्लिकपुर गांव के अमीरुल मंडल (62) ने कहा, सीएए की क्या जरूरत है जब हम सभी यहां के नागरिक हैं। हम अपना वोट कैसे डाल सकते हैं और हमारे पास सभी जरूरी दस्तावेज कैसे हैं? वर्षों से यहां खेती कर रहे मिंटू रहमान नामक किसान ने कई लोगों के डर को व्यक्त किया। उन्होंने सवाल किया, मुसलमानों को निशाना क्यों बनाया जा रहा है, जबकि उनकी जड़ें इस मातृभूमि से जुड़ी हैं? यह भेदभावपूर्ण है कि सीएए में मुसलमानों को हटा दिया गया है। अधिनियम के तहत सभी धर्मों को शामिल किया जाना चाहिए था। बोंगांव में मुस्लिम समुदाय में मतभेद स्पष्ट है, जो सीएए को लेकर व्यापक राष्ट्रीय विमर्श को प्रतिबिंबित करता है।

एक ओर वे लोग हैं जो इस अधिनियम का पुरजोर विरोध करते हुए इसे राष्ट्र के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने पर हमला मानते हैं। उनका तर्क है कि सीएए से मुसलमानों को स्पष्ट रूप से बाहर करके संविधान में निहित समानता के सिद्धांतों का उल्लंघन किया गया है, जिससे पहले से ही संवेदनशील समुदाय हाशिए पर चला गया है। इसके विपरीत, बोंगांव में ऐसे मुसलमान भी हैं, जो न चाहते हुए भी सीएए के प्रति मौन समर्थन व्यक्त करते हैं। अमीरुल दफादार ने पीटीआई-भाषा से कहा, सीएए पड़ोसी देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों के लिए है। यह कानून नागरिकता देने को लेकर है, इसे छीनने के लिए नहीं। हमारे जैसे मुस्लिम जो पीढ़ियों से यहां रह रहे हैं, इस देश के नागरिक हैं।

बोंगांव में सायस्तनगर के भाजपा के बूथ अध्यक्ष अमीरुल अपने क्षेत्र के हर मुस्लिम परिवार तक पहुंचकर लोगों को सीएए को लेकर चल रहे "नकारात्मक अभियान" के बारे में बताने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, तृणमूल कांग्रेस मुसलमानों को सीएए के खिलाफ भड़का रही है। वे उन्हें गुमराह कर रहे हैं।

मोइदुल शेख ने भी इसी तरह की बात कही और जोर देकर कहा कि जब तक उनकी पहचान और नागरिकता निर्विवाद रहेगी, तब तक समुदाय के लोगों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के बारे में उतनी चिंता नहीं करनी चाहिए जितनी उन्हें असम में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) को लेकर थी। उन्होंने कहा, अगर हमारे अधिकार और दर्जा सुरक्षित है, तब तक सीएए को लेकर अनावश्यक चिंता की कोई जरूरत नहीं है। हम एनआरसी के विरोध में हैं, लेकिन सीएए के खिलाफ नहीं। बापन शेख ने बोंगांव में कई लोगों की भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा, सीएए के कार्यान्वयन के साथ ही एक डर मंडरा रहा है कि एनआरसी आ सकती है।

# सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सीमावर्ती गांव को सौर ऊर्जा से रोशन किया

**भाषा।** मेंढर, जम्मू

**नियंत्रण** रेखा से करीब 600 मीटर दूर, जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के डाबी गांव की सड़क को सेना ने सौर ऊर्जा से रोशन कर दिया है। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन सद्भावना के अंतर्गत यह परियोजना चलाई गई थी जिसे बेहद कम समय में पूरा कर लिया गया है। मेंढर उप-मंडल की बालाकोट तहसील का डाबी गाँव वर्षों से सीमा पार से गोलाबारी के कारण सर्वाधिक प्रभावित गाँवों में से एक है। इस क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट का अभाव था।

अधिकारी ने कहा कि डाबी गांव को सौर ऊर्जा से रोशन करने की सेना की पहल ने 19 घरों और 129 ग्रामीणों तक स्ट्रीट लाइट की रोशनी पहुंचाई है। निवासियों को स्थानीय मस्जिद, मंदिर, स्कूल तथा पशुओं के बाड़ों की ओर जाने वाली सड़क सहित बड़े हिस्से में निर्बाध प्रकाश व्यवस्था मुहैया करा दी गई है। अधिकारी ने कहा कि रोशनी मिलने से सामुदायिक स्थानों की व्यवस्था करने में भी आसानी होगी। उन्होंने कहा कि सेना के प्रयासों से परिवारों को रात में कुशलता से काम करने में मदद मिली है। सैन्य नागरिक कार्रवाई के तहत इस परियोजना ने लोगों का उत्साह बढ़ाया है, और गाँव के लिए एक उज्जवल और अधिक समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्त हुआ है। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए सेना की प्रशंसा की और कहा कि सौर ऊर्जा ने न केवल उनके गांव को रोशन किया है, बल्कि उनके जीवन को भी रोशन किया है।

स्थानीय निवासी इमाम मोहम्मद सरफराज ने बताया लोगों के लिए रात के समय घूमना-फिरना बहुत मुश्किल था, खासकर जब बारिश होती थी। हम गांव को रोशन करने के लिए सेना के बहुत आभारी हैं। अब हमारे लिए प्रार्थना स्थल पर बिना किसी परेशानी के पहुंचना आसान हो गया है। उन्होंने कहा कि गांव को अच्छी सड़क व्यवस्था की भी आवश्यकता है क्योंकि कई बार मरीज को इलाज के लिए अस्पताल ले जाना बहुत मुश्किल हो जाता है। डाबी के ग्राम लम्बरदार (प्रमुख) काजिम इकबाल खान ने कहा कि उनका गाँव देश के अंतिम गाँवों में से एक है और बिजली विकास विभाग द्वारा उन्हें स्ट्रीट लाइट नहीं दी गई थी।

उन्होंने कहा सेना हमेशा हमारी मदद करती रही है और सौर ऊर्जा प्रदान करने से रात में भी आवागमन आसान हो गया है। सेना के एक अधिकारी ने कहा कि ऑपरेशन सद्भावना सीमावर्ती गांवों के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और उनके जीवन स्तर में सुधार करने के लिए सेना का एक प्रमुख कार्यक्रम है। उन्होंने कहा, स्थानीय लोगों के परामर्श से सौर ऊर्जा वाली स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की गई। इसके साथ ही साथ गांव में घरों का दौरा करना, सौर रोशनी के उपकरणों का परिवहन, नियंत्रण रेखा से 400 मीटर की दूरी पर गांव के सबसे दूर के घर सहित दूरदराज के स्थानों पर बैटरी और ग्रामीण स्तर पर स्थाई ऊर्जा के उपयोग के बारे में जागरूकता फैलाना भी हमारे कार्य में शामिल रहा। उन्होंने कहा कि यह पहल विश्वसनीय प्रकाश व्यवस्था के समाधान के लिए सौर ऊर्जा की क्षमता का लाभ उठाकर पर्यावरणीय स्थिरता पर भी जोर देती है।

# कृष्ण जन्मभूमि मंदिर और ज्ञानवापी मंदिर बनवाने के लिए भाजपा को 400 सीट जीतने की जरूरतः हिमंत

**भाषा।** रांची



**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि अगर भाजपा ने लोकसभा चुनाव में 400 सीट जीतीं तो वह मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर और काशी में ज्ञानवापी मंदिर बनवाएगी। भाजपा के नेता शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस पर हिंदू भावनाओं के दमन का भी आरोप लगाया। शर्मा ने कहा कि वर्षों बाद देश में हिंदू जागृति आई है और पूरे भारत में इस मोदी सुनामी के बीच उनकी आवाज दबाई नहीं जा सकती। असम के मुख्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस अपने शासनकाल में एक कानून लेकर आई थी, जिसमें कहा गया था कि कोई भी दीवानी अदालत, उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में कृष्ण जन्मभूमि और तथाकथित ज्ञानवापी मस्जिद के स्वामित्व पर फैसला नहीं दे सकता। क्या ऐसा कानून स्वीकार्य है जो हमें भगवान के मंदिर बनाने से रोकता हो?

उन्होंने कहा कि देश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए भी भाजपा को 400 सीट की जरूरत है। शर्मा ने झारखंड में घुसपैठ को रोकने की जरूरत पर भी जोर दिया और आगाह किया कि अगर ऐसा न हुआ तो मूल निवासी 20 वर्ष में अल्पसंख्यक हो जाएंगे और बांग्लादेशी घुसपैठिए मूल निवासी बन जाएंगे।

# चाबहार बंदरगाह से पूरे क्षेत्र को लाभ होगा जयशंकर ने अमेरिकी चेतावनी के संदर्भ में कहा

**कोलकाता।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि चाबहार बंदरगाह से पूरे क्षेत्र को लाभ होगा और इसे लेकर संकीर्ण सोच नहीं रखनी चाहिए। इससे पहले अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि ईरान के साथ व्यापारिक समझौते करने वाले किसी भी देश पर प्रतिबंधों का खतरा है। जयशंकर ने मंगलवार रात कोलकाता में एक कार्यक्रम में कहा कि अतीत में अमेरिका भी इस बात को मान चुका है कि चाबहार बंदरगाह की व्यापक प्रासंगिकता है। भारत ने सोमवार को सामरिक रूप से महत्वपूर्ण ईरान के चाबहार बंदरगाह को संचालित करने के लिए 10 साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए है, जिससे नई दिल्ली को मध्य एशिया के साथ व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी।



जयशंकर ने कहा, चाबहार बंदरगाह से हमारा लंबा नाता रहा है लेकिन हम कभी दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर नहीं कर सके। इसकी वजह है कि कई समस्याएं थीं। अंततः हम इन्हें सुलझाने में सफल रहे हैं और दीर्घकालिक समझौता कर पाए हैं। दीर्घकालिक समझौता जरूरी है क्योंकि इसके बिना हम बंदरगाह पर परिचालन नहीं सुधार सकते। और हमारा मानना है कि बंदरगाह परिचालन से पूरे क्षेत्र को लाभ होगा।

उन्होंने कहा, मैंने कुछ बयान देखे हैं, लेकिन मेरा मानना है कि यह लोगों को बताने और समझाने का सवाल है कि यह वास्तव में सभी के फायदे के लिए है। मुझे नहीं लगता कि इस पर लोगों को संकीर्ण विचार रखने चाहिए। और उन्होंने अतीत में ऐसा नहीं किया है। जयशंकर ने कहा, अगर आप अतीत में चाहबहार को लेकर अमेरिका के खुद के रवैए को देखें तो वह इस तथ्य का प्रशंसक रहा है कि चाबहार की व्यापक प्रासंगिकता है। हम इस पर काम करेंगे। भारत ने 2003 में ऊर्जा संपन्न ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित चाबहार बंदरगाह को विकसित करने का प्रस्ताव रखा था। इसके जरिए अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) का इस्तेमाल कर भारत से सामान अफगानिस्तान और मध्य एशिया भेजा जा सकेगा। अमेरिका ने संदिग्ध परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान पर प्रतिबंध लगा दिए थे, जिसके चलते बंदरगाह के विकास का काम धीमा पड़ गया था। अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा था, हम इन खबरों से अवगत हैं कि ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह से संबंधित एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मैं चाहूंगा कि भारत सरकार चाबहार बंदरगाह और ईरान के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों के

# केंद्र में भाजपा सरकार का जाना अपरिहार्यः अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की विदाई तय है। आरामबाग लोकसभा सीट से उम्मीदवार मिताली बाग के समर्थन में पुरशुरा में एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि केंद्र में सरकार बदलने के बाद पश्चिम बंगाल का केंद्रीय योजनाओं में जितना भी बकाया है, उसका भुगतान किया जाएगा जो करीब 1.65 लाख करोड़ रुपए हैं और इस पैसे का इस्तेमाल लोगों के कल्याण के लिए किया जाएगा।

टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने कहा, "मैं लोगों से भाजपा को उचित जवाब देने का आग्रह करता हूं। यह आसन्न है कि भाजपा सत्ता से बाहर हो जाएगी और बदलाव आएगा। उन्होंने कहा, केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने में तृणमूल कांग्रेस निर्णायक भूमिका निभाएगी। बनर्जी ने कहा, राज्य के लोगों को वंचित करने वालों को सबक सिखाने का समय आ गया है। जहां भाजपा ने (केंद्रीय) निधि बंद कर दी है, वहीं तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल में विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं पर खर्च कर रही है।

उन्होंने कहा, भाजपा देश विरोधी है। देखिए कैसे भाजपा ने पैसे देकर बलात्कार के झूठे आरोप लगाकर संदेशखालि की महिलाओं की प्रतिष्ठा को कम किया है। बनर्जी ने कहा कि इस प्रक्रिया में भाजपा ने पश्चिम बंगाल को भी अपमानित किया है। डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे अभिषेक बनर्जी ने कहा कि भाजपा अब समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की बात कर रही है। उन्होंने कहा, अगर यूसीसी को लागू किया जाता है, तो सबसे अधिक प्रभावित पिछड़े वर्ग के लोग होंगे।

# भारत में एक दशक में मिले 51.40 करोड़ रोजगारः ठाकुर

**मोदीनॉमिक्स**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बेरोज़गारी और रोज़गार के मुद्दे पर इंडी अलायंस के दावों को भ्रामक व खोखला बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सरकार में रोज़गार सृजन की दिशा ऐतिहासिक कीर्तिमान बनने व रिकॉर्ड रोज़गार मिलने की बात कही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की नीतियों से भारत में पिछले एक दशक में रोज़गार सृजन की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। रोज़गार के मुद्दे पर इंडी अलायंस लगातार झूठ बोल कर देश को गुमराह कर रहा है। स्कोच समूह द्वारा पिछले 10 वर्षों में भारतीय रोजगार सृजन पर जारी रिपोर्ट ने विपक्ष के झूठे दावों की पोल खोल दी है। मोदीनॉमिक्स के इस शानदार उदाहरण ने रोज़गार पर विपक्षी भ्रामक दुष्प्रचार की जड़ों को हिला दिया है। स्कोच की रिपोर्ट में सामने आया है की मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में



51.40 करोड़ रोजगार सृजित हुए हैं जो कि दिखाता है की मोदी सरकार की नीतियों से एक दशक में रोज़गार के कितने अवसर मिले।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनावों के पहले चार चरणों में जनता ने पहले ही मोदी सरकार के विकास के ट्रैक रिकॉर्ड पर अपनी मुहर लगा दी है और अब इस रिपोर्ट ने विपक्ष के दुष्प्रचार की कलई खोल कर दी है। ये हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी और समावेशी नेतृत्व की ही देन है की हमने विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त रोजगार सृजन होता देखा है। भारत में भ्रष्टाचार के ऊपर रिपोर्टें आया करती थी लेकिन आज विकास आधारित रिपोर्टें आ रहीं है। यह बदलाव देश को अच्छा लग रहा है और जनता को विश्वास है कि आज देश सुरक्षित हाथों में हैं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि जैसे जैसे मोदी सरकार के अभूतपूर्व विकास के दशक की उपलब्धियां सामने आ रही है वैसे वैसे विपक्ष का भ्रामक दुष्प्रचार रेत के किले की तरह बिखर रहा है। पहले भी इन्होंने देश को गरीबों के नाम पर भ्रमित करने की कोशिश की थी तब एक रिपोर्ट सामने आई थी कि मोदी सरकार ने मात्र 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। अभी प्रकाशित हुई स्कोच की रिपोर्ट बताती है की 51.40 करोड़ सृजित रोजगार में 19.79 करोड़ मोदी सरकार की विभिन्न स्कीमों व नीतियों की वजह से हुए हैं। 31.61 करोड़ रोजगार बैंकों की तरफसे दिए गए लोन की वजह से संभव हुए हैं। मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने बेहतरीन भूमिका निभाई है और हर साल औसतन 3.6 करोड़ लोगों को रोजगार दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम सड़क योजना, कौशल विकास योजना, पीएम स्वनीधि और पीएलआई जैसी स्कीमों ने भी लोगों को रोजगार देने में प्रत्यक्ष तौर पर मदद की है।

# ब्लिंकन ने यूक्रेन के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर के हथियार सौदे की घोषणा की

**एपी।** कीव

**अमेरिका के** विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने यूक्रेन के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर के हथियार सौदे की घोषणा की। ब्लिंकन यूक्रेन को अमेरिकी मदद को लेकर आश्वस्त करने के लिए कीव में हैं और इस दौरान बुधवार को यह घोषणा की गई।

यूक्रेन रूस के नए हमलों का मुकाबला करने की तैयारी कर रहा है।

ब्लिंकन ने कीव की दो दिवसीय यात्रा के दौरान बुधवार को अपने अंतिम कार्यक्रम में कहा कि बाइडन प्रशासन ने यूक्रेन के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर, मध्यम और दीर्घकालिक विदेशी सैन्य वित्तपोषण पैकेज को मंजूरी दे दी है।

अधिकारियों ने कहा कि ज्यादातर पैसा लगभग 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर, कांग्रेस द्वारा पारित और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा हस्ताक्षरित पूरक विदेशी सहायता कानून में यूक्रेन को आवंटित 60 अरब अमेरिकी डॉलर की धनराशि के तहत मिला है।

**यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस के हमलों के कारण अपनी विदेश यात्राएं स्थगित कीं:** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने रूस की ओर से जारी हालिया हमलों के कारण अपनी आगामी सभी विदेश यात्राएं स्थगित कर दी हैं। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से यह जानकारी दी गई। राष्ट्रपति कार्यालय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम पर कहा कि जेलेंस्की ने आगामी दिनों के लिए निर्धारित अपनी सभी विदेश यात्राओं को रद्द कर दिया है।

जेलेंस्की ने अपनी टीम को इन यात्रायों को पुनर्निर्धारित करने का निर्देश दिया है।

घोषणा में कहा गया, हमारी बात को समझने के लिए हम अपने सहयोगियों के आभारी हैं।

इस सप्ताह के अंत में जेलेंस्की के स्पेन और शायद पुर्तगाल की यात्रा पर जाने की उम्मीद थी।

## अमेरिका देगा इजराइल को एक अरब डॉलर से अधिक कीमत के हथियार: अधिकारी

**एपी।** वाशिंगटन

**बाइडन प्रशासन** ने प्रमुख सांसदों से कहा है कि अमेरिका इजराइल को एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक कीमत के हथियार और गोला-बारूद भेजेगा। अमेरिकी संसद के तीन कर्मियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अभी यह जानकारी नहीं है कि हथियारों की यह खेप कब भेजी जाएगी। बाइडन प्रशासन द्वारा इस महीने 2,000 पाउंड दर वाले 3,500 बम की खेप इजराइल भेजने पर रोक लगा दी गई थी जिसके बाद अब अमेरिका की ओर से इज़राइल के लिए हथियारों की पहली खेप भेजने का यह खुलासा किया गया है। बाइडन प्रशासन ने हथियारों की खेप भेजने पर रोक लगाने के संबंध में कहा था कि उसने इजरायल को भीड़भाड़ वाले दक्षिणी गाजा शहर रफह में अपने हमले में उन विशेष हथियारों का उपयोग करने से रोकने के लिए बमों की आपूर्ति रोक दी है।

## नेपाल और भारत के बीच सहयोग बढ़ाने में मदद करेगा सलाहकार तंत्र: श्रेष्ठ

**भाषा।** काठमांडू

**नेपाल और** भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को बेहतर बनाने के लिए एक सलाहकार तंत्र स्थापित किया गया है। नेपाल के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि इस तरह के तंत्र पारस्परिक सहयोग और साझेदारी को बेहतर बनाते हैं।

द हिमालयन टाइम्स अखबार ने बुधवार को श्रेष्ठ के हवाले से कहा, व्यापार और आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए सीमा पार संपर्क को सुदृढ़ किया जा रहा है।

श्रेष्ठ ने यहां मंगलवार को नेपाल-इंडिया रिलेशन : प्रोस्पेक्ट्स एंड पाथवेज शीर्षक से अयोजित व्याख्यान के तीसरे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए एक सलाहकार तंत्र स्थापित किया गया है। यह तंत्र पारस्परिक सहयोग और साझेदारी को बेहतर बनाएगा।

श्रेष्ठ ने कहा, ऐतिहासिक रूप से कुछ द्विपक्षीय मुद्दे पीछे छूट गए हैं, जिन्हें ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर और अच्छे पड़ोसी होने की भावना के अनुसार बातचीत और राजनयिक तरीकों के जरिए हल करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, दोनों देशों के उच्च स्तरीय दौरे संबंधों को मजबूत और कई क्षेत्रों में साझेदारियों को बेहतर बनाने में मदद करेंगे।

उप प्रधानमंत्री ने कहा, यह नेपाल-भारत संबंधों को नई उंचाईयों पर ले जाने का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिसके लिए नेपाल सरकार प्रतिबद्ध है।

पारस्परिक लाभ के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए दायरे को बढ़ाने का विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में साझेदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, नेपाल की जलविद्युत उत्पादन की अपार क्षमता का उचित उपयोग स्वच्छ ऊर्जा के साथ हमारे क्षेत्र के विकास परिदृश्य को बदल सकता है।

विदेश मंत्री ने सूचना-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नेपाल और भारत के बीच सहयोग की गुंजाइश को इंगित करते हुए शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि नेपाल का विकास और आर्थिक समृद्धि उसके पड़ोसियों के हितों की भी पूर्ति करती है और पड़ोसियों के साथ शांति नेपाल की इच्छा है।

## संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी की मौत पर शोक व्यक्त किया

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**गाजा के** रफह शहर में हमले की चपेट में आने के कारण संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने वाले भारतीय सेना के एक पूर्व अधिकारी की मौत पर संयुक्त राष्ट्र ने शोक व्यक्त करने के साथ ही भारत से माफी मांगी है।

कर्नल वैभव अनिल काले (46) 2022 में भारतीय सेना से समय पूर्व सेवानिवृत्त हुए थे और दो महीने पहले संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (यूएनडीएसएस) में सुरक्षा समन्वय अधिकारी नियुक्त किए गए थे। सोमवार की सुबह यूएनडीएसएस के अन्य कर्मचारियों के साथ वह संयुक्त राष्ट्र के वाहन में रफह स्थित यूरोपियन अस्पताल जा रहे थे तभी हमले की चपेट में आ गए जिसमें उनकी मौत हो गई और जोर्डन का एक अन्य डीएसएस कर्मचारी घायल हो गया। समझा जाता है कि वाहन पर इजराइली टैंक की ओर से कार्वाई की गई थी।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने पीटीआई-भाषा के एक सवाल के जवाब में मंगलवार को दैनिक प्रेस वार्ता में कहा, "हम भारत की सरकार और लोगों के प्रति खेद और संवेदना व्यक्त करते हैं"।

उन्होंने कहा, भारत ने जो योगदान दिया है हम उसकी सराहना करते हैं। हक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने घातक हमले की जांच के लिए एक टीम का गठन किया है।

## छोटे हथियारों की निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए भारत से बातचीत जारी: श्रीलंका के विदेश मंत्री

भाषा। कोलंबो

**श्रीलंका अपने** यहां छोटे हथियारों की एक निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए भारत के साथ बातचीत कर रहा है जिससे दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और मजबूत होगा। श्रीलंका के रक्षा मंत्री प्रेमिता बंदारा तेन्नाकून ने बुधवार को यह जानकारी दी। तेन्नाकून ने यहां संवाददाताओं से कहा, छोटे हथियारों की एक निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए हम भारत के साथ बातचीत कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, हम हमारे भारतीय समकक्षों के साथ संपर्क में हैं, भारत से सीखने के लिए बहुत कुछ है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि सैन्य उद्योग में एक संयुक्त उपक्रम के लिए चर्चा जारी हैं। अप्रैल की शुरुआत में यहां हुए भारत-श्रीलंका रक्षा सहयोग के दूसरे सेमिनार के बाद यह चर्चा हो रही है।

कोलंबो में भारतीय राजदूत संतोष झा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय रक्षा उद्योग आज अत्याधुनिक हथियारों, उन्नत प्रौद्योगिकियों और विश्व स्तरीय उपकरणों से लैस है।

उन्होंने कहा, इनमें से कुछ जो प्रमुख हैं, उनमें लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर से लेकर नौसैनिक पोत, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली से लेकर साइबर सुरक्षा समाधान और छोटे हथियारों से लेकर लंबी दूरी तक मार करने वाली हथियार प्रणाली शामिल हैं। झा ने कहा कि श्रीलंका जैसे अपने मित्र देशों को ए क्षमताएं उपलब्ध कराने के लिए भारत इच्छुक है।

## यूक्रेन-रूस युद्ध में श्रीलंका के 16 पूर्व सैनिक मारे गए

**भाषा।** कोलंबो

**यूक्रेन और** रूस के बीच जारी युद्ध में अबतक तक श्रीलंका के कम से कम 16 पूर्व सैनिक मारे गए हैं। द्वीपीय देश के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि विदेशी रोजगार एजेंसियों द्वारा विदेश में अच्छी नौकरी दिलाने के दिए गए छलावे में आकर श्रीलंका के कई पूर्व सैनिक रूस और यूक्रेन की सेना में शामिल हो गए हैं।

## पश्चिमी अफगानिस्तान में एक सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, एक व्यक्ति की मौत

**एपी।** इस्लामाबाद

**पश्चिमी अफगानिस्तान** के गोर प्रांत में बुधवार को एक अफगान सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि एमआई-17 हेलीकॉप्टर तकनीकी समस्या के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि गोर की प्रांतीय राजधानी फिरोज कोह शहर के निकट नागरिकों को ले जा रहे एक वाहन के नदी में गिर जाने के बाद हेलीकॉप्टर बचाव अभियान में लगा था। बयान के अनुसार, दुर्घटना में 12 यात्री घायल हो गए। इसके अनुसार, चालक दल ने आपात स्थिति में उतरने का प्रयास किया लेकिन हेलीकॉप्टर एक दीवार से टकरा गया।

## लिट्टे के स्मरणोत्सव कार्यक्रमों को देखते हुए श्रीलका के तमिल बहुल क्षेत्र अलर्ट पर

**भाषा।** कोलंबो

**लिबरेशन टाइगर्स** ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के अलग मातृभूमि की मांग को लेकर किए गए संघर्ष के दौरान मारे गए समूह के सदस्यों की याद में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम से पहले श्रीलंका में उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में ऐसे आयोजना पर लगाम लगाने के लिए सुरक्षा बलों को अलर्ट पर रखा गया है।

यह आयोजन काफी समय तक चले गृह युद्ध के खत्म होने की वर्षगांठ पर आयोजित किया जाना था।

सुरक्षा बलों को श्रीलंका के तमिल बहुल उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में प्रतिबंधित लिट्टे की अंतिम लड़ाई की 15वीं वर्षगांठ मनाने के लिए आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी मिली है।

यह गृहयुद्ध 1983 में शुरू हुआ और करीब तीन दशकों के बाद सेना द्वारा 2009 में लिट्टे के प्रमुख नेताओं को मारे जाने के साथ खत्म हुआ। सेना ने हालांकि सैनिकों को तैनात न करने का निर्णय लिया है लेकिन सेना और पुलिस का एक विशेष कार्य बल बुधवार से 20 मई तक संभावित लिट्टे स्मरणोत्सव पर कड़ी नजर रखेगा।

पुलिस ने कहा है कि संघर्ष में मारे गए लिट्टे सदस्यों की याद में स्मरणोत्सव मनाने की कोशिश करने वाले समूहों के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## करीब दो दशकों में सूर्य से निकली सबसे बड़ी सौर ज्वाला

**एपी।** केप कैनावेरल (फ्लोरिडा)



**सूर्य से** मंगलवार को जो सौर ज्वाला निकली वह पिछले लगभग दो दशकों में पैदा हुई सबसे बड़ी सौर ज्वाला थी।

कुछ दिन पहले ही पृथ्वी पर भयंकर सौर तूफान का प्रभाव पड़ा था। इसकी वजह से ऐसे स्थानों पर भी चमकदार नॉर्दर्न लाइट्स पैदा हो गई थीं, जहां पहले कभी ऐसा नहीं देखा गया था।

नेशनल ओशेनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) ने एक अद्यतन जानकारी में कहा ऐसा अभी तक नहीं हुआ....उै

एनओएए के अनुसार, यह 11 साल के इस सौर चक्र की सबसे बड़ी चमक है, जो अपने चरम पर पहुंच रही है। अच्छी खबर यह है कि पृथ्वी इस बार आग के प्रभाव क्षेत्र से बाहर होनी चाहिए, क्योंकि सूर्य के एक हिस्से पर भड़की ज्वाला पृथ्वी से दूर है।

नासा की सोलर डायनेमिक्स वेधशाला ने ज्वाला की एक्स-रे चमक को कैमरे में कैद किया। यह साल 2005 के बाद सबसे ज्यादा चमकदार थी।

कोलोराडो के बोल्डर में एनओएए के स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर में ब्रायन ब्रेशर ने कहा कि जब वैज्ञानिक अन्य स्रोतों से आंकड़े इकट्ठा करेंगे तो संभवत: इसकी चमक की गहनता को लेकर और ज्यादा जानकारी मिले। नासा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर, सात अंतरिक्ष यात्रियों को मजबूत विकिरण सुरक्षा वाले क्षेत्रों में रहने की सलाह दी गई थी। हालांकि नासा ने कहा है कि चालक दल कभी भी किसी खतरे में नहीं था।

## इमरान के खिलाफ 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई स्थगित

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान की** एक जवाबदेही अदालत ने बुधवार को उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में "सुरक्षा चिंताओं" का हवाला देते हुए इमरान खान के खिलाफ 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी। मीडिया रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

71 वर्षीय पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक पिछले साल अगस्त से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में बंद हैं।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामाबाद जवाबदेही अदालत ने सुरक्षा चिंताओं के कारण खान के खिलाफ मामले की सुनवाई स्थगित करने के अडियाला जेल के अधीक्षक के अनुरोध को स्वीकार कर लिया।

इसमें कहा गया है कि अदालत ने सुनवाई 17 मई तक के लिए स्थगित कर दी।

अपने अनुरोध में जेल अधिकारी ने पंजाब गृह विभाग द्वारा प्रतिबंधित संगठनों द्वारा पंजाब की जेलों पर खतरे की चेतावनी की रिपोर्ट का हवाला दिया।

यह कहते हुए कि अडियाला जेल प्रांत की सबसे संवेदनशील जेल है और इसमें 7,000 से अधिक कैदी हैं, अधिकारी ने कहा कि हाई-प्रोफाइल राजनीतिक कैदियों सहित गंभीर अपराधों में शामिल अपराधी भी वहां कैद हैं।

अनुरोध में कहा गया है कि मियांवाली, डेरा गाजी खान, रावलपिंडी (अडियाला) और अटक जेलों के लिए भी सुरक्षा संबंधी धमकियां मिली हैं।

## तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे मोदी: पाकिस्तानी अमेरिकी

**भाषा।** वाशिंगटन

**पाकिस्तान मूल** के एक प्रसिद्ध अमेरिकी उद्योगपति ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक मजबूत नेता हैं जिन्होंने भारत को नई उंचाइयों पर पहुंचाया है और वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

बाल्टीमोर निवासी पाकिस्तानी अमेरिकी कारोबारी साजिद तरार ने कहा कि मोदी न केवल भारत के लिए अच्छे हैं बल्कि क्षेत्र और दुनिया के लिए भी अच्छे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पाकिस्तान को भी उनके जैसा कोई नेता मिलेगा।

तरार ने पीटीआई-भाषा से कहा, मोदी एक शानदार नेता हैं। वह ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में पाकिस्तान का दौरा किया। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि मोदी जी पाकिस्तान के साथ संवाद और व्यापार शुरू करेंगे।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, भारत के लिए भी शांतिपूर्ण पाकिस्तान अच्छा होगा।

उन्होंने कहा कि हर जगह यही कहा जा रहा है कि मोदी जी भारत के अगले प्रधानमंत्री बनेंगे।

तरार 1990 के दशक में अमेरिका आकर बस गए थे और पाकिस्तान की सत्ता में बैठे लोगों से उनके अच्छे संपर्क हैं। उन्होंने कहा, यह चमत्कार से कम नहीं है कि भारत में 97 करोड़ लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है। मैं वहां मोदी जी की लोकप्रियता देख रहा हूं और 2024 में भारत का शानदार उदय होते देख रहा हूं। आप भविष्य में देखेंगे कि लोग भारतीय लोकतंत्र से सीखेंगे।

## चीनी खिलाड़ियों पर आरोपों को लेकर अमेरिकी ड्रग नीति निर्देशक का डोपिंग रोधी एजेंसी को पत्र

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** मादक द्रव्य नियंत्रण नीति निर्देशक ने विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी के अधिकारियों को एक पत्र भेजा है, जिसमें कहा गया है कि दुनियाभर के नेता 2021 के तोक्यो ओलंपिक से पहले चीनी खिलाड़ियों पर डोपिंग के आरोपों की प्रतिक्रिया के बारे में "बहुत अधिक चिंतितै हैं।

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी की कार्यकारी समिति में शामिल राहुल गुप्ता ने आठ मई को एक पत्र में विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के अध्यक्ष को कई सिफारिशें भेजीं। इसकी एक प्रति एसोसिएटेड प्रेस को मिली हैं। सिफारिशों में इस सप्ताह के अंत से पहले कार्यकारी समिति की आपात बैठक बुलाना भी शामिल है।

वाडा ने शुक्रवार को अपने संस्थापक बोर्ड का एक "असाधारण सत्रै आयोजित किया है। यह बोर्ड कार्यकारी समिति से भी बड़ा निकाय है और एजेंसी द्वारा बनाई गई नीतियों पर निर्णय लेने का अंतिम अधिकार इसे ही है। इसमें कोई अमेरिकी सदस्य शामिल नहीं है।

राष्ट्रीय औषधि नियंत्रण नीति के अमेरिकी कार्यालय के प्रमुख गुप्ता का पत्र इन आरोपों के मद्देनजर आया है कि 23 चीनी तैराकों को अपना प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाएं लेने के बाद भी जानबूझकर क्लीन चिट दे दी गई।

निर्णय के बारे में आलोचना का जवाब देते हुए वाडा ने मामले की स्वतंत्र जांच के लिए स्विटजरलैंड के एक वकील को नियुक्त किया। इसकी भी आलोचना की गई है।

गुप्ता के पत्र में नियुक्ति की कुछ कथित खामियों को उजागर किया गया, जिसमें यह शिकायत भी शामिल है कि सरकारों का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्यकारी समिति के सदस्यों को पूरी तरह से जानकारी नहीं दी गई और उन्होंने जांच शुरू करने वाले औपचारिक मतदान में भाग नहीं लिया।

गुप्ता ने मामले के विभिन्न पहलुओं पर पारदर्शिता और स्पष्टता बढ़ाने के लिए कहा।

गुप्ता का कार्यालय वाडा को अमेरिकी कोष जारी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अमेरिका वाडा के 2024 के पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के बजट में 36 लाख अमेरिकी डॉलर का योगदान करने वाला है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने सिख समुदाय के साथ मजबूत संबंध स्थापित किए हैं: सिख नेता

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारतीय मूल** के एक प्रमुख अमेरिकी नेता ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिखों के साथ मजबूत संबंध स्थापित किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में हो रहे स्वतंत्र और निष्पक्ष लोकसभा चुनाव देश की लोकतांत्रिक प्रणाली की जीवंतता और ताकत को दर्शाते हैं।

पीटीआई -भाषा के साथ एक साक्षात्कार में सिख फॉर अमेरिका के नेता जसदीप सिंह जस्सी ने कहा कि पश्चिमी मीडिया के एक वर्ग द्वारा भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर सवाल उठाने वाली बातें सच्चाई से बहुत दूर हैं।

सिंह ने कहा, देखो अमेरिका में क्या हो रहा है । विपक्षी उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अदालत में घसीटा जा रहा है और उन्हें अपने प्रचार अभियान में बोलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। उसकी तुलना में, भारत में एक जीवंत लोकतंत्र है और यह बहुत प्रभावी ढंग से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में एक मिसाल कायम की है। जसदीप सिंह अमृतसर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार और अमेरिका में भारत के राजदूत रह चुके तरणजीत सिंह संधू का समर्थन करने के लिए इस महीने के अंत में भारत आने वाले हैं।

सिंह ने कहा कि देश का मिजाज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में है और पिछले 10 वर्षों में उनके नेतृत्व में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है और देश में अभूतपूर्व विकास हुआ है।

# धार्मिक अनुभव बदल सकता है मेटावर्स, नए रास्ते खुलने की भी हैं संभावनाएं

**द कन्वरसेशन।** अलबर्टा

**नई तकनीकें** हमेशा हमारे धार्मिक अनुभवों में नयापन और बदलाव लेकर आई हैं।

1880 के दशक में रेडियो सुनना कई लोगों की नजर में धार्मिक महत्व रखता था क्योंकि उन्हें ऐसा लगता था कि रेडियो में सुनाई दे रही आवाज किसी और लोक से आ रही है। उस दौरान प्रेतात्माओं से संवाद करने के लिए होने वाली सभाएं काफी लोकप्रिय हो गई थीं क्योंकि कुछ लोगों को लगता था कि रेडियो ने आध्यात्मिक दुनिया के लिए एक द्वार खोल दिया है।

भले ही दुनिया के कुछ हिस्सों में औपचारिक धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी में कमी देखी जा रही है, लेकिन नई तकनीकें हमारे आध्यात्मिक जीवन में नयापन लाती रहेंगी।

हमारे समय का सबसे नया माध्यम मेटावर्स एक सूचनात्मक और अनुभवात्मक तकनीक है, जहां उपयोगकर्ता आभासी वास्तविकता (वीआर) में बनाए गए सामाजिक वातावरण में बातचीत कर सकते हैं। मेटावर्स को पहले से मौजूद तकनीकों का उपयोग करके व्यवस्थित और निर्मित किया जा रहा है। इसके पूर्ण रूप और विकास के लिए उन तकनीकों के उपयोग की आवश्यकता होगी जो अभी तक मौजूद नहीं हैं। उदाहरण के लिए, मौजूदा तकनीक का उपयोग करके 3डी ऑनलाइन स्पेस में तेजी से प्रतिपादन या कंप्यूटिंग संभव नहीं है। हालांकि, विशेष रूप से गेमिंग कंपनियां पहले से ही इस चुनौती का समाधान तलाश रही हैं।

लगभग एक चौथाई अमेरिकी पहले से ही धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यमों का इस्तेमाल करते हैं, जैसे धर्मोपदेश देखना या धर्मग्रंथ पढ़ना।

मेटावर्स उपयोगकर्ताओं की अपनेपन की भावना को गहराई तक ले जाकर ऑनलाइन धार्मिक अनुभवों के अवसरों को बढ़ाएगा। इससे उपयोगकर्ताओं को दूसरों को सुनने, ग्रंथों को चुनने और पढ़ने, दूसरों की स्थिति के प्रति सहानुभूति रखने और भलाई के व्यक्तिगत व कॉरपोरेट पहलुओं को साझा करने का मौका मिलेगा।

हालांकि अभी अपने शुरुआती दिनों में, मेटावर्स ने पहले से ही उन लोगों को आकर्षित कर लिया है जो ऑनलाइन धार्मिक गतिविधियां करना चाहते हैं। 2003 में शुरू किए गए वीआर मंच सेकेंड लाइफ में धार्मिक गतिविधियों के लिए 37 वर्चुअल स्पेस हैं, जिन पर ईसाई, बौद्ध, इस्लाम और अन्य धर्मों की जानकारी के लिए व्यवस्था की गई है। वर्चुअल रिएलिटी (वीआर) मंच ऑनलाइन धार्मिक वातावरण से जुड़ने का अवसर प्रदान करती है। यहं अभी तक उपयोगकर्ताओं को एक गहन धार्मिक गतिविधि में पूरी तरह से और लगातार नेविगेट करने का अवसर नहीं मिलता: जैसे खड़े होना, बैठना, चलना और आमने-सामने बैठकर समसामयिक रूप से, और लगातार बात करना आदि।

हालांकि, जैसे-जैसे तकनीक विकसित होगी, यह अधिक गहन अनुभव प्रदान करने में सक्षम होगी।

ऐसे मंचों का इस्तेमाल करने वालों का मानना है कि इन पर और काम करके इन्हें बेहतर व उपयोगी बनाना संभव है। हालांकि जरूरी नहीं है कि इन्हें डेवलप करने वाले इन पर गहराई से काम कर पाएं। इस सबके बावजूद ऐसे माध्यम खोजे जा रहे हैं।

धार्मिक अनुभवों को समर्थन और सक्षम बनाने वाले मेटावर्स साधन वीआर में पहले से ही मौजूद हैं, लेकिन इन्हें और अधिक मजबूत व शक्तिशाली बनाने की जरूरत है। उदाहरण के लिए, तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी लोगों को कई मानवीय भावनाओं के माध्यम से मेटावर्स वातावरण से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगी।

इसी तरह, सामाजिक उपस्थिति और अवतार मेटावर्स की संभावनाएं हैं जो धार्मिक प्रतिभागियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी होंगी। मेटावर्स एक दिन पूरी तरह से समुदाय-केंद्रित हो सकता है।

हालांकि एक धार्मिक स्थान के रूप में मेटावर्स अभी नया लग सकता है, लेकिन इसकी कार्य क्षमताएं स्पष्ट प्रमाण प्रदान करती हैं कि उपयोगकर्ताओं को इस नए माध्यम में बहुत कुछ महत्वपूर्ण और उपयोगी मिलेगा।

# पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराया

## पांच विकेट से मिली जीत, सैम करन की फिफ्टी-दो विकेट भी चटकाए



**भाषा।** गुवाहाटी

**पंजाब** किंग्स ने बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)के मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हराया।इससे पूर्व स्थानीय खिलाड़ी रियान पराग की 48 रन की पारी के बावजूद राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने 13वें मैच में धीमी पिच पर पंजाब किंग्स की सटीक गेंदबाजी के सामने नौ विकेट पर 144 रन ही बना सके। पिछले तीन मैच में हार का सामना करने वाली राजस्थान रॉयल्स पहले ही प्लेऑफ के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान के लिए पराग ने 34 गेंद की पारी के दौरान छह चौके जमाए जबकि रविचंद्रन अश्विन ने 19 गेंद में तीन चौके, एक छक्के से 28 रन का योगदान दिया। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी निभाकर पारी को रफ्तार देने की कोशिश की लेकिन उनके प्रयास कामयाब नहीं रहे। यशस्वी जायसवाल का विकेट खोने के बाद राजस्थान की पारी की रन गति धीमी हो गई। जायसवाल की पारी का अंत सैम करन (24 रन देकर दो विकेट) ने बोल्ड करके किया। आईपीएल करियर में पहली बार एक सत्र में 500 रन का आंकड़ा पार करने वाले संजू सैमसन (18 रन) और टॉम कोहलर कैडमोर (18 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़े। लेकिन इसके लिए इन दोनों ने छह ओवर लिए। हालांकि दोनों ने बीच में कुछ आकर्षक शॉट भी लगाए। करन और अर्शदीप को स्विंग मिल रही थी और दोनों ने अच्छी लाइन एवं लेंथ कायम रखी जिससे राजस्थान के बल्लेबाजों के लिए रन जुटाना आसान नहीं था। सातवें ओवर में सैमसन तेज गेंदबाज नाथन एलिस की गेंद पर प्वाइंट पर राहुल चाहर को आसान कैच दे बैठे। अगले ओवर में कैडमोर भी डगआउट में लौट गए। लेग स्पिनर चाहर (26 रन देकर दो विकेट) की गेंद को उठाकर मारने के प्रयास में डीप में जितेश शर्मा को कैच दे बैठे। इन दोनों के आउट होने के बाद अश्विन और पराग ने संयम से बल्लेबाजी की। अश्विन ने अपने बल्लेबाजी कौशल का प्रदर्शन करते हुए 12वें ओवर में छक्का और दो चौके जमाकर 17 रन बना दिए। लेकिन वह लंबी पारी नहीं खेल सके और अर्शदीप की गेंद पर शशांक सिंह को कैच देकर आउट हुए। दूसरे छोर पर लगातार विकेट गिरते देख पराग को अपनी आक्रमक बल्लेबाजी पर लगाम कसनी पड़ी। लेकिन करन की गेंद पर थर्ड मैन पर चौका लगाकर पराग इस सत्र में 500 रन के आंकड़े को पार करने में कामयाब रहे। वह आईपीएल में ऐसा करने वाले दूसरे अनकैप्ड (जिसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) खिलाड़ी हैं। यशस्वी जायसवाल 2023 में 625 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। आस्ट्रेलिया के शॉन मार्श (616 रन) 2008 में शुरूआती चरण में 500 रन बनाने वाले पहले अनकैप्ड खिलाड़ी बने थे क्योंकि तब वह राष्ट्रीय टीम में नहीं चुने गए थे। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रन जुटाने में असफल रहे और अंत में तेजी से रन जोड़ने की उम्मीद भी हर्षल पटेल ने पराग को पगबाधा आउट कर तोड़ दी।

### सात्विक . चिराग थाईलैंड ओपन के दूसरे दौर में, प्रणय हारे

**बैंकॉक।** भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और तान वी कियोंग को हराकर पुरूष युगल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि एच एस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 34 मिनट में 21 . 13, 21 . 13 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चीन के शि हाओ नान और जेंग वेइ हान से होगा। वहीं पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रणय को हमवतन मेराबा लुवांग मेसनाम ने 21 . 19, 21 . 18 से हराया। अब मेराबा का सामना डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसेन से होगा जिन्होंने भारत के किरण जॉर्ज को 21 . 15, 13 . 21, 21 . 17 से मात दी। महिला एकल में अश्मिता चालिहा ने इंडोनेशिया की एस्टर नुरूमी त्रि वार्दोयो को 19 . 21, 21 . 15, 21 . 14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। अब सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की हान युइ से होगा।

### जोशना, अभय और वेलावन ने राष्ट्रीय युगल स्क्वाश चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीते

चेन्नई। जोशना चिनप्पा, अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय युगल स्क्वाश चैम्पियनशिप में अपने वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। यह प्रतियोगिता 17 साल बाद शुरू की गई है। राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता अभय ने वेलावन के साथ मिलकर राहुल बैठा और सूरज चंद को 2-0 (11-4, 11-8) से मात दी। फिर 25 साल के इस खिलाड़ी ने जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल वर्ग का भी स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। अभय और जोशना ने हरिंदर पाल सिंह संधू और रथिका सीलन की जोड़ी को 2-। (10-11, 11-2, 11-9 से हराया। पूजा आरती और रथिका ने फिर जैनेट विधि और निरूपमा दुबे की चुनौती से 2-। से पार पाते हुए महिला युगल स्वर्ण पदक जीता।

## बेहतरीन कप्तान है पंत, समय के साथ और निखरेगा : गांगुली



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली का मानना है कि ऋषभ पंत एक बेहतरीन कप्तान है और समय तथा अनुभव के साथ उसकी कप्तानी में निखार आएगा। दिसंबर 2022 में भयावह कार हादसे के शिकार हुए पंत ने आईपीएल के इसी सत्र से मैदान पर वापसी की है। गांगुली ने जियो सिनेमा से कहा , पंत युवा कप्तान है और वह समय के साथ सीखेगा। जिस तरह चोट से वापसी के बाद उसने पूरा सत्र खेला, हमें आफ सीजन के दौरान इसका यकीन नहीं था। उन्होंने कहा , आईपीएल अब दस टीमों का हो गया है और भारतीय क्रिकेटर महत्वपूर्ण हैं। मुझे खुशी है कि उसने वापसी करके पूरा सत्र खेला। मेरी शुभकामनाएं उसके साथ है। उन्होंने कहा , कोई भी पहले दिन कोई भी पहले दिन से महान कप्तान नहीं होता। वह भी सीख रहा है और समय के साथ बेहतर होगा।

## बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी इटालियन ओपन से बाहर



**रोम।** भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी एटीपी इटालियन ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में स्थानीय जोड़ी सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी से हारकर बाहर हो गई। एक घंटे 13 मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 2 . 6, 4 . 6 से पराजय झेलनी पड़ी। उन्होंने पहले दौर में वाइल्ड कार्डधारी मात्तेओ अर्नाल्डी और फ्रांसिस्को पासारो को हराया था। बोपन्ना और एबडेन इस महीने की शुरूआत में मैड्रिड मास्टर्स से भी पहले दौर में बाहर हो गए थे। उन्होने साल की शुरूआत में आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता था।

## ओस्टापेंको को हराकर सबालेंका इटालियन ओपन के सेमीफाइनल में, ताबिलो का शानदार सफर जारी

**रोम।** आर्यना सबालेंका ने बुधवार को यहां एलेना ओस्टापेंको को हराकर इटालियन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीय सबालेंका ने 73 मिनट तक चले मैच में 2017 फ्रेंच ओपन चैम्पियन ओस्टापेंको पर 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। अब सबालेंका का सामना विक्टोरिया अजारेंका और डेनियल कोलिंस के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से होगा। शीर्ष तीन रैंकिंग की महिला खलाड़ी रोम में अंतिम चार में पहुंच चुकी हैं जिसमें दूसरे सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक का सामना तीसरे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ से होगा। पुरुष वर्ग में 29वें वरीय अलेंजांद्रो ताबिलो का पिछले दो दौर में नोवाक जोकोविच और करेन खाचानोव पर उलटफेर भरी जीत के बाद शानदार सफल जारी है। चिली के इस खिलाड़ी ने झांग झिझेन को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। अब ताबिलो अपने पहले मास्टर्स सीरीज के सेमीफाइनल में 2017 चैम्पियन एलेक्जेंडर ज्वेरेव और 11वें वरीय टेलर फ्रिट्ज के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। ताबिलो ने कारेन खाचानोव को 7 . 6, 7 . 6 से हराकर झिझेन से भिड़ंत तय की थी। गत चैम्पियन दूसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव अमेरिका के टॉमी पॉल से। . 6, 4 . 6 से हारकर बाहर हो गए।

## अभिषेक शर्मा से बेहद प्रभावित हैं माक्रम

### कहा- आईपीएल के प्रदर्शन से अभिषेक को भारत के लिए खेलने में मदद मिलेगी



**नई दिल्ली।**सनराइजर्स हैदराबाद के दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी एडेन माक्ररम का मानना है कि आईपीएल में अभिषेक शर्मा के बेहतरीन फॉर्म से उन्हें भविष्य में भारत के लिए खेलने में मदद मिलेगी। आईपीएल के मौजूदा सत्र में 200 के ऊपर के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए शर्मा ने 12 मैचों में 401 रन बनाए हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड के साथ मिलकर हाल ही में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 166 रन का लक्ष्य दस से भी कम ओवर में हासिल कर लिया था। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान माक्ररम ने पीटीआई वीडियो से कहा , अभिषेक ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने पिछले सत्रों में भी सकारात्मक संकेत दिए थे और इस सत्र के अपने प्रदर्शन से भविष्य में भारत के लिए खेल सकेगा। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम को लेकर चल रही बहस के बीच माक्ररम ने कहा कि टीम में अतिरिक्त बल्लेबाज के आने से टीमों को आक्रामक खेलने में मदद मिली है। उन्होंने कहा , जब आपके पास एक अतिरिक्त बल्लेबाज होता है तो आप अधिक आजादी के साथ खेल सकते हैं। पारी की शुरूआत से ही सलामी बल्लेबाज खुलकर खेल सकते हैं। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से यह सहूलियत मिली है और यह नए तरीके का टी20 क्रिकेट इस आईपीएल में देखने को मिला है।

## सनराइजर्स की नजरें प्लेआफ में जगह बनाने पर, प्रतिष्ठा के लिए खेलेगा गुजरात

**भाषा।** हैदराबाद



**प्रदर्शन** में निरंतरता नहीं रख पाने के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेआफ में जगह बनाने के लिए बृहस्पतिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ एक जीत की जरूरत है जबकि गुजरात की टीम प्रतिष्ठा के लिए ही खेलेगी। पैट कमिंस की टीम की नजरें हालांकि शीर्ष दो में जगह पक्की करने पर लगी है। उन्हें इसके बाद एक मैच और खेलना है और उनका नेट रनरेट भी प्लस 0.406 है। सनराइजर्स के 12 मैचों में 14 अंक है और वह अधिकतम 18 अंक हासिल कर सकती है जिससे शीर्ष दो में उसकी जगह पक्की हो जाएगी। इस मुकाबले से पहले सनराइजर्स को एक सप्ताह का ब्रेक मिला है जिससे वे तरोताजा होकर मैदान पर लौटेंगे। इसके अलावा आठ मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के बाद उसके हौसले वैसे भी बुलंद है। गेंदबाजों ने लखनऊ को कम स्कोर पर रोका तो ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने 166 रन का लक्ष्य दस विकेट बाकी रहते 9 . 4 ओवर में ही हासिल कर लिया। सनराइजर्स ने इस सत्र में जहां अविश्वसनीय स्कोर बनाए हैं तो शर्मनाक पराजय भी झेली है। गुजरात ने उसे टूर्नामेंट में सात विकेट से हराया था। पिछले पांच मैचों में से तीन में उसे पराजय झेलनी पड़ी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने उसे 35 रन से , चेन्नई सुपर किंग्स ने 78 और मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से हराया। 2016 की चैम्पियन टीम बल्लेबाजी में हेड और शर्मा पर बुरी तरह निर्भर है। उनके नाकाम रहने पर उसकी पारी लड़खड़ा जाती है लिहाजा नीतिश रेड्डी, हेनरिच क्लासेन और अब्दुल समद को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। दूसरी ओर 13 में से सिर्फ पांच मैच जीत सकी गुजरात के 11 अंक ही हैं और वह जीत के साथ विदा लेना चाहेगी। पूर्व कप्तान हार्दिक पंड्या के इस सत्र में मुंबई इंडियंस के पास लौटने के बाद गुजरात की टीम में संतुलन नजर नहीं आया। पंड्या ने 2022 की खिताबी जीत और पिछले साल फाइनल तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई थी। चोट के कारण मोहम्मद शमी के पूरे सत्र से बाहर होने का खामियाजा भी उसे भुगतना पड़ा। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पिछला मैच बारिश में धुल गया लेकिन गेंदबाजों ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहले तीन ओवर में तीन विकेट लेकर उम्मीद जगाई थी। बल्लेबाजी में कप्तान शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन पर एक बार फिर अच्छी शुरूआत देने की जिम्मेदारी होगी। डेविड मिलर इस सत्र में फॉर्म में नहीं दिखे लेकिन आखिरी मैच में वह उपयोगी पारी खेलना चाहेंगे।

## नीरज चोपड़ा ने तीन साल में पहले घरेलू टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता



**भुवनेश्वर।** ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने तीन साल में पहले घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हुए यहां फेडरेशन कप की पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में धीमी शुरुआत के बाद स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे 26 साल के सुपरस्टार को शुरु में थोड़ी परेशानी हुई जिससे वह तीन दौर के बाद दूसरे स्थान पर चल रहे थे। चौथे दौर में उन्होंने 82.27 मीटर के प्रयास से बढ़त हासिल की और उन्होंने अंतिम दौर में भाला नहीं फेंका क्योंकि रजत पदक जीतने वाले डीपी मनु अपना अंतिम थ्रो फेंक चुके थे।चोपड़ा ने अंतिम बार 17 मार्च 2021 में इसी टूर्नामेंट में घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जिसमें उन्होंने 87.80 मीटर के थ्रो से स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण जीता। फिर 2022 में डायमंड लीग चैम्पियन और 2023 में विश्व चैम्पियन बने। उन्होंने साथ ही चीन में एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक भी बरकरार रखा। चोपड़ा ने इसके अलावा डायमंड लीग के तीन चरण भी जीते और 2022 विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक प्राप्त किया। हालांकि वह अभी तक 90 मीटर का आंकड़ा नहीं छू पाए हैं। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ और राष्ट्रीय रिकॉर्ड 89.94 मीटर का है।

## टी20 विश्वकप में भारत के सामने टिक नहीं पाएगा पाकिस्तान

### आईसीसी टूर्नामेंट में भारत से खेलने के मामले में पाकिस्तान मानसिक रूप से पिछड़ जाता है: मिसबाह



**नई दिल्ली (भाषा।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिसबाह उल हक का मानना है कि अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में जब उनकी टीम का सामना भारत से होगा तो उसके लिए आगे निकलना मुश्किल होगा क्योंकि ऐसा लगता है कि आईसीसी प्रतियोगिताओं में चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ खेलने को लेकर उनकी टीम मानसिक रूप से पिछड़ जाती है। अमेरिका में एक जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के संभवत: सबसे बहुप्रतीक्षित लीग चरण के मैच में भारत और पाकिस्तान नौ जून को न्यूयॉर्क में भिड़ेंगे। भारत सात टी20 विश्व कप मुकाबलों में सिर्फ एक बार (2021 में) पाकिस्तान से हारा है।मिसबाह ने बुधवार को स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम पर कहा, जब विश्व कप में भारत से खेलने की बात आती है तो आप इसे पाकिस्तान का दुर्भाग्य या मानसिक अवरोध कहते हैं। पाकिस्तान को बहुत कुछ करने की आवश्यकता होगी क्योंकि यह एक मजबूत गेंदबाजी क्रम और दो अच्छे स्पिनरों के साथ एक बहुत ही कुशल भारतीय टीम है। उन्होंने कहा, भारत के पास (जसप्रीत) बुमराह, (मोहम्मद) सिराज और हार्दिक (पंड्या) जैसे स्तरीय तेज गेंदबाज हैं। भारतीय क्रिकेट टीम का स्तर कई गुना बढ़ गई है। मानसिक रवैया बहुत मायने रखता है और ऑस्ट्रेलिया मानसिक पक्ष को सबसे अच्छी तरह संभालता है। मिसबाह ने कहा कि उनके देश के खिलाफ कुछ यादगार पारियां खेलने वाले विराट कोहली एक बार फिर बड़ा खतरा होंगे, हालांकि मौजूदा आईपीएल में उनके स्ट्राइक रेट को लेकर काफी चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा, कोहली एक बड़ा कारक बनने जा रहे हैं। उन्होंने कई बार पाकिस्तान को नुकसान पहुंचाया है। उनका मानसिक रूप से पाकिस्तान पर दबदबा है। वह बड़े मौकों से प्रेरणा लेते हैं, दबाव नहीं। मिसबाह ने कहा, विराट कोहली का प्रभाव निश्चित रूप से होगा। वह एक शीर्ष स्तरीय क्रिकेटर है। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो आपको मैच जिता सकते हैं, स्ट्राइक रेट मायने नहीं रखता। अच्छे खिलाड़ी इन आलोचनाओं से प्रेरणा लेते हैं। मिसबाह अब भी 2007 में पहले टी20 विश्व कप फाइनल में भारत के खिलाफ गलत तरीके से मारे गए स्कूप

### आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को चुनौती देना चाहते हैं : स्कॉटलैंड के उप कप्तान क्रास

**बेंगलुरु।** स्कॉटलैंड को भले ही बड़े मुकाबलों में खेलने का अनुभव नही हो लेकिन उसके खिलाड़ियों मे आत्मविश्वास की कमी नही है और बुधवार को टीम के उप कप्तान मैथ्यू क्रॉस ने अगले महीने टी20 विश्व कप के दौरान इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया को चुनौती देने की उम्मीद जताई। विश्व कप में स्कॉटलैंड ग्रुप बी मे गत चैम्पियन इंग्लैंड, पूर्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया के अलावा साथी एसोसिएट देश ओमान और नामीबिया के साथ है। कर्नाटक का नंदिनी डेयरी ब्रांड विश्व कप मे स्कॉटलैंड और आयरलैंड टीम का प्रायोजक होगा। इसकी घोषणा के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के बाद ऑनलाइन बातचीत मे क्रास ने पीटीआई से कहा, हम इसमें जीतने के लिए खेलेंगे। हम दबाव मे नही है। हमारी टीम मे उन्हे चुनौती देने के लिए अच्छी प्रतिभाएं मौजूद है। तेज गेंदबाज क्रिस सोले को दुनिया भर की विभिन्न टी20 लीग मे खेलने का काफी अनुभव है। वह स्कॉटलैंड के वेस्टइंडीज की परिस्थितियों में खेलने के पूर्व अनुभव का फायदा उठाने की उम्मीद लगाए हैं।

### आयरलैंड की नजरें भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच पर

**बेंगलुरू।** आयरलैंड के बल्लेबाज लोर्कन टकर ने बुधवार को उम्मीद जताई कि वह पाकिस्तान के खिलाफ हालिया श्रृंखला मे अपने प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन के दम पर पांच जून को न्यूयॉर्क मे टी20 विश्व कप मैच मे अपने प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ ठोस प्रभाव डालेंगे।आयरलैंड ने डबलिन मे पहले टी20 मैच मे पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया लेकिन मेहमान टीम ने अगले दो मैच जीतकर श्रृंखला 2-। से जीत ली। विकेटकीपर बल्लेबाज टकर ने कहा कि एक जीत भी उनके कौशल और आत्मविश्वास का अच्छा प्रतिबिब है। उन्होने कहा, एक जीत भी अच्छी थी। पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला जीतना अच्छा होता लेकिन उस एक जीत ने हमें काफी आत्मविश्वास दिया है।

## नेपाल की अदालत ने लामिछाने को बलात्कार के आरोपों से बरी किया, टी20 विश्व कप में चयन के लिए उपलब्ध

**काठमांडू।** नेपाल के एक उच्च न्यायालय ने बुधवार को देश के स्टार क्रिकेट खिलाड़ी और राष्ट्रीय टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने को बलात्कार के आरोपों से बरी कर दिया जिससे वह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। देश के क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। पाटन उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों के पैनल ने काठमांडू जिला न्यायालय द्वारा लामिछाने को सुनाई गई सजा को खारिज कर दिया। तेइस वर्षीय लामिछाने को 2022 में बलात्कार का दोषी पाए जाने के बाद जिला अदालत ने आठ साल की सजा सुनाने के अलावा पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया था।नेपाल क्रिकेट संघ (सीएएन) के अध्यक्ष चतुर बहादुर चंद ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, पाटन के माननीय उच्च न्यायालय ने लामिछाने को निर्दोष पाया है और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से उनका निलंबन हटा दिया गया है। लेग स्पिनर लामिछाने ने अब तक नेपाल के लिए 51 वनडे और 52 टी20 मैच खेले हैं जिसमें उनके नाम क्रमश: 112 और 98 विकेट हैं। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए भी खेल चुके हैं। लामिछाने के बरी होने का मतलब है कि वह आगामी टी20 विश्व कप में नेपाल का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध होंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।